सुप्रभात
रांची, शनिवार
26.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 105




12 डेमचोक और डेप्सांग में भारत चीन के सैनिकों की वापसी शुरू

## न्यूज डायरी

### झारखंड में कई सीटों पर कांग्रेस-राजद आमने- सामने

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले ही इंडिया गठबंधन बिखरता नजर आ रहा है। बिश्रामपुर में राजद ने सबसे पहले प्रत्याशी की घोषणा की थी। फिर कांग्रेस ने भी इस सीट पर अपने प्रत्याशी को उतार दिया। वहीं अब छतरपुर और पांकी सीट पर राजद प्रत्याशी दे सकता है। राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि पार्टी आलाकमान से इस संबंध में अभी तक कोई निर्देश नहीं मिला है।

### देवघर से कामेश्वर निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव

**रांची।** सीट शेयरिंग को लेकर देवघर जदयू नेताओं-कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। पूर्व विधायक कामेश्वर दास ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान किया है। कामेश्वर दास ने कहा, देवघर की जनता का उन्हें अपार समर्थन प्राप्त है। इसबार भी वह देवघर से चुनाव लड़ना चाहते थे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 73800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 101000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# जामा से झामुमो ने लुईस को उतारा

## सीएम ने जनता को दी बधाई, दीदी को हूल जोहर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झामुमो ने जामा सीट का सस्पेंस खत्म करते हुए भाजपा से झामुमो में आयीं लुईस मरांडी को आखिरकार इस अहम सीट से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। जब से भाजपा छोड़ श्रीमती मरांडी ने झामुमो का दामन थामा है तभी से चर्चा थी कि पार्टी उन्हें जामा सीट से अपना उम्मीदवार बनायेगी। जामा में अब झामुमो की लुईस मरांडी का मुकाबला भाजपा के सुरेश मुर्मू से होगा।

**सीएम ने जामा की जनता को दी बधाई :** वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने अपने एक्स हैंडल पर कहा कि जामा विधानसभा के सभी अगुआ साथियों ने बड़ी बहन लुईस मरांडीजी के नेतृत्व जामा विधानसभा जीतने का प्रण लिया। जामा विधानसभा की महान जनता को एक अनुभवी नेतृत्व मिलने की बधाई।

**झामुमो की अहम सीट है जाम :** जामा सीट झामुमो के लिए खास मायने रखती है। इस सीट पर शिबू सोरेन के बड़े बेटे और हेमंत सोरेन के बड़े भाई दुर्गा सोरेन चुनाव लड़ा करते थे। उनके निधन के बाद हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन ने इस सीट पर झामुमो के टिकट से चुनाव लड़ा और विधायक बनीं।

(शेष पेज 11 पर)

## पहले चरण के अंतिम दिन चुनावी मैदान में कूदे कई दिग्गज

# हिमंता-सुदेश ने कहा, पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को सिल्ली से सुदेश महतो, सरायकेला से पूर्व सीएम व भाजपा नेता चंपई सोरेन, गोमिया सीट से झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो, बोकारो से विरंची नारायण , धनबाद से राज सिन्हा ( भाजपा ) ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं पलामू से राधाकृष्ण किशोर, लाल सूरज, शिवपूजन, एम तौसीफ, ब्रह्मदेव, ममता, चंचला, बरही से कांग्रेस ने अरुण साहू समेत विभिन्न सीटों से सैकड़ों नेताओं ने अपने-अपने पर्चे भरे। सभी प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी तीत के दावे किये। 28 को स्क्रूटनी और 30 को नाम वापसी की अंतिम तिथि है।

**यह झारखंड की अस्तिा की लड़ाई : सुदेश :** नामांकन के बाद आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा, जनता का प्यार, स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करने और सिल्ली विधानसभा को विकसित बनाने के संकल्प के साथ नामांकन किया है। यह चुनाव झारखंड की अस्मिता और भविष्य के लिए अहम है। एनडीए अपनी एकजुटता से राज्य को विकास पथ पर लेकर जाने के लिए प्रतिबद्ध है। समर्थकों की भीड़ देखकर सुदेश ने विक्ट्री साइन दिखाया। श्री महतो के साथ उनकी पत्नी, दोनों बेटी के अलावा विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के सीएम हिमंता विश्व सरमा भी थे। (शेष पेज 11 पर)

### पूरे झारखंड में भाजपा की लहर : चंपई सोरेन

सरायकेला सीट से नामांकन के बाद चंपाई सोरेन ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र और पूरे झारखंड में भाजपा की लहर है। एनडीए की सरकार बननी तय है। सीएम का चेहरा घोषित करना पार्टी का काम है। बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने के मुद्दे पर भाजपा को पूर्ण बहुमत प्राप्त होगा। उन्हांने कहा कि भाजपा ही आदिवासियों की हितैषी पार्टी है। निश्चित तौर पर भाजपा झारखंड में पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। यहां उन्हें झामुमों के गणेश महली चुनौती देंगे

## मधु कोड़ा नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

### सुप्रीम कोर्ट से भी याचिका खारिज की

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कोयला खदान घोटाले में दोषसिद्धि को निलंबित करने की झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा की याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मधुकोड़ा ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर की याचिका में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए शीर्ष अदालत से राहत देने की गुहार लगायी थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि दोषसिद्धि पर रोक को साधारण परिस्थितियों में अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि इसके लिए कई कारकों पर विचार किया जाना है। पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें कोड़ा की याचिका खारिज कर दी गयी थी। पूर्व मुख्यमंत्री को वर्ष 2017 में झारखंड स्थित कोयला खदान के आवंटन में भ्रष्टाचार और साजिश का दोषी ठहराया गया था और तीन साल की कैद की सजा सुनायी गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

## टेंपो में मिला 138 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई।** पुणे के सहकार नगर इलाके में नाकाबंदी के दौरान एक टेंपो से 138 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। इस मामले की छानबीन आयकर विभाग की टीम और चुनाव आयोग की टीम कर रही है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस शुक्रवार को सहकार नगर इलाके में नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध टेंपो दिखने पर उसे रोक गया और टेंपो की तलाश ली गयी। टेंपो की तलाश के दौरान 138 करोड़ रुपये का सोना मिला। पुलिस ने सोना को जब्त कर लिया और इसकी सूचना तत्काल चुनाव आयोग और आयकर विभाग को दी गई है। मामले की गहन छानबीन की जा रही है।

## दो करोड़ नहीं दे सका, कांग्रेस ने टिकट काटा: अकेला

### बरही से ही सपा टिकट पर चुनाव लड़ने की घोषणा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बरही के कांग्री विधायक उमा शंकर अकेला का पार्टी ने इस बार टिकट काट दिया। इससे नाराज होकर उन्होंने पार्टी छोड़ दी है और समाजवादी पार्टी में चले गये। सपा के टिकट पर बरही से ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। साथ ही श्री अकेला ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में टिकट बंटवारे में पैसे का खेल चला है। उमाशंकर अकेला ने कहा, मुझसे दो करोड़ मांगे गये थे। पैसे नहीं देने पर मेरा टिकट काट दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अंदर ईमानदार नेताओं को तरजीह नहीं दी जा रही है। आज बरही से ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया गया जो कभी कांग्रेस में नहीं रहा है। कांग्रेस में उनके जैसे नेताओं को अपमानित किया जा रहा है। वे दो करोड़ नहीं दे सके जिस कारण टिकट नहीं दिया गया। उमा शंकर ने कहा कि उन्हें लगातार अपमानित किया जाता रहा। इस मौके पर सपा के झारखंड प्रभारी व्यास जी गौंड ने कहा है कि पार्टी में भी कई धमाके होंगे। कई लोग सपा में शामिल होने वाले है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव उर्फ रंजन यादव ने बताया कि झारखंड में सपा के बिना सहयोग के बिना सरकार नहीं बनेगी।

## दो व्यवसायियों के यहां आइटी की रेड

**गिरिडीह।** आयकर विभाग (आईटी) की टीम ने चुनावी माहौल में शहर के दो व्यवसायियों के ठिकानों पर दबिश दी है। आइटी की रांची टीम शुक्रवार सुबह से गिरिडीह के किताब-कॉपी के कारोबारी मनीष बर्णवाल उर्फ मिंटू के बरगंडा स्थित आवास पर छापेमारी कर रही है। मनीष बर्णवाल उर्फ मिंटू की शहर के जेपी चौक पर शारदा भवन नामक किताब-कॉपी की दुकान है। वहीं दूसरी टीम गिरिडीह औद्योगिक क्षेत्र स्थित राकेश बर्णवाल की शैलपुत्री स्टील नामक फैक्ट्री व उनके आवास पर छापेमारी कर रही है। खबरों के अनुसार छापामारी देर रात तक जारी थी।



## नकारात्मक सोच पर बने गठबंधन से सकारात्मक परिणाम की उम्मीद नहीं

# सत्ता के लालच में इंडी गठबंधन में बढ़ रही है आंतरिक दरार : भाजपा

**चुनावी महासंग्राम**

- सीता सोरेन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के लिए कांग्रेस और झामुमो को माफी मांगनी चाहिए



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने विपक्षी गठबंधन में बढ़ती आंतरिक दरारों पर गंभीर प्रश्न उठाये हैं। श्री शाह शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन केवल नकारात्मक उद्देश्य से बना था। इसमें शामिल दलों के भीतर सत्ता की लालसा बढ़ रही है। वैसे-वैसे इनके बीच के मतभेद भी गहराते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के लिए कांग्रेस और झामुमो को माफी मांगनी चाहिये। उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस पार्टी पर पैसे से बिकने का आरोप लगाया है। इसे संज्ञान लेकर चुनाव आयोग को विधि सम्मत कार्रवाई करनी चाहिये।

हाल ही में मुख्यमंत्री पद के रोटेशनल फॉमूर्ले को लेकर भी झामुमो और कांग्रेस में मतभेद उभरे हैं। अब विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भी इनके बीच की खाई बढ़ती दिखाई दे रही है। उन्होंने लिट्टीपाड़ा के विधायक दिनेश विलियम मरांडी का उल्लेख करते हुये कहा कि उनका आक्रोश केवल उनका व्यक्तिगत मामला नहीं है। बल्कि यह पूरे झामुमो के कार्यकर्ताओं की भावनाओं को व्यक्त करता है। इस अवसर पर तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के बयान पर झामुमो दे स्पष्टीकरण : प्रदीप सिन्हा



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने झामुमो पर बड़ा हमला बोला है। श्री सिन्हा ने सोरेन परिवार की बड़ी बहू और भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ इरफान अंसारी के बयान को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन कभी झामुमो की नेता हुआ करती थीं। वह सोरेन परिवार की बड़ी बहू हैं। उनके लिए जिस तरह से अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया गया, क्या इसी तरह का बयान दूसरी बहू कल्पना सोरेन पर इरफान अंसारी देते तो क्या झामुमो चुप रहता, क्या सोरेन परिवार इरफान अंसारी के इस बयान का खंडन करेगा। उन्होंने कहा कि उनका बयान महिलाओं और लड़कियों के बारे में उनकी मानसिकता को उजागर करता है। उनके द्वारा कही गई बात सड़क छाप भाषा है।

उन्होंने कहा कि झामुमो को इरफान अंसारी के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिये। साथ ही चुनाव आयोग को भी इस बयान का संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि चुनाव में उनके चेहरे को एक्सपोज करेंगे कि किस तरह से वे महिला विरोधी हैं।

# इरफान अंसारी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**कांग्रेस नेता इरफान अंसारी के बिगड़े बोल पर राजनीति गरमायी**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचकर जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। भाजपा ने ज्ञापन देकर मांग की कि विधानसभा चुनाव तक इरफान अंसारी को राज्य बदर कर दिया जाये। उनके खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज करने का आदेश दिया जाये। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि सीता सोरेन एक अनुसूचित जन जाति और विधवा महिला हैं। किसी विधवा महिला को रिजेक्टेड माल कहकर संबोधित करना न सिर्फ आदिवासियों का अपमान है बल्कि राज्य की सभी विधवा महिलाओं का अपमान है। आदिवासी महिला के बारे में कांग्रेस पार्टी की क्या सोच है वो अब जग जाहिर हो चुकी है। प्रतिनिधिमंडल में लक्ष्मी पात्रो शामिल थी।

## इरफान अंसारी को गठबंधन से बाहर करें हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विश्वसनीय माने जाने वाले कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के बारे में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर सारी मर्यादायें लांघ दी है। उन्होंने कहा कि जब से सीता सोरेन ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है तबसे झामुमो और कांग्रेस के नेताओं द्वारा उनपर व्यक्तिगत हमले किये जा रहे हैं। भाजपा इन हमलों का जवाब देने में सक्षम है लेकिन, राज्य के मुख्यमंत्री होने के नाते क्या यह हेमंत सोरेन की जिम्मेदारी नहीं बनती कि झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता दुर्गा सोरेन की धर्मपत्नी के प्रति इस तरह की अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने वाले को आप अपने गठबंधन से बाहर करे।

## शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर डीजीपी ने पड़ोसी राज्यों संग की बैठक

# खुफिया सूचना देने, नक्सल व अवैध गतिविधि रोकने पर चर्चा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पांच राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की। बैठक में बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओड़िशा और यूपी के पुलिस अधिकारी शामिल हुए। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई थी। इस बैठक में खुफिया जानकारी को सही समय पर साझा करने की सहमति बनी। वामपंथी उग्रवाद को लेकर की जा रही कार्रवाई, सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर आपसी सहयोग, अवैध शराब, नशीले पदार्थ की तस्करी एवं नकदी की अवैध आवाजाही पर प्रभावी रोकथाम, सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों और अपराधी तत्वों की गतिविधियों पर नकेल कसने और सभी स्तरों पर अंतर्राज्यीय समन्वय बैठकों के लिए तंत्र की कार्य योजना पर चर्चा की गयी।

### संयुक्त अभियान चलाने की दी जानकारी

**नक्सलियों पर शिकंजा कसने पर दिया गया जोर**

डीजीपी अजय कुमार ने ओड़िशा, छत्तीसगढ़, बिहार, प. बंगाल एवं उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सीमा क्षेत्रों पर उग्रवादियों के भ्रमण और संदिग्ध गतिविधियों को अपने आसपास के थाना क्षेत्रों से साझा करने एवं सूचना-तंत्र को और मजबूत करने के लिए सुझाव दिए। वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए राज्य की सीमावर्ती क्षेत्रों पर संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान और सर्च ऑपरेशन चलाने, सीमावर्ती नक्सल क्षेत्रों में चरण-बद्ध तरीके से नक्सलियों के खात्मे की सूची उपलब्ध कराते हुए संयुक्त अभियान चलाने संबंधी जानकारी दी गई। विशेष तौर पर छत्तीसगढ़ के सीमा क्षेत्र पर अवस्थित पिछले तीन दशकों से हिंसक नक्सली वारदातों को अंजाम देने वाले एवं शीर्ष माओवादी नेताओं की शरण स्थली रहे बूढ़ा पहाड़ पर, ओड़िशा सीमा पर सारंडा वन क्षेत्र में नक्सलियों पर शिकंजा कसने के लिए संयुक्त अभियान चलाने की बात की गयी।

### हथियार, विस्फोटक और धन के अवैध आवाजाही पर रोकथाम

आईजी अभियान एवी होमकर विशेष रूप से सभी एसपी को अपनी सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए ज्यादा से ज्यादा मात्रा में अवैध कैश, मादक पदार्थों, हथियार,शराब को जब्त करने और अंतरराज्यीय परिवहन से समन्वय स्थापित करने का अनुरोध किया. नकली नोट, हथियार, विस्फोटक और धन पर रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए जाने पर बल दिया गया।

# कांग्रेस में टिकट बिक्री की रही है परंपरा : हिमंता बिस्वा सरमा

- असम के सीएम ने कहा- हर राज्य में कांग्रेस की 100 सीट में 20 सीटों को बेचा जाता है, उमाशंकर ने जो बताया वह नया नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** असम के सीएम हिमंता बिश्वा सरमा ने कहा है कि कांग्रेस में टिकट बिक्री की परंपरा रही है। उन्होंने बरही से विधायक उमाशंकर अकेला के 2 करोड़ रुपये लेकर टिकट देने के आरोप वाले बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैं भी एक समय कांग्रेस में था। कांग्रेस में अगर एक स्टेट में 100 सीट होता है तो 20 सीट बिकता है। यह उनका पुरानी परंपरा है। उमा शंकर अकेला ने जो बताया वह कोई नयी बात नहीं है। हर राज्य में हमलोग देखते हैं कि कांग्रेस 20 प्रतिशत सीट बेचती है। मीर साहब पर कोई व्यक्तिगत आरोप लगाने से कोई फायदा नहीं है। यह कांग्रेस का सिस्टम है कि वे 20 प्रतिशत सीट बेच देते हैं। बागी उम्मीदवार वाले सवाल पर उन्होंने कहा कि हर कोई चाहता है कि वह चुनाव लड़े और इसी को देखते हुये उनके द्वारा नामांकन भी किया जाता है लेकिन नामांकन वापसी की तारीख तक इन्हें मनाया भी जाता है। उन्होंने कहा कि एनडीए की ओर से प्रत्येक सीट पर 1-1 प्रत्याशी खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सीट पर 2-2, 3-3 उम्मीदवार खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए की जीत तय है। झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड को घुसपैठियों से बचाना है। असम की हालत भी इसी तरह के थे। 20 प्रतिशत मुसलमानों की संख्या बढ़ते-बढ़ते घुसपैठियों की संख्या 45 प्रतिशत हो गयी। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की जनसांख्यिकी बदल रही है।

## कांग्रेस में रहते हुए कितने में व कितनी बार बिके थे हिमंता : लाल किशोर नाथ शाहदेव



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस पार्टी में 20 प्रतिशत टिकट ऑनलाइन बेच दिया जाता है मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा के इस बयान पर पलटवार करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए कहा है कि जब वह कांग्रेस पार्टी में थे तब उन्होंने कितना पैसा ऑनलाइन देकर टिकट खरीदा था। झारखण्ड की जनता जानना चाहती है अगर ऑनलाइन खरीदा था तो उस रसीद को भी उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा असम के मुख्यमंत्री को झारखंड की सरकार को अस्थिर करने का जिम्मा पिछले वर्षों में सौंपा गया था जिसमें वे असफल रहे थे। सरकार तोड़ने की उनकी हर कोशिश को झारखंड की जनता ने नाकाम किया था। वर्तमान चुनाव के दौरान भी गठबंधन के कई नेताओं को तोड़ने की कोशिश में वह जरुर सफल रहे हैं। इसके बावजूद जो विश्वास जनता का उन्हें हासिल होना चाहिए था वहां पर उन्हें घोर निराशा हाथ लगी है जिससे हताश और निराश मुख्यमंत्री झारखंड के सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं सामाजिक ताना-बाना पर हमला कर रहे हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि हेमंता विश्वा सरमा कभी घुसपैठिया, कभी एनआरसी और अब हिंदू मुसलमान की बात करके नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। पिछले दिनों उनका बयान अगर हिंदू रहेगा तो झारखंड रहेगा घोर आपत्तिजनक है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी चुनाव आयोग से इस पर संज्ञान लेने की अपील करती है और मांग करती है कि असम के मुख्यमंत्री को झारखंड प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए साथ ही साथ असम के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया जाए।

## मोदी-शाह-नड्डा समेत भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों के नाम जारी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए भाजपा ने मोदी-शाह-नड्डा समेत 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। सूची में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, हिमंता बिस्वा सरमा, योगी आदित्यनाथ, बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी, लक्ष्मीकांत बाजपेयी, रवींद्र राय, धर्मेंद्र प्रधान, मोहन यादव, स्मृति ईरानी, नायब सिंह सैनी, मोहन चरण मांझी, विष्णु देव साई, अर्जुन मुंडा, नित्यानंद राय, केशव प्रसाद मौर्य, सम्राट चौधरी, अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, चंपई सोरेन, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, करिया मुंडा, दीपक प्रकाश, बिद्युत वरण महतो, निशिकांत दूबे, ढुल्लू महतो, सुवेंदु अधिकारी, आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सीता सोरेन, रामचंद्र चन्द्रवंशी, मनोज सिंह और घूरन राम का नाम शामिल है।

## एमएस धोनी वोटरों को करेंगे जागरूक



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में क्रिकेट स्टार महेंद्र सिंह धोनी ब्रांड स्वीप एक्टिविटी में मतदाताओं को जागरूक करेंगे। वोटर अवेयरनेस को बढ़ावा देने के लिये धोनी चुनाव में काम करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इसकी जानकारी दी है। दरअसल चुनाव आयोग ने झारखंड में स्वीप एक्टिविटी में शामिल होने का निमंत्रण दिया था। इसपर धोनी ने अपनी तस्वीर को इस्तेमाल करने की सहमति दे दी है।

**पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड मामला**

## पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में आरोपी झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। संजीत सिंह की ओर से जेल में साढ़े 7 साल से अधिक समय बिताए जाने की अवधि को देखते हुए एवं मामले के सह अभियुक्त को कोर्ट से जमानत देने का आधार बनाते हुए जमानत का आग्रह किया गया है।

**11 अप्रैल 2017 से जेल में हैं पूर्व विधायक :** नीरज की हत्या के मामले में संजीव सिंह 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद है। इससे पूर्व भी हाईकोर्ट से संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी। 21 मार्च 2017 को सरायढेला में नीरज सिंह समेत चार की हत्या हुई थी। 23 मार्च 2017 को सरायढेला थाना में नीरज के भाई अभिषेक सिंह की लिखित शिकायत पर संजीव सिंह, मनीष सिंह, पिंटू सिंह, महंत पांडेय और गया प्रताप सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

## झारखंड में दोबारा बनेगी इंडी अलायंस की सरकार, प्रत्याशियों ने भरा पर्चा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 नामांकन का प्रथम चरण के अंतिम दिन इंडी अलायंस के कांग्रेस प्रत्याशी बरही से अरूण साहू, कांके से सुरेश कुमार बैठा, पांकी से लाल सूरज, विश्रामपुर से सुधीर चंद्रवंशी, छतरपुर से राधा कृष्ण किशोर ने नामांकन दाखिल किया।

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों ने अपने हजारों समर्थकों के साथ नामांकन किया। सभा में उपस्थित कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं आमजनों के उत्साह से यह कहा जा सकता है कि सभी प्रत्याशी भारी मतों से चुनाव जीतेंगे और झारखंड में इंडिया अलायंस के लोकप्रिय सरकार दोबारा बनेगी। श्री शाहदेव ने कहा कि प्रथम चरण के नामांकन के बाद पार्टी द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान एवं चुनावी सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस के नेताओं के साथ-साथ एलाइंस पार्टनर के नेता भी सभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कई बैठक कर चुनावी रणनीति को अंजाम दिया।

श्री शाहदेव ने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए शनिवार को तमिलनाडु के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक श्री के. सेलवापेरूणथागई अपराह्न 12:50 बजे रांची पहुंच रहे हैं।

## भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ मंत्री इरफान अंसारी के अभद्र टिप्पणी पर भाजपा लाल

# बिगड़े बोल तक पहुंचा राजनीतिक दलों की जोर आजमाइश

- इंडी गठबंधन भाजपा को पूंजीपतियों की पार्टी बता रहा, वहीं एनडीए सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण देने का लगा रहा आरोप
- विधायक उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी पर दो-दो करोड़ में पार्टी का टिकट बेचने का बड़ा आरोप लगाया





उदय चौहान

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में अब दलों ने मर्यादा का आवरण छोड़ दिया है। पहले दौर के नामांकन के बाद अब पार्टियों के आरोप-प्रत्यारोप का दौर उनके बिगड़े बोल तक पहुंच गया है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आयेगा वैसे-वैसे पार्टियों के आचरण में भी कटुता का संचार हो सकता है। इंडी गठबंधन के नेता जहां भाजपा को पूंजीपतियों की पार्टी बता रही है वहीं, एनडीए नेता राज्य सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण देने का आरोप लगा रही है।

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह सीएम हेमंत सोरेन कहा है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में हमारी लड़ाई पूंजीपतियों के साथ है। इसमें एक तरफ भाजपा तो दूसरी तरफ आदिवासी, दलित, पिछड़ा, गरीब, किसान और मजदूरों की सरकार है जबकि, मंत्री सह सत्तारूढ़ घटक कांग्रेस के जामताड़ा प्रत्याशी इरफान अंसारी ने भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। श्री अंसारी ने सीता सोरेन को रिजेक्टेड माल तक कह दिया। इस पर भाजपा लाल-पीला है। भाजपा ने पूरे प्रकरण पर चुनाव आयोग से संज्ञान लेकर विधिसम्मत कार्रवाई करने का आग्रह किया है। साथ ही, झामुमो से इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

इस पर झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा है कि लोकतंत्र में अमर्यादित टिप्पणी की कोई जगह नहीं है। उन्होंने इरफान अंसारी से पूरे प्रकरण पर सफाई देने की मांग भी की है। दरअसल, इरफान अंसारी ने नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत के क्रम में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इरफान अंसारी ने उनको बोरो खिलाड़ी बताते हुए अमर्यादित बात कही थी। इसी मसले पर राजनीति गरमाई हुई है।

बता दें कि सीता सोरेन हमेशा से जामा सीट से चुनाव लड़ती आ रही हैं। इसबार भाजपा ने उन्हें जामताड़ा में इरफान अंसारी के खिलाफ मैदान में उतारा है।

इधर, विधायक उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी पर दो-दो करोड़ में पार्टी का टिकट बेचने का बड़ा आरोप लगाया है। इस पर असम के सीएम हिमंता बिश्व सरमा ने कहा है कि कांग्रेस की पुरानी परंपरा में टिकट बेचना रहा है। श्री सरमा के बयान पर कांग्रेस पार्टी ने भी गंभीर आरोप लगाया है। सत्तारूढ़ दलों का कहना है कि भाजपा ने आदिवासी मुख्यमंत्री की सरकार को गिराने के लिये पूरे पांच साल प्रयास किया गया। जब नहीं गिरी तो जेल तक भेज दिया। राज्य में जब भाजपा की डबल इंजन की सरकार थी, तब अत्याचार और दंगे हो रहे थे। बेरोजगारों की फौज खड़ी थी। अब विकास हो रहा है, तो इन्हें पच नहीं रहा है। हेमंत सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को इशारा करते हुये कहा कि हमारे कुछ नेताओं को भाजपा पैसे के बल पर खरीदने का काम कर रही है। हमारे जो नेता उनके पाले में जाने को तैयार नहीं हो रहे हैं, उन्हें सीबीआई और ईडी का डर दिखा रही है।

### बांग्लोदशी घुसपैठियों को लेकर दोनों पक्षों में झकझूमर

संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे को लेकर राजग और इंडिया गठबंधन में जोर आजमाइस चल रही है। राजग ने राज्य सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। तुष्टिकरण की नीति के कारण देश की संप्रभुता से इंडिया गठबंधन खेल रहा है। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड में इस बार का विधानसभा चुनाव बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाने के लिए हो रहा है। यहां की डेमोग्राफी प्रत्येक दिन बदलने की बात कही जा रही है। संथाल परगना में प्रत्येक दिन हिन्दू समुदाय की आबादी कम होने और मुस्लिम समुदाय की आबादी बढ़ने का आरोप लगाया गया है। राजग के इस आरोप को हाइकोर्ट के उस कथन से भी बल मिला, जिसमें कहा गया था कि संथालपरगना की डेमोग्राफी बदल रही है। गौरतलब है कि पहले दौर के नामांकन खत्म होते ही दोनों गठबंधनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। चुनाव में देखने से लेकर पटक देने की बात कही जा रही है। देखना दिलचस्प होगा कि चुनाव के नजदीक आते दलों के नेताओं का आचरण किस कदर रंग बदलता है।

सुप्रभात

शनिवार 26.10.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 187

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



## सिंदरी की जनता के सुख दुःख में साथ रहेंगे : बबलू महतो

- चेम्बर के सदस्यों ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को माला पहनाकर किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** सिंदरी के जयहिंद मोड़ स्थित भाकपा माले पार्टी कार्यालय में सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो ने कहा कि सिंदरी की जनता के सुख दुःख में साथ थे और रहेंगे। इसके पूर्व शहरपुरा बाजार में ने मनजीत सिंह उप्पल के नेतृत्व में भुँजा मोड़ पर प्रत्याशी को माला पहनाकर स्वागत किया।

प्रत्याशी चंद्रदेव महतो ने कहा कि व्यवसायी वर्ग के सवालों को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। कहा कि आवासों के लिए स्थायी लीज की व्यवस्था की जाएगी। बिजली की लचर व्यवस्था से निजात दिलाने में कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे। पार्टी कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें इंडिया गठबंधन के नेताओं ने भाजपा को हर हाल में हराने पर मंथन किया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार बनाकर झारखंड की खनिज संपदा को कारपोरेट घरानों के हाथ में गिरवी रखकर लूटने की तैयारी में है।

बैठक में राजद सिंदरी नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव, कांग्रेस सिंदरी अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, पूर्णेन्दु कुमार, भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य सुरेश प्रसाद, जिला कमेटी सदस्य कृष्ण प्रसाद, सुभाष मंडल, विमल रवानी, सागर मंडल, सुधीर महतो, संजू वर्मा, अजीत मंडल, नुनुलाल टुडू, छोटन चटर्जी, राजीव मुखर्जी, मंगल महतो, अमर सिंह, बिरंची महतो, सोहन सोरेन, मनजीत सिंह उप्पल, शैलेश वर्मा, पन्नुलाल यादव, सिंदरी चेम्बर कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया, कृष्णा अग्रवाल, सिंदरी चेम्बर महासचिव संजय प्रसाद, सचिव राकेश सोनी, मृतुन्जय प्रसाद, धन्नजय कुमार, पुरुषोत्तम अग्रवाल, महेश्वर तिवारी, सौरभ, विपिन मंडल मौजूद थे।

## ट्रिपल ए से मुक्ति चाहते हैं निरसा क्षेत्र के लोग: विजय

### समाजवादी पार्टी के टिकट पर 28 अक्टूबर को करेंगे नामांकन

- बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने पर प्राथमिकता
- लोगों को 24 घंटे निर्बाध निःशुल्क बिजली
- पानी, सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की समुचित व्यवस्था

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** निरसा विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार निरसा मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि ट्रिपल ए के कारण निरसा का विकास अवरुद्ध है। नया निरसा निर्माण के लिए युवाओं के आग्रह पर निरसा सीट से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। कभी दूसरे राज्य के लोगों को रोजगार देने वाला निरसा विधानसभा क्षेत्र के युवा बेरोजगारी की मार झेलने के लिए बाध्य हैं। रोजगार नहीं मिलने के कारण क्षेत्र के युवा दूसरे राज्यों में पलायन को विवश हैं। शुक्रवार को अग्रसेन भवन में प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि निरसा के नेताओं ने हमेशा आंदोलन को अपने फायदे के लिए बेचने का काम किया। यहां की कंपनियों एवं आउटसोर्सिंग में स्थानीय युवकों को रोजगार नहीं मिल रहा। कहा कि उनका पहला प्रयास बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने का होगा। लोगों को 24 घंटे निर्बाध निःशुल्क बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की समुचित व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि वह 28 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी के टिकट पर निरसा विधानसभा सीट से नामांकन करेंगे। युवाओं की टोली उनके साथ है। मौके पर ब्रह्मदेव यादव, रंजीत शाही, कर्मवीर यादव, अमरीक सिंह डांग, रंजीत पासवान, गजाधर यादव, रामस्वरूप यादव, मिथिलेश यादव, रामाशीष यादव आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### महेश मुंडा चेकपोस्ट पर दो वाहनों से लाखों रुपये बरामद

**नाला (जामताड़ा)।** नाला थाना क्षेत्र के महेशमुंडा पोस्ट पर शुक्रवार को एक मोटरसाइकिल एवं एक चार चक्का वाहन से लाखों रुपये बरामद किये गए। ज्ञात हो कि महेशमुंडा चेकपोस्ट पर मोटरसाइकिल से 99,900 एवं एक चार चक्का वाहन से 1,30,320 रुपये बरामद किये गए। यह बरामदगी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग के दौरान महेशमुंडा चेकपोस्ट पर हुई। इस संबंध में जानकारी देते हुए नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने कहा कि महेशमुंडा चेकपोस्ट पर दो वाहनों से कुल 2,30,220 रुपये बरामद किये गए हैं। जांच के लिए जिला स्क्रीनिंग कमेटी को सुपुर्द किया जाएगा, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर नाला थाना एएसआई संजय गहलोत, एसएसटी साधन घोष, एफएसटी नयन कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

### राजकुमार दास भाजपा में हुए शामिल

**कतरास।** ईस्ट कतरास निवासी राजकुमार दास अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल, दो रेफर

**जामताड़ा।** करमाटांड नारायणपुर मुख्य मार्ग के नारायणपुर थाना क्षेत्र के लोहारंगी गांव के समीप शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे सड़क दुर्घटना में 2 लोग घायल हो गए, जबकि एक को हल्की-फूल्की चोट आई है। बता दें कि करमाटांड थाना क्षेत्र के रतनूडीह निवासी 35 वर्षीय जमूना सिंह, नारायणपुर थाना क्षेत्र के चिरूडीह निवासी 30 वर्षीय झुलन राय एवं कालीपुर निवासी 32 वर्षीय राजीव शर्मा नारायणपुर की ओर से अपने घर बाइक से जा रहे थे। तभी थाना क्षेत्र के लोहारंगी गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें धक्का मार दिया, जिसमें बाइक सवार जमूना सिंह एवं झुलन राय घायल हो गए। राजीव सिंह को हल्की-फुल्की चोट आने के बाद वह बाइक लेकर पतरोडीह गांव चला गया। वहीं इस घटना के बाद दोनों घायलों का इलाज सीएचसी नारायणपुर में किए जाने के बाद उसे चिकित्सकों ने जामताड़ा रेफर कर दिया।

## धनबाद व सिंदरी सीट के भाजपा उम्मीदवारों ने किया नामांकन

# राज सिन्हा व तारा देवी के समर्थकों की उमड़ी भीड़

- 13 प्रत्याशियों ने खरीदा पर्चा
- शनिवार व रविवार को बंद रहेगा नामांकन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** विधानसभा चुनाव के नामांकन के चौथे दिन शुक्रवार को समर्थकों व पूरे लाव लश्कर के साथ धनबाद विधानसभा सीट के उम्मीदवार राज सिन्हा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पहले घर से निकलने के बाद जगह जगह कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। श्री सिन्हा, पूर्व सांसद पीएन सिंह के साथ समाहरणालय पहुंचे और एसडीएम राजेश कुमार को पर्चा सौंपा।

इसके आलावा सिंदरी विधानसभा सीट की भाजपा प्रत्याशी तारा देवी भी अपने निवास स्थान बलियापुर से समाहरणालय पहुंची। उन्होंने सांसद ढुल्लू महतो के साथ अपर समाहर्ता विनोद कुमार को नामांकन का पर्चा सौंपा। कार्यकर्ताओं ने राज सिन्हा व तारा देवी के समर्थन में नारे लगाये। बारिश के बाद भी कार्यकर्ता मेमको मोड़ में जमे रहे। पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रही। चौथे दिन आज कुल 13 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा, जिसमें सिंदरी विधानसभा सीट के लिए सामान्य वर्ग के 2 व अनुसूचित जाति-जनजाति का एक, निरसा के लिए सामान्य वर्ग व अनुसूचित जाति-जनजाति के एक-एक, धनबाद विधानसभा सीट के लिए सामान्य वर्ग के 2, झरिया विधानसभा सीट के लिए सामान्य वर्ग से 2, टुंडी के लिए सामान्य वर्ग व अनुसूचित जाति- जनजाति के एक-एक तथा बाघमारा विधानसभा सीट के लिए सामान्य वर्ग से 2 उम्मीदवार शामिल थे।

### 6 सीटों पर जीतेगी भाजपा : पीएन सिंह

धनबाद के पूर्व सांसद पीएन सिंह ने कहा कि धनबाद की सभी 6 सीटों पर बीजेपी जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा धनबाद और सिंदरी सीट के लिए आज राज सिन्हा और तारा देवी ने अपना नामांकन किया। ये दोनों सीटों पर बीजेपी क्लीन स्विप करेगी।

### विपक्ष को नहीं मिल रहा उम्मीदवार : राज सिन्हा

धनबाद सीट के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने कहा कि जनता के अपार प्यार और कार्यकर्ताओं के उत्साह की बदौलत वह चौथी बार चुनाव मैदान में हैं। विपक्ष को धनबाद सीट पर मुझे वॉक ओवर दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत पांच वर्षों में विकास का एक काम भी धनबाद में नहीं हुआ है। धनबाद में हत्या, एक्सटॉर्शन के साथ आर्थिक अपराध हावी है। डबल इंजन की सरकार ही पूर्ण विकास कर सकती है।

### पति के अधूरे सपने को करूंगी पूरा: तारा देवी

सिंदरी विधानसभा सीट की उम्मीदवार तारा देवी ने कहा कि आप सभी को पता है कि पिछले चुनाव में मेरे पति इंद्रजीत महतो उम्मीदवार थे। लेकिन गंभीर बीमारी की वजह से वहे पिछले चार साल से इलाजरत हैं। उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए वह जनता के बीच आयी हैं।

### भाजपा सबकों साथ लेकर चलती है : ढुल्लू

सिंदरी विधानसभा सीट के उम्मीदवार के साथ पहुंचे सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि भाजपा हर धर्म और समाज के लोगो को साथ लेकर चलती है। सबका साथ और सबका विकास नारे के साथ काम करती है। उन्होंने कहा कि सिंदरी विधानसभा सीट तारा देवी प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगी।

**शनिवार व रविवार को नहीं होगा नामांकनः** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार तक कुल 75 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदा है। शनिवार व रविवार को नामांकन नहीं होगा। अब नामांकन की प्रक्रिया पुनः सोमवार, 28 अक्टूबर से शुरू होगी।

## एक नजर में

### वन विभाग ने एक जंगली लंगूर को पकड़ा



**नाला (जामताड़ा)।** नाला वन प्रक्षेत्र अंतर्गत हनुमान मंदिर के पास गुरुवार को एक पागल जंगली लंगूर को वन विभाग ने रेस्क्यू किया। ज्ञात हो कि नाला प्रखंड मुख्यालय में इन दिनों अपने दल से बिछड़े एक लंगूर ने दहशत का माहौल बना रखा था। गुरुवार को क्षेत्र के अपना गांव तिलाबनी से नाला बाजार जा रहे 32 वर्षीय बाइक सवार तारकनाथ राय को लंगूर ने पटक दिया। गनीमत रही कि वह हेलमेट पहने था, जिस कारण बड़ा हादसा टल गया। हालांकि लंगूर के हाथ में लंगूर ने दांत से काट लिा, जिससे से वह बाइक से गिर गया। आसपास के लोगों द्वारा भय दिखाने के बाद ही लंगूर ने तारकनाथ का पीछा छोड़ा। ज्ञात हो कि आज ही उस आक्रोशित लंगूर ने नाला बाजार में आधा दर्जन से अधिक लोगों को खदेड़ने तथा बाइक गिराने का काम किया है। स्थानीय समाज सेवी चतुर माजी और प्रभाकर मंडल की मदद से घायल तारकनाथ को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका प्राथमिक इलाज जारी है। पीड़ित व्यक्ति एवं आसपास के लोगों ने लंगूर को पकड़ने के लिए वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे एवं वनरक्षी जाफर मियां के नेतृत्व में लंगूर को हनुमान चौक में पकड़ा। मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर राजकुमार दास,होमगार्ड सीताराम भोक्ता,पशुरक्षक विभीषण मुर्मू, संजीव माझी, शक्तिमान राय, वाहन चालक रामकृष्ण बाउरी आदि मौजूद थे।

### प्रगति महिला समिति ने जरूरतमंदो के बीच बांटे साड़ी, दीया और तेल



**पुटकी।** प्रगति महिला समिति पीबी एरिया द्वारा पुटकी अफसर्स क्लब में शुक्रवार को दीपावली के लिए 25 जरूरतमंदों के बीच साड़ी, दीया, तेल और मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति की अध्यक्ष भारती महापात्रा ने किया। उन्होंने कहा कि समिति समय समय पर समाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए कई कार्य करती रहती है। मौके पर मनोरना वर्मा, फरजाना परवीन, मौसमी मुखोपाध्याय, ज्योति शर्मा, संगीता सिंह,रजनी सिन्हा, शांति सिंह, रजनी भगत आदि मौजूद थी।

### धनबाद में वाहन चेकिंग में 6.40 लाख बरामद

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न थाना व ओ.पी. क्षेत्रों में सघन जांच अभियान जारी है। साथ ही मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए नगद राशि, शराब सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम के लिए 11 इंटर स्टेट तथा 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जहां लगातार आने जाने वाले हर छोटे बड़े वाहनों की कड़ाई से जांच की जा रही है। शुक्रवार को संध्या 7:00 बजे तक कतरास व सिंदरी थाना क्षेत्र तथा भौंरा ओ.पी. में फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने जांच के दौरान 6 लाख 40 हजार रुपए नगद बरामद किए। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री मिश्र ने बताया कि जांच के दौरान कतरास थाना क्षेत्र से 1 लाख 40 हजार, सिंदरी थाना क्षेत्र से 3 लाख एवं भौंरा ओपी से 2 लाख रुपए नगद बरामद किए गए। वहीं आज बरामद की गई राशि को लेकर फ्लाइंग स्क्वॉड टीम व स्टेटिक सर्विलांस टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्र व ओ.पी. में छोटे बड़े वाहनों की जांच करने के दौरान कुल 1 करोड़ 65 लाख 23 हजार 654 रुपए नगद बरामद किए हैं।

## इनर व्हील क्लब ने वृद्धजनों को भेंट किया दीपावली का उपहार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** दीपावली के त्योहार को देखते हुए इनर व्हील क्लब के सदस्यों ने शुक्रवार को सहयोगी नगर स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में वृद्धजनों को उपहार भेंट किया। उपहार में दीपक- बाती, सजावट का सामान, फल, मिठाई, नाश्ता और रोजमर्रा उपयोग में आने वाली वस्तुएं शामिल थी। साथ ही वहां रहे रहे लोगों का हाल चाल भी जाना। आगे भी यथासंङ्गाव सहयोग करने की बात कही गई। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रश्मि सहाय, सचिव ऋतु श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष रेणु कौशल आदि उपस्थित थी।

## सीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

## दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की हुई पहचान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जामताड़ा।** नारायणपुर सीओ देवराज गुप्ता ने शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। सीओ ने नारायणपुर प्रखंड के दक्षिणबहाल चितामी आदि मतदान केंद्रों में रैम्प, बिजली, पानी, सौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं की जांच कर संतोष जाहिर किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर मतदान के दिन 20 नवंबर को मतदान केंद्र में सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा।

सीओ ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में 20 नवंबर को मतदान होना है। अधिक से अधिक संख्या मतदाता घर से निकल कर मतदान केंद्र पहुंच कर पहले मतदान करे। इसके लिए मतदान केंद्रों में जागरुकता अभियान चलाना है। सीओ ने नारायणपुर प्रखंड के 85 प्लस बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं से मुलाकात करने के बाद उन्हें होम वोटिंग करने को प्रेरित कर भरने के लिए 12-डी फोर्म दिया। मौके पर राजेंद्र प्रसाद सिंह,मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

### पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड

## पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत अर्जी पर आदेश 28 को

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर और अपने चचेरे भाई की हत्या के षड्यंत्र में सात वर्षों से जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह की जमानत अर्जी संख्या 7855/24 पर झारखंड उच्च न्यायलय में शुक्रवार को सुनवाई पूरी हो गई। संजीव के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने बताया कि संजीव की ओर से अधिवक्ता बी एम त्रिपाठी एवं अभियोजन की ओर से आर एस मजुमदार की दलील सुनने के बाद झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की खंडपीठ ने जमानत अर्जी पर आदेश के लिए 28 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है। अधिवक्ता मो जावेद ने बताया कि उनकी ओर से यह तर्क दिया गया कि इस मामले के आरोपी पिंटू सिंह की जमानत सर्वोच्च न्यायालय से एवं रिंकू सिंह तथा डबलू मिश्रा की जमानत उच्च न्यायालय से हो चुकी है । संजीव सिंह सात विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त है और अभी तक मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो पाई है, यह उनके संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन है। जेल में संजीव की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

### मिनी ट्रक व ट्रैक्टर में भिड़ंत, मजदूर घायल

**खबर मंत्र संवाददाता**



**कतरास।** तिलाटांड़ पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को फोरलेन पर 407 वाहन व एक ट्रैक्टर के बीच भिड़ंत हो गई, जिसमें ट्रैक्टर पर बैठा मजदूर सोनु बाउरी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि चालक काली को आंशिक चोटें आईं है। जख्मी को इलाज के लिए स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। कतरास थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

### विभिन्न विद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के तहत चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन



**नाला (जामताड़ा)।** नाला प्रखंड क्षेत्र के नाला इंटर कॉलेज सहित विभिन्न विद्यालयों में स्वीप के तहत छात्र-छात्राओं के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण को लेकर मतदाताओं के बीच मतदान की महत्ता को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में सशक्त लोकतंत्र निर्माण तथा मतदान को लेकर विभिन्न आकृतियां बनाई गई तथा लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्लस टू हाई स्कूल नाला, इंटर कॉलेज नाला, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कालीपहाड़ी, कास्ता, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पंजूनिया आदि विद्यालयों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक एवं अन्य शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।

# शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन पर इरफान अंसारी ने दिया विवादित बयान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** जामताड़ा से कांग्रेस विधायक और प्रत्याशी इरफान अंसारी ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने बीजेपी नेता और प्रत्याशी सीता सोरेन पर अमर्यादित टिप्पणी कर डाली है। सीता सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर इरफान अंसारी का वीडियो शेयर करते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि प्रत्याशी इरफान अंसारी ने नामांकन के तुरंत बाद मीडिया के सामने मेरे लिए जो अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है, उसके लिए उन्हें माफी मांगनी होगी। पहले भी उन्होंने मेरे बारे में व्यक्तिगत बातें बोली हैं, लेकिन इस बार उन्होंने सारी सीमाएं लांघ दी हैं। माफी मांगिए, इरफान अंसारी वरना उग्र विरोध के लिए तैयार रहिए।

ऐसे सम्मानित पद पर रहकर आपने जिस अमर्यादित शब्द का प्रयोग किया है, उसने पूरे महिला समाज को भयभीत कर दिया है। अगर आप मेरे लिए ऐसे शब्द इस्तेमाल कर सकते हैं, तो गरीब और असहाय महिलाओं पर क्या बीतती होगी?



ऐसे नेता जब तक सत्ता में रहेंगे, महिलाएं असुरक्षित रहेंगी। अब इन्हें सत्ता से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है।आप महिलाओं को किस नजर से देखते हैं, यह आज जनता के सामने है, और जनता इसका जवाब देगी।

### भाजपा ने हेमंत सरकार को घेरा

सीता सोरेन के प्रति इरफान अंसारी के बयान पर भाजपा ने कहा कि हेमंत सरकार महिलाओं की सुरक्षा के बातें करती है, लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं है। ये लोग महिलाओं की सुरक्षा मर्यादा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। भाजपा के प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने इरफान अंसारी के बयान पर कहा कि यह आपत्तिजनक शब्द है। सीता सोरेन पूरे परिवार की बहू है और उनके लिए इस तरह की आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है। ऐसे में सोरेन परिवार को इरफान अंसारी पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

**कांग्रेस ने अभी नहीं दी कोई प्रतिक्रियाः** वहीं इस मामले पर अबतक कांग्रेस या झामुमो की तरफ से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आयी है।

### एचयूआरएल सिंदरी ने आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**सिंदरी।** राजकीय मध्य विद्यालय सिंदरी बस्ती में एचयूआरएल सिंदरी ने शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में एचयूआरएल और एशियन जालान अस्पताल की मेडिकल टीम ने संयुक्त रूप से 87 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर का उद्घाटन एचयूआरएल सिंदरी एच आर हेड संत सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एच आर प्रबंधक सुजीत दुबे ने कहा कि एचयूआरएल सिंदरी के चिकित्सक डॉ ए एन सिंह, डॉ जयेश प्रसाद सहित एशियन जालान अस्पताल धनबाद की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ऋतुराज की टीम अनुभवी है। इससे सभी वर्गों के लाभुकों को फायदा मिलेगा। मौके पर एचयूआरएल सिंदरी सहायक प्रबंधक मंशुल जैन, अधिकारी मंजुर अली, गौतम बैद्धकार सहित टीम व स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक और ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### चतरा सांसद से मिले डॉ शशिभूषण



**मेदिनीनगर।** पांकी के भाजपा प्रत्याशी डॉ शशिभूषण मेहता शुक्रवार को चतरा सांसद कालीचरण सिंह से मिले। इस दौरान उन्होंने चुनावी रणनीति पर चर्चा की। डॉ मेहता ने कहा कि सौहार्दपूर्ण मुलाकात हुई। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से हमें प्रेरणा मिलती है। कहा कि साथ मिलकर हम पांकी के विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### नामांकन के अंतिम दिन मुख्य पथ जाम



**नीलांबर पीतांबरपुर।** नामांकन के अंतिम दिन जहां प्रत्याशियों ने अपना दमखम दिखाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। वहीं पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर करीब चार घंटे जाम रहा। जहां ममता वाहन, एंबुलेंस, स्कूली बच्चों के वाहन चुनावी रैली का शिकार हुए। बसपा प्रत्याशी जितेंद्र पासवान का एक तरफ रोड शो था। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी लाल सूरज का लेस्लीगंज मवि मैदान में नामांकन सभा थी। जगतपुरवा मोड़ के पास निर्दलीय प्रत्याशी कुशवाहा विनोद सिन्हा की नामांकन सभा लगभग एक ही समय पर निर्धारित थी। जिससे जगतपुरवा मोड़ से करीब 3 किलोमीटर आगे तक जाम था। जिसे लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज झा ने खुद हटाया। तब एंबुलेंस और स्कूली वाहन निकल सके।

### नवोदय कल्याण पार्टी से संदीप सरकार ने भरा नामांकन पर्चा



**पाटन/ छतरपुर पलामू।** नवोदय कल्याण पार्टी से संदीप सरकार ने शुक्रवार को नामांकन परचा दाखिल किया। पाटन छतरपुर विस से सबसे कम उम्र के प्रत्याशी संदीप सरकार ने अपने समर्थकों के साथ पाटन छतरपुर विस चुनाव में अपना नामांकन पत्र भरा। संदीप ने कहा कि पहली बार पाटन छतरपुर से स्थानीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। जनता ने मौका दिया तो क्षेत्र का समुचित विकास कर दिखायेंगे। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता होगी। लोगों को बुनियादी सुविधा हर हाल में उपलब्ध करायेंगे। युवाओं के लिए गांवों में रोजगार की व्यवस्था कर उन्हें दूसरे प्रदेशों में रोजगार के लिए पलायन करने से रोका जायेगा।

### पलामू पुलिस ने झारखंड-बिहार सीमा में अवैध शराब निर्माण भट्ठी किया ध्वस्त



**मेदिनीनगर/ हुसैनाबाद।** विस चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना प्रभारियों व ओपी प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाने को कहा है। इसके आलोक में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी ओपी प्रभारी ने झारखंड बिहार सीमा पर सोन नदी के किनारे सघन छापेमारी अभियान चलाया। जहां चल रही दो शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। पुलिस ने 2600 किग्रा जावा महुआ, शराब निर्माण सामग्री नष्ट की। करीब 1.82 लाख रुपये की सामग्री नष्ट की गयी है। एसपी रीष्मा रमेसन ने बताया कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध पुलिस द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। सभी थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी अभियान चलता रहेगा।

### किशोरी ने लगाया छेड़खानी का आरोप

**पाटन/ छतरपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के सगुना निवासी 14 वर्षीय किशोरी ने छह लोगों पर छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप लगाया है। युवती ने पाटन थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। किशोरी ने आवेदन में कहा है कि 22 अक्तूबर को पाटन हाई स्कूल से जाने के क्रम में मतलुब, मोख्तार, सदीक, इरफान, फिरोज अंसारी व एक अन्य युवक बाइक पर जबरन बैठने को कहने लगे। विरोध करने पर छेड़खानी करते हुए पिटाई कर दी। साथ की ममता और सोनाली के साथ भी दुर्व्यवहार करने लगा।

### स्वीप कार्यक्रम: शिवाजी मैदान में इलेक्शन स्पोर्ट्स फेस्ट आज

**मेदिनीनगर।** जिले में स्वीप के तहत विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इसी क्रम में शनिवार को शहर के शिवाजी मैदान में इलेक्शन स्पोर्ट्स फेस्ट का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में डालटनगंज या जिले के किसी भी विधानसभा का कोई मतदाता भाग ले सकता है। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। इसमें क्रिकेट, पतंग उड़ाओ जैसी प्रतियोगिता, फुटबॉल, वॉली बॉल, बैडमिंटन, स्पून रेसिंग, तग ऑफ वार, पेपर कप टावर मेकिंग, डार्ट गेम सहित अन्य खेल के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस कार्यक्रम में कोई स्वयं या अपनी टीम संग हिस्सा ले सकता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न तरह के उपहार भी दिया जायेगा।

**कार्यक्रम में भाग लेकर खेल के जरिये लोगों से मतदान करने की अपील की जायेगी : उपायुक्त**

इस संबंध में उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि स्पोर्ट्स फेस्ट के माध्यम से लोगों से आगामी 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की जायेगी। उन्होंने सभी से इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने स्तर से दूसरे लोगों से भी आगामी चुनाव में मतदान करने की अपील की। खेल में हार-जीत होती है लेकिन जब हम सभी लोग 13 नवंबर को मतदान करेंगे तो हमारा लोकतंत्र की अनिवार्य रूप से सिर्फ जीत ही होगी।

## नामांकन का अंतिम दिन — विधानसभा चुनाव 2024 के लिए पलामू से कई प्रत्याशियों ने किया नामांकन


पांकी : कांग्रेस के लाल सूरज।


छतरपुर : निर्दलीय चंद्रमा कुमारी।


छतरपुर : निर्दलीय सांसप कुमार।


छतरपुर : कांग्रेस के राधा कृष्ण किशोर।


छतरपुर : बसपा से चंचला देवी।


छतरपुर : जेएलकेएम से प्रीति राज।


छतरपुर : सपा की ममता भुइयां।


छतरपुर : लोअपा के अवधेश राम।


छतरपुर : निर्दलीय अनिल मांझी।


छतरपुर : राजद के बिजय राम।


छतरपुर : निर्दलीय राजेश रौशन।


हुसैनाबाद : निर्दलीय एम तौसीफ।

### पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर के नामांकन में उमड़ा लोगों का हुजूम

# छतरपुर की जनता का मिल रहा अपार समर्थन: राधाकृष्ण किशोर

- छतरपुर पाटन विस क्षेत्र के अधूरे विकास को पटरी पर लायेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन /छतरपुर।** छतरपुर पाटन विस क्षेत्र के पुर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने शुक्रवार को हजारों समर्थकों के साथ नामांकन किया। श्री किशोर का पाटन छतरपुर की जनता ने गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए नामांकन कार्यक्रम में भाग लिया। श्री किशोर के नामांकन में भारी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। लोगों ने अबकी बारी फिर राधा कृष्ण किशोर की बारी राधा कृष्ण किशोर जिन्दाबाद नारे लगाते नामांकन में भाग लिये।

मौके पर पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने भी लोगों का अभिवादन स्वीकार कर अभार व्यक्त किया। श्री किशोर के नामांकन कार्यक्रम में काफी संख्या में गाड़ियों का काफिला चल रहा था। नामांकन कार्यक्रम में पाटन छतरपुर के पुर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। जनता ने पांच बार विधायक निर्वाचित कर मुझे विधानसभा भेजा है।

उन्होंने कहा कि पाटन छतरपुर का विकास किया है जिसका परिणाम है कि आज जन सैलाब उमड़ पड़ी है। उन्होंने कहा कि अगर जनता ने फिर मुझे मौका दिया तो अधुरी पड़ी पाटन छतरपुर विधानसभा का विकास फिर से पटरी पर लाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग शामिल थे।


नामांकन परचा दाखिल करते राधा कृष्ण किशोर।

# जनता का विश्वास और उनके प्रति मेरी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है : ब्रह्मदेव प्रसाद

- सड़क दुर्घटना में घायल ब्रह्मदेव प्रसाद और उनकी पत्नी रजनी देवी ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किये, जनता के प्रति सेवा और समर्पण का लिया संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर-मंझिआंव विधानसभा क्षेत्र से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ब्रह्मदेव प्रसाद ने व्हीलचेयर पर बैठकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ उनकी पत्नी रजनी देवी ने भी अपने पक्ष से नामांकन दाखिल किया। दुर्घटना के बाद भी जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए उन्होंने नामांकन के लिए जाने का फैसला किया। उनके साथ उनकी पत्नी रजनी देवी ने भी जनता की सेवा के अपने संकल्प के तहत अलग से नामांकन दाखिल किया।



लोगों के जनसमर्थन के बाद नामांकन दाखिल करते ब्रह्मदेव प्रसाद।

**खास बातें :** इस तरह, दोनों ने व्यक्तिगत तौर पर क्षेत्र के विकास और सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रकट किया है। मौके पर ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि मेरे स्वास्थ्य की तकलीफों से ज्यादा मेरे लिए जनता का विश्वास और उनके प्रति मेरी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। मुझे आप सभी के आशीर्वाद और समर्थन की आवश्यकता है ताकि इस चुनौतीपूर्ण समय में आगे बढ़ सकूं। मौके पर उनके समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया और उनके प्रति समर्थन जताया। रजनी देवी ने अपने पति के साथ खड़े होकर सेवा के प्रति समर्पण का जो संदेश दिया, वह समाज के लिए एक मिसाल बन गया है। उन्होंने कहा कि हम दोनों ने यह कदम जनता की सेवा के लिए उठाया है। यह सिर्फ चुनाव का हिस्सा नहीं है, बल्कि क्षेत्र की जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राजनीति में जनसेवा के लिए आयी हूं। जनता ने मौका दिया तो क्षेत्र का विकास करके दिखाउंगी। मौके पर काफी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर ने किया नामांकन

**विश्रामपुर, पलामू।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी ने कांग्रेस के टिकट से नामांकन किया। सुधीर चंद्रवंशी मूलतः नावा बाजार प्रखंड के कंडा गांव के रहने वाले हैं।

### अज्ञात वाहन के धक्के से होटल कर्मी की मौत

**नावा बाजार।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर नावा बाजार थाना क्षेत्र के तुकबेरा में अज्ञात वाहन के धक्का से होटल कर्मी गणौरी साव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना गुरुवार के रात साढ़े आठ बजे की है। जानकारी के अनुसार गणौरी साव तुकबेरा में ही एक होटल में काम करता है। रोज की तरह गणौरी होटल में काम कर रात करीब साढ़े आठ बजे साइकिल से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान कोई अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया, जिससे गणौरी साव की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

# छतरपुर विस में विकास करने का जुनून सवार है : ममता भुइयां

- ममता भुइयां ने नामांकन के पूर्व छतरपुर हेसला में किया सभा आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** समाजवादी पार्टी से छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की उम्मीदवार ममता भुइयां ने शुक्रवार को अपना नामांकन परचा छतरपुर एसडीओ के समक्ष दाखिल किया। इसके पूर्व हेसला गांव में सभा का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए ममता भुइयां ने कहा कि छतरपुर विस क्षेत्र में विकास करने का जुनून जो मुझ पर सवार है उसे पूरा करके ही दम लूंगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता ने जो स्नेह व प्यार दिया है उसे मैं भूल नहीं पा रही हूं। उसी स्नेह व विश्वास को पूरा करने के लिए जब मुझे राजद ने धोखा दिया तो समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ने का मन बनाई ताकि मैं क्षेत्रवासियों के आकांक्षाओं पर खरा उतर सकूं। उन्होंने कहा कि देश आजादी के बाद छतरपुर विस क्षेत्र के कई ऐसे गांव व टोले हैं जहां पर आज भी मुलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है।


सभा में उपस्थित ममता भुइयां व अन्य।

#### अभाव का दंश झेल रहे ग्रामीण

क्षेत्र में पेयजल, कृषि, सड़क एवं बिजली का घोर अभाव है जिसका दंश ग्रामीण झेल रहे हैं। इसे देखनेवाला ना तो वर्तमान के जनप्रतिनिधि हैं ना ही झारखंड सरकार है। ऐसे हालात में मैं छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को नहीं छोड़ सकती। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में मुझे लोकसभा चुनाव की भांति ही अपना आशीर्वाद व समर्थन दें। उन्होंने कहा कि छतरपुर विस क्षेत्र का तस्वीर बदले का काम करूंगी। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सह सपा नेता रामदेव यादव ने कहा कि इस क्षेत्र के जितने भी जनप्रतिनिधि अभी तक हुए हैं वे जनता के साथ नाइंसाफी ही करते आये हैं। इस बार छतरपुर विस क्षेत्र की जनता समाजवादी पार्टी के पक्ष में अपना मतदान कर इंसाफ करने का काम करेगी। सुलेमान अंसारी ने कहा कि छतरपुर विस आज भी कई क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ है। जहां गरीब, दलित, शोषित व अल्पसंख्यकों के साथ जनप्रतिनिधि अन्याय करते आये हैं। इस अन्याय के खिलाफ पूरी ताकत के साथ लगेगी। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष मोहन यादव, अरूण यादव, छतीसगढ़ के सपा नेता राजेश यादव, अजमल अंसारी, विजयकांत तिवारी, संतोष यादव, बलदेव भुइयां, रहमतुल्लाह अंसारी, राजू भुइयां समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### सीसीएल राजहरा ने रेडक्रॉस को जेनरेटर दिया



**मेदिनीनगर।** रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता और उनकी टीम का प्रयास रंग लाया। इनके अथक प्रयास से गुरुवार को सी सी एल राजहरा क्षेत्र ने सीएसआर मद से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू को 50 केवीए का जेनरेटर उपलब्ध कराया। इस मौके पर उपस्थित सदस्यों ने सीसीएल राजहरा का आभार व्यक्त किया है। साथ ही सचिव ने कहा कि इस कार्य में सीसीएल राजहरा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सच्चिदानंद का भरपूर सहयोग मिला उन्ही के सहयोग से यह संभव हो सका है।

राजद के पूर्व नेता कमलेश यादव ने सपा से किया नामांकन

### हुसैनाबाद समाजवादियों की धरती है, लोगों के विश्वास पर खरा उतरूंगा : कमलेश यादव



**हुसैनाबाद पलामू।** विधानसभा चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन राजद के पूर्व नेता व हरिहरगंज के जिप सदस्य कमलेश कुमार यादव ने सपा इंडिपेंडेंट के रूप में अपना नाम एसडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी के पास अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद समाजवादियों की धरती है। मैं लालूवाद के विचारों के वर्षो से राजनीति करता हूं लेकिन पार्टी द्वारा टिकट नहीं मिलने पर अखिलेश यादव ने मुझ पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज 79 विधानसभा की जनता समझदार है। मुझे आशीर्वाद देगी और मैं गरीबो की लड़ाई लड़ूंगा। व्यवस्था परिवर्तन ही मेरा मूल मंत्र हैं।

# दलितों और पिछड़ों को वाजिब हक दिलाना हमारा लक्ष्य : लाल सूरज

- राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से ही विकास है संभव है, उनका साथ दें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर।** इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी लाल सूरज की नामांकन सभा प्रखंड के मध्य विद्यालय लेस्लीगंज के मैदान में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नवलेश मेहता एवं संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष तनवीर आलम ने किया। मौके पर लाल सूरज ने कहा कि पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह एवं निवर्तमान विधायक डॉ शशि भूषण मेहता दोनों से सावधान रहने की जरूरत है। पूर्व विधायक ठेकेदारी में व्यस्त हैं वहीं निवर्तमान विधायक सिर्फ बात बनाने में। इन दोनों को पांकी विस के विकास से कोई मतलब नहीं है। मेरे पिता पूर्व मंत्री स्व मधु सिंह का एक ही सपना था दलित और पिछड़ों का हक दिलाना, उसी को हमें आगे बढ़ाना है। राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार से ही राज्य का विकास संभव है। मौके पर सनी शुक्ला, उमेर अहमद खां, सज्जाद खां, भीम शुक्ला, कृष्णकांत दुबे, मुकेश यादव, पारस सिंह आदि भी थे।



# पांकी विधानसभा क्षेत्र में बदलाव से ही विकास संभव: विनोद सिन्हा

- सभा में विनोद सिन्हा ने कहा : जनता को सोचना होगा कि उन्हें कैसा जनप्रतिनिधि चाहिए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** पांकी विस में बदलाव के बाद ही विकास संभव है। पूर्व एवं वर्तमान प्रतिनिधियों ने जनता से मजाक किया है। पूरे विस में लूट खसोट मची है। उक्त बातें निर्दलीय उम्मीदवार विनोद सिन्हा ने अपने नामांकन सभा में कही। उन्होंने कहा कि हमको लोग बाहरी कहते हैं। इस विस में डेढ़ महीने में जो कार्य किया, वैसा काम वर्तमान विधायक पूरे पांच साल में नहीं किया है अगर हम चुनाव जीतते हैं, तो सभी पंचायत स्तर पर 30-30 की संख्य में कार्यकर्ता रहेंगे और विकास कार्यों की निगरानी करेंगे। पांकी विस क्षेत्र का कैसे विकास होगा। पूर्व के जनप्रतिनिधियों को इससे कोई मतलब ही नही रहा। वर्तमान विधायक हिन्दू-मुस्लिम करते रह गये विकास के बारे में नहीं सोंच सके। ऐसी स्थिति में जनता को सोचना होगा कि उन्हें कैसा जनप्रतिनिधि चाहिए। मौके पर कई लोग शामिल थे।



# सामंतवाद-भ्रष्टाचार में लिप्त लोग नहीं चाहते कि गरीबों को भी अधिकार मिले: शिवपूजन

- पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता ने बसपा से किया नामांकन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** विधानसभा चुनाव के अंतिम दिन पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी के रूप में निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन परचा दाखिल किया। मौके पर उनके समर्थकों की काफी भीड़ देखी गई। श्री मेहता के आने पूर्व ही अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में हजारों हजार की संख्या में उनके समर्थक नाचते गाते झूमते हुए ढोल बाजा नगाड़ा के साथ उत्साह में झूमते हुए नजर आये। इसके बाद उन्होंने हरिहरगंज पीपरा के रास्ते हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय पंहुचा। इसके बाद उन्होंने मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता अमन पसंद है।



मंच पर उपस्थित अतिथि और उपस्थित लोगों को संबोधित करते बसपा प्रत्याशी शिवपूजन।

**खास बातें :** यहां की जनता बदलाव चाहती है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र वासियों का आपार समर्थन बहुजन समाज पार्टी के पक्ष में है। जनता पुनः 2014 का रिकॉर्ड को तोड़ेगी क्योंकि क्षेत्र से भ्रष्टाचार को खत्म करने का हमने संकल्प लिया है और मूलभूत समस्यायों का समाधान होगा। उन्होंने विरोधियों को आड़े हाथों लेते हुए जम कर उनके करतूतों को गिनवाया। उन्होंने वर्तमान विधायक पर केवल सत्ता सुख और अपने भाई भतीजा को लाभ पंहुचाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये गिरगिट जैसा रंग बदलते हैं और शिबू सोरेन, अर्जुन मुंडा,मधु कोड़ा सरकार को गिराने व भ्रष्टाचार में लिप्त होने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुझ पर मुकदमा आंदोलन करने व जनता के हक अधिकार के लड़ाई में करा कर गरीब के बेटे को चुनाव से रोकने का साजिश किया गया। मौके पर अक्षय मेहता, दिनेश मेहता, गुरुप्रसाद राम, रंजन कुमार, रूपा देवी, मदन राम समेत हजारों की संख्या में बसपा नेता व समर्थक उपस्थित थे।

# जनता ने यदि मौका दिया तो क्षेत्र की तस्वीर बदल देंगे : अनिकेत मेहता

- झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा से अनिकेत मेहता ने डालटनगंज विस क्षेत्र के लिए किया नामांकन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विस चुनाव के पहले चरण में नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा से (जयराम) अनिकेत मेहता ने डालटनगंज विस क्षेत्र के लिए एसडीओ के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के पूर्व श्री मेहता का रजवाडीह स्थित गोरहो मंदिर के प्रांगण से गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस प्रमुख मार्ग से होते हुए समाहरणाल परिसर पहुंचा। जुलूस में कई लोगों ने भाग लिया। श्री मेहता ने कहा कि डालटनगंज-चैनपुर-भंडरिया विस क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। लोगों को बुनियादी सुविधा तक नहीं मिली है। आजादी के कई साल बीतने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क तक नहीं है। आज भी कई गांवों में बिजली, पानी, चिकित्सा का अभाव है। युवा शिक्षित होकर बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने मौका दिया तो डालटनगंज विस क्षेत्र का तस्वीर व तकदीर बदल देंगे। युवाओं को रोजगार व किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जायेगा। महिलाओं को सम्मान प्रदान करने समेत प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनायेंगे। जुलूस में अजीत मेहता, सुधीर राज, रिंकु मेहता, सुनील पासवान, मुकेश मेहता, विकास, रामानंद मेहता, गोपाल मेहता, राहुल जी समेत काफी संख्या में महिला, पुरूष शामिल थे।


नामांकन करते जाते जेएलकेएम प्रत्याशी अनिकेत मेहता व अन्य।

# मिथिलेश हत्याकांड में कसमार पुलिस की शिथिलता का मुद्दा पहुंचा मुख्यमंत्री तक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/ कसमार।** जिले की कसमार पुलिस इन दिनों सुर्खियों में है। एक पुलिस पदाधिकारी द्वारा खुद को थाना प्रभारी बताकर क्षेत्र के एक पत्रकार और उनके परिजनों के साथ बदसलूकी का मामला एक तरफ जहां सुलगा हुआ है वहीं दूसरी ओर कसमार थाने की लापरवाही और शिथिलता मुख्यमंत्री तक पहुंच चुकी है। कसमार प्रखंड के मंजूरा ग्राम निवासी 23 वर्षीय मिथिलेश कुमार महतो की हत्या की गुत्थी घटना के चार महीने बाद भी नहीं सुलझ सकी है। मिथिलेश के बुजुर्ग पिता धीरेन्द्र नाथ महतो सहित अन्य सभी परिजनों की आंखें अब न्याय की आस में पथरा सी गई हैं। विगत 25 जून 2024 को मिथिलेश महतो की हत्या का आरोप है। श्री महतो ने



इस संबंध में दर्ज कसमार थाना कांड संख्या 58/2024 में धीमी जांच प्रक्रिया एवं न्याय दिलाने को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुहार लगाई है। सीएम को दिए गए अपने पत्र में धीरेन्द्र का कहना है कि उनके बेटे की हत्या की गई और तमाम परिस्थितियां हत्या की मिली थीं। इसके बावजूद पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही। नतीजतन हत्या के आरोपी आज भी खुलेआम घूम रहे हैं और अप्रत्यक्ष रूप से परिजनों को भयभीत करने का प्रयास कर रहे हैं। सीएम को दिए गए पत्र के अनुसार विगत 25 जून को धीरेन्द्र नाथ के इकलौते पुत्र मिथिलेश का लहूलुहान शव पूर्णतया संदिग्ध परिस्थितियों में कसमार फार्मटांड़ के सामने रात को 12 बजे सड़क किनारे पड़ा मिला था। वहीं कुछ दूरी पर उसकी मोटरसाइकिल भी गिरी पड़ी थी। उसके चेहरे पर किसी सख्त और भोथड़ वस्तु से वार किए जाने और गहरे चोट के साथ साथ गला दबाए जाने का निशान भी मिला था। मृतक के पिता का दावा है कि उनके बेटे की किसी ने साजिशन हत्या कर दी। उन्हें आशंका है कि संदिग्ध हत्यारों के प्रभाव में आकर इस घटना को सड़क दुर्घटना दिखाने का प्रयास किया जा रहा है।

# भाजपा प्रत्याशी बिरंची ने नामांकन किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बोकारो। निवार्ची पदाधिकारी 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढाडा के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बिरंची नारायण ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित भाजपा के तमाम कार्यकताओं का हुजूम था। श्री



नारायण ने नामांकन के पश्चात कहा कि दो बार बोकारो की जनता ने उनके प्रति विश्वास प्रकट किया है और वे उसपर खरे भी उतरे हैं। शेष बचे कार्यों को पूरा करने को वे प्रतिबद्ध हैं। इस बार भी जनता उनके प्रति अपना विश्वास अवश्य प्रकट करेगी- ऐसा उनका अटल विश्वास है। मौके पर श्री मरांडी ने सेन्सस की चर्चा करते हुए झामुमो सरकार पर वार किया।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-506-2024, दिनांक 25.10.2024; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** हटिया में रिवर पम्प हाउस से पुराने एवं नए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जल आपूर्ति पाइपलाइन के साथ रिवर पम्प हाउस, पुराना एवं नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं घरेलू पम्प हाउस का दो वर्षों के लिए सम्पूर्ण संचालन एवं रखरखाव। **निविदा मूल्य:** रु. 1,66,09,148.20, **ईएमडी:** रु. 2,33,100, **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 18.11.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। पिन कोड-834003. **(PR-738)**


## जांच के दौरान पुलिस ने पिकअप से दो लाख रु. बरामद किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

साहिबगंज। विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय साहिबगंज के निदेर्शानुसार इंटरडिस्ट्रिक्ट/ इंटरस्टेट चेक पोस्ट पर सघन जांच जारी है। इसी क्रम में बरहरवा थाना अंतर्गत बेवा पुल पर



महतबपुर चेक नाका पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक पिकअप वैन( WB 65C8043 ) से 200000/-(दो लाख) रुपए बरामद किया गया। वाहन चालक एवं वाहन में मौजूद व्यक्ति के द्वारा उक्त कैश के संबंध में कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया एवं अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों का माने तो बंगाल जाने वाला सभी चेकनाका कबाड़ी की गाड़ी को कड़ाई से चेकिंग की जाए तो पुलिस को बहुत कुछ हाथ लग सकती हैं।


**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING),
KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**O.A. No. 54 of 2023**

BETWEEN

BANK OF INDIA, PITHORIA BR, RANCHI ....APPLICANT BANK

VS.

SAFIQUE ANSARI ............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE)

RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | SAFIQUE ANSARI S/O SABIR ANSARI | R/O VILLAGE-HETHKONKI, P.O.-ICHAPIRI, P.S.-PITHORIA, DIST. -RANCHI 834006 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 20,68,462.00/- (Rupees Twenty Lakhs Sixty Eight Thousand Four Hundred Sixty Two Only) together with current and future interest, cost for other reliefs.** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 21st day of Nov., 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **19th day of Sep., 2024.**

D.K. MAHATO
REGISTRAR


## स्पीड न्यूज

### खनन विभाग ने दो ट्रैक्टर जब्त किया

**बेरमो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निदेशानुसार बोकारो जिलांतर्गत विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें कथारा ओपी अंतर्गत संजीवनी सेवा सदन, महलीबांध स्थान पर अवैध रूप से बालू खनिज का प्रेषण करते हुए 01 ट्रैक्टर को टीम ने जब्त किया। जब्त ट्रैक्टर को कथारा ओपी को सुपुर्द करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई। साथ ही, गोमिया थाना अंतर्गत नेहरू उच्च विद्यालय के समीप मुख्य पथ पर 01 ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करते पकड़ा गया। जिसे गोमिया थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक, सीताराम टुडू एवं पुलिस बल मौजूद थे।

### बीएसएल के संविदा कर्मियों हेतु सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** सतर्कता विभाग के तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मिनी ऑडिटोरियम में बीएसएल के संविदा कर्मियों के लिए सतर्कता विभाग एवं मानव संसाधन के ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न विभाग में कार्यरत कुल 100 संविदा कर्मी प्रतिभागी के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ की जीएम श्रीमती प्रांजलि के साथ वरीय प्रबंधक पंकज कुमार एवं एजीएम सतर्कता शनि रंजन उपस्थित थे। पंकज कुमार के द्वारा एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ठेका श्रमिकों के लाभ तथा वैधानिक अधिकार के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। इसके बाद सतर्कता विभाग के द्वारा प्रतिभागियों को बीएसएल में लागू शिकायत प्रबंधन तंत्र के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन एजीएम सतर्कता दिव्यांशु पंत के द्वारा किया गया।

# फुसरो नगर परिषद द्वारा वोटिंग फोर मिटिंग को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो /फुसरो।** नगर परिषद के द्वारा नगर प्रबंधक, सामुदायिक संगठनकर्त्ता, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को वोटिंग फोर मिंटिंग को लेकर बैठक किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधान सभा निर्वाचन, 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, बोकारो द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में सभी मतदान केन्द्रो पर मूलभुत सुविधाओं के संबंध में विस्तरित जानकारी दी गई। उन्हे बताया गया कि मतदान केन्द्रो पर शेड, पेयजल, शौचालय, रैम्प की व्यवस्था होनी आवश्यक है। सेवको द्वारा व्हिल चेयर तथा आवागमन हेतु ऑटो की व्यवस्था वांछित है। उपस्थित महिलाओं को मतदाता पहचान पत्र आदि से संबंधित समस्यों के समाधान हेतु हेल्प लाईन नंबर-1950 तथा वोटर हेल्प लाईन, ई विजिल एप की जानकारी दी गई। उनसे यह भी अपील की गई कि बैठक में दी



गई जानकारी अपने निकटतम परिचितो एवं जनमानस तक पहुंचाने / साझा करने हेतु प्रेरित की गई। उपस्थित महिलाओ को बताया गया कि मतदाता पहचान पत्र नही होने पर वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र मतदान हेतु मान्य होगा जैसे- आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक पासबुक, पोस्ट ऑफिस पासबुक, ड्राईविंग लाईसेंस, पेन कार्ड, पास्पोर्ट, पेंशन कागजात, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, राज्य सरकार, केन्द्र सरकार एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र आदि। महिलाओ को सजग एवं सशक्त नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया गया एवं उनसे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पाये जाने पर ई. विजील एप पर शिकायत दर्ज करने हेतु जानकारी दी गई। इसी क्रम में मतदान की तिथि के दिन किसी भी समूह या व्यक्ति के द्वारा मतदाताओ को मादक पदार्थ, पैसा, उपहार, द्वारा भ्रमित, प्रलोभन या भय दिखाकर प्रभावित करने की जानकारी या आपबिति होने पर सुचना उपायुक्त, पुलिस अधिक्षक, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी अथवा बीडीओ जिला नियंत्रण कक्ष के दुरभाष 8986660333, 06542 223705 पर देना है। महिलाओं से मतदान दिवस के महापर्व को स्वयं सहायता की प्रेरणा से मनाने हेतु जागरित किया गया। इस संबंध में सबकी अधिकतम सहभागिता वांछित मानी गई। मौके पर राजीव रंजन, निशांत कुमार, काजल कुमार, दिव्यांश कुमार तपन अड्डी आदि उपस्थित थे।

## योगेंद्र प्रसाद ने किया नामांकन

**बेरमो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद ने तेनुघाट निवार्ची पदाधिकारी मुमताज अंसारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोमिया 34 में नामांकन पत्र किया दाखिल। वही उनके



साथ उनकी धर्मपत्नी सह गोमिया के पूर्व विधायक बबिता देवी, जे एम एम जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी, प्रस्तावक मुकेश महतो, मनोज टुडू शामिल रहे। उन्होंने अपना नामांकन 11:58 मिनट में किया। उनके साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता, नेता व समर्थक भी उपस्थित थे।

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नौनिहालों ने दिखाया जलवा

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नौनिहालों ने शानदार प्रस्तुतियां दी। प्रधानाचार्या पी शैलजा जयकुमार उप प्राचार्य सुरेश नायर उप प्राचार्या राजलक्ष्मी सुमंगला सावित्री गरिमा सिंहा सरोज कुमार मिश्रा और अभिभावकों ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। छात्रों ने थीम के अनुसार विभिन्न प्रकार के रूप धारण किए।


**जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, सिमडेगा**

**आदेश**

महानिदेशक –सह– महासमादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड राँची के आदेश सह पठित ज्ञापांक– 2277/OTD दिनांक–22.10.2024 के आलोक में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में गृह रक्षकों की कॉल–अप करने का आदेश प्राप्त हुआ है।

उक्त आदेश के आलोक में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, सिमडेगा के प्रभावित बल के गृह रक्षक (महिला/पुरूष) जो कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त हैं अथवा प्रतिक्षारत हैं। वे चुनाव ड्यूटी के संवेदनशीलता को देखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव–2024 में विधि व्यवस्था संधारण हेतु अपना–अपना आगमन,जिला समादेष्टा, कार्यालय सिमडेगा में आवश्यक रूप से सुनिश्चित करेंगें। आगमन नहीं कराने की दशा में चुनाव ड्यूटी जैसे सर्वोच्च कर्त्तव्य के प्रति उनकी अवहेलना मानते हुए मुख्यालय राँची को उनके विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई हेतु अनुशंसा कर दी जायेगी।

जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
सिमडेगा

PR 339514 (Simdega)24-25*D


## महिला वर्ग वॉलीबॉल में एस एस एल एंड टी धनबाद चैंपियन, गुरु नानक कॉलेज धनबाद रनर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** केबी कॉलेज बेरमो में दो दिवसीय वॉलीबाल टूनार्मेंट का औपचारिक उद्घाटन आज शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 को मुख्य अतिथि मह प्रबंधक सी सी एल कथारा एरिया संजय कुमार के द्वारा किया गया। इन्होंने पुरुष एवम महिला वर्ग में भाग लेने वाली टीमों का उत्साहवर्धन किया। संजय कुमार ने कहा खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलनी चाहिए। हारजीत की परवाह किए बिना खिलाड़ी को अपने लक्ष्य की कदम बढ़ाते रहना चाहिए। खिलाड़ियों के मानसिक शारीरिक व समग्र विकास मे योगदान देने के लिए खेल प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डाले। वॉलीबाल टूनामेंट को लेकर खेल प्रेमियों के बीच काफी उत्साह है। मैच देखने के लिए दूर दूर से लोग पहुंच रहे हैं , वॉलीबाल टूनामेंट खिलाड़ियों के प्रतिभा को तलाशने का कार्य है जो के बी कॉलेज बेरमो की मेजबानी में आयोजित किया गया है। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण रॉय ने कहा खेल के



द्वारा विधार्थियो का समग्र व्यक्तित्व निर्माण हो पाता है। कॉलेज मे शिक्षा व खेल दोनों मिलकर अनुशासन व चरित्र का निर्माण करते हैं प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा कि महिलाओं के खेल सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिऐ महिला वॉलीबल टूनामेंट इइटडव की प्रतिभाशाली महिला एथलीटों के बीच भागीदारी, टीम वर्क व खेल कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है। खेल प्रभारी डॉ साजन भारती ने कहा खेल से विधार्थी मे उत्साह की भावना प्रबल होती है। उत्साह के साथ जीवन मे खिलाड़ी आगे जाएं।

पुरुष वर्ग वॉलीबाल टूनामेंट बोकारो स्टील सिटी कॉलेज बोकारो, के बी कॉलेज बेरमो, बी डी ए कॉलेज पिछड़ी, स्नातकोत्तर विभाग , पी के रॉय मेमोरियल कॉलेज धनबाद की टीम टूनामेंट खेलने हेतु शामिल हुए हैं।

## निर्दलीय प्रत्याशी सुनील यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जताया आभार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** बता दे की निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राजमहल विधानसभा से नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद आज अपने आवास पर पत्रकारों के साथ बातचीत की जिसमें बताया कि मुझे राजमहल विधानसभा की जनता ने अपनी आवाज बनने के लिए प्रत्याशी के रूप में खड़ा किया है। कहां की अगर मैं जितना हूं तो मेरी पहली प्राथमिकता राजमहल विधानसभा की जनता के लिए बेरोजगारों को रोजगार राजमहल में राजमहल मानिकचक गंगा पुल निर्माण सड़क स्वास्थ्य शिक्षा इन सभी मुद्दों को विधानसभा में जनता की आवाज बनकर उठाऊंगा एवं समस्त जनता को इसका लाभ देने का काम करूंगा।

आज आपको देखने के लिए मिलेगा कि रोजगार के लिए हमारे युवा साथी भाई-बहन बाहर दिल्ली मुंबई काम की तलाश में जाते हैं कुछ दिनों तक काम कर कर अपना जीवन यापन चलते हैं इसी दरमियान किसी के साथ कोई आकस्मिक घटना घट जाता है तो सारा कमाया हुआ पैसा वही खत्म हो जाता है यह भारी चिंता का विषय है इसको देखते हुए मैं अपने जिले में उद्योग स्थापित करवाऊंगी ताकि हमारे युवा साथी रोजगार के लिए इधर-उधर न भटकते हुए अपने जिले में रहकर काम करेंगे।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त गुमला का कार्यालय**

e-mail→observercellg@gmail.com

**आम सूचना**

झारखण्ड विधनसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 69–अ0ज0जा0) बिशुनपुर विधानसभा आम चुनाव 2024 क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में Mr. Dibya Prakash Giri, IAS, General Observer, G-22188 69-(ST) Bishunpur की नियुक्ति की गई है।

Mr. Dibya Prakash Giri, IAS, G-22188, General Observer, 69-(ST) Bishunpur का दिनांक–24-10.2024 को गुमला आगमन हो चुका है। सामान्य प्रेक्षक नया परिसदन, गुमला के 'नवलखा' कमरा में आवासित हैं।

आम नागरिक चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए सामान्य प्रेक्षक से प्रत्येक दिन कार्य दिवस में पूर्वाह्न 9.30 बजे से पूर्वाह्न 10-30 बजे तक मिलकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

सामान्य प्रेक्षक, 69-(ST) Bishunpur का सम्पर्क संख्या **9430703730** है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, गुमला

PR 339509 Election(24-25).D


# कुशवाहा समाज राजद उम्मीदवार के समर्थन मे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** शुक्रवार को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा जिला कमिटी द्वारा एक विस्तारित बैठक कुशवाहा भवन गोड्डा में की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डाक्टर सदानंद महतो ने किया तथा मंच संचालन अनुपलाल वगवै, ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आज तक सभी दलों ने कुशवाहा समाज को ठगते रहा है इस वार झारखंड में विधानसभा चुनाव में प्रदेश स्तर पर महागठबंधन सरकार को अपना समर्थन देने का निर्णय लिया है। उसी मताहत आज गोड्डा जिला में विस्तारित बैठक कर गोड्डा विधानसभा में महागठबंधन उम्मीदवार संजय प्रसाद यादव को समर्थन देने का ऐलान किया। वही महागठबंधन प्रत्याशी संजय यादव ने विस्तारित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा जिस सम्मान के साथ आप



लोगों ने बुलाया है वह सम्मान कम नहीं हुआ है और कभी होगा। मेरा संबंध कुशवाहा समाज से से रहा है। मैं कुशवाहा समाज के तमाम बुद्धिजीवी, युवा पीढ़ी से निवेदन करता हूं जो हमारे उपर विश्वास किए हैं उसमें हम खरा उतरेना का विश्वास दिलाता हूं।वही प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा गोड्डा लोकसभा के तीनों विधानसभा में महागठबंधन उम्मीदवार को समर्थन दिया है। और आप सभी महागठबंधन प्रत्याशी को विजयी बनाकर विधानसभा में भेजें। महागठबंधन सरकार ने आज पुरे देश में पहला राज्य झारखंड है जहां मैय्या योजना के तहत आज 2500/महीना देकर महिलाओं को सम्मान दिया है। इस कार्यक्रम में अमरेन्द्र कुमार अमर, राम रंजन भारती, भीभ कापरी, विलास मंडल, कुन्दन बैद्य दिलीप कुमार कुशवाहा, मनोज मंडल, अरुण कुशवाहा, त्रिवेणी कुशवाहा, अमोद मंडल, प्रदीप मांझी, शंकर पंजियारा, राजेश कुशवाहा, संजीव राणा, देवेन्द्र कुमार मंडल, जागेश्वर कापरी, अशोक कुमार बैद्ध, अक्षय चौधरी, संजय कुमार वैद्य, आदि सैकड़ों कुशवाहा समाज परिवार ने भाग लिया।

## मॉडल कॉलेज राजमहल में कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**खबर मन्त्र संवाददता**

**साहिबगंज।** शुक्रवार को भारत के पहले आम चुनाव ( 25 अक्टूबर, 1952 ) व अंतर राष्ट्रीय कलाकार दिवस के उपलक्ष्य में मॉडल कॉलेज राजमहल में कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ रमजान अली ने अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस के इतिहास और महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉ अमित कुमार ने भारत में हुए पहले आम चुनाव 1952 के परिदृश्य चर्चा की। संसदीय लोकतंत्र परंपरा में भारत आज दुनिया में सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र बन गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य ने जोर देते हुए कहा कि



मतदाता सूची में जिन छात्र छात्राओं का नाम है वे मत का प्रयोग अवश्य करे और अपने आस पास के को लोगों को भी मताधिकार के लिए प्रेरित करे। विधानसभा आम चुनाव 2024 में राजमहल विधान सभा चुनाव में सभी छात्र छात्राओं आम जनता को चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया। और साथ ही साथ कहा कि हर व्यक्ति के अंदर एक अच्छा कलाकार है उस कला को पहचानते हुए अपने अच्छे कला का सृजन, विकास कर उसका प्रदर्शन करें।


**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, राँची**
**(प्रेक्षक कोषांग)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 हेतु सामान्य प्रेक्षकों की नियुक्ति भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा की गई है, जिनका आगमन राँची जिले में हो चुका है। एतद् द्वारा सभी सर्वसाधारण यथा विभिन्न दलों के प्रत्याशी अथवा स्वतंत्र उम्मीदवार, राजनीतिक दलों एवं आमजनों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 के सामान्य प्रेक्षक का नाम, दूरभाष संख्या, ई–मेल, एवं उनके आवासन तथा मिलने का समय आदि से संबंधित जानकारियाँ निम्नवत् हैं :–

| क्र. सं. | सामान्य प्रेक्षक का नाम | सम्बद्ध विधानसभा क्षेत्र का नाम | आवासन | मोबाईल सं० | टेलीफोन/ ई–मेल | मिलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ShriVenkateshpathy S. IAS (G-21734) | 58- Tamar | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड, रांची। Room No. 205 | 8539019166 | 0651-2913391 e-mail- observercellranchi2024@gmail.com | 09.00 AM TO 10.00 AM |
| 02. | Shri Amitava Banerjee, IAS (G-33285) | 63- Ranchi | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड, रांची। Room No. 201 | 9031432994 | | 10.00 AM TO 11.00 AM and 05.00 PM TO 06.00 AM |
| 03. | Shri Dineshan H., IAS (G-24176) | 64- Hatia | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड, रांची। Room No. 206 | 9122839289 | | 09.00 AM TO 10.00 AM |
| 04 | Shri A. Sivagnanam, IAS (G- 32486) | 65- Kanke | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड, रांची। Room No. 202 | 8235788235 | | 04.00 PM TO 06.00 PM |
| 05 | Shri R. Girish, IAS (G-23078) | 66- Mandar | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलर रोड, रांची। Room No. 203 | 8809127120 | | 04.00 PM TO 06.00 PM |

अतएव उक्त के आलोक में सभी अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्त्ता/राजनैतिक दल के प्रतिनिधि एवं आम मतदाताओं को संसूचित किया जाता है कि यदि उन्हें झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा मामले परिलक्षित हो तो व्यक्तिगत रूप से अथवा उक्त मोबाईल संख्या/दूरभाष/ई–मेल पर सामान्य प्रेक्षक से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, राँची

PR 339531 Ranchi(24-25)#D

# बढ़ते फर्क का असर

विश्व का सबसे सम्मानित कहा जाने वाला नोबेल पुरस्कार अर्थशास्त्र के क्षेत्र में तीन शोधकताओं डारोन एसिमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन को दिया गया है। उन्होंने इस बात का पता किया है कि आखिर वे कौन से तथ्य हैं जिनके चलते विभिन्न देशों के बीच अमीरी-गरीबी का फर्क पैदा होता है। उन्होंने इसे दूर करने के कुछ उपाय बताये हैं जिन पर अमल कर वैश्विक गैरबराबरी को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। इस रिसर्च को तो उन राष्ट्राध्यक्षों को ध्यान से पढ़ने, समझने और उसे क्रियान्वित करने की जरूरत है जो अपने देश के नागरिकों को खुशहाल बनाना चाहते हैं। यहां सवाल विश्व के सम्पन्न देशों की सूची में आना मात्र नहीं है वरन अपने नागरिकों के रहन-सहन के स्तर को ऊंचा करना और उन्हें एक गरिमामय जीवन प्रदान करना भी है। कुछ देश क्यों अमीर हो गये और अनेक किसलिये गरीब हैं। अपने शोध से उन्होंने यह भी बतलाया कि कैसे लोकतंत्र एवं समावेशी सामाजिक संस्थानों के जरिये राष्ट्र का विकास सम्भव है। खराब कानून व्यवस्था तथा नागरिकों का शोषण करने वाली संस्थाएं या देश सकारात्मक बदलाव नहीं ला सकते। उनकी शोध बतलाती है कि कैसे दुनिया के सर्वाधिक सम्पन्न 20 प्रतिशत देश अब विश्व के सबसे गरीब 20 फीसदी देशों से 30 गुना अमीर हैं। कई विपन्न देश समृद्ध तो हुए हैं लेकिन वे अमीर देशों की तुलना में अब भी कई गुना कम सम्पन्न हो सके हैं। बात अंततः स्वच्छ लोकतांत्रिक प्रणाली एवं ईमानदार संवैधानिक संस्थाओं की आवश्यकता पर जाकर ठहरेगी। भारत समेत अनेक देशों के ही उदाहरण देखें तो शासकों की प्रवृत्ति शक्तियों के केन्द्रीकरण में है। आर्थिक अव्यवस्था हो जायेगी तब सामाजिक एवं राजनीतिक अराजकता फैलने में भी देर नहीं लगेगी।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

# उन्नाव की घटना ने याद दिला दी वीर सावरकर की वो बात...

**भारत** के किसी भी कोने में हिन्दुओं की जनसंख्या कम होती है और मुस्लिमों की बढ़ती है, तब वहां जो सबसे बड़ी समस्या शुरू होती है वह है हिन्दू समाज को दबाने और भगाने की। कई बार अत्याचार का आलम यह हो जाता है कि मजबूर होकर लोग पलायन के लिए विवश हो उठते हैं और इसके साथ ही दर्द की अनेक कहानियां वक्त के साथ सिर्फ यादों में तब्दील हो जाती हैं, छूट जाते हैं, हमेशा-हमेशा के लिए वो घरौंदे, वे पूर्वजों की थाती और वो खेत-खलियान, शहर, जहां उनकी संपूर्ण यादें तरोताजा रहीं। कई बार इस सत्य को नकारने का प्रयत्न होता है कि ऐसा कुछ भी नहीं, ये तो कुछ हिन्दू विचार के लोगों द्वारा झूठ फैलाया जा रहा है। लेकिन देशभर में जिस तरह से एक के बाद एक ऐसे प्रकरण आ रहे हैं, वे भविष्य के भारत को लेकर बहुत डराते हैं। सवाल यह है कि क्या इस्लाम के होते हुए हुए समरस समाज की कल्पना संभव है

ताजा प्रकरण उत्तर प्रदेश के उन्नाव के बीघापुर कोतवाली इलाके में घटा है, यहां पुरुष तो पुरुष, महिलाओं ने आगे आकर हिन्दुओं को प्रताड़ति करने का काम किया है। यहां पर रानीपुर एक मुस्लिम बाहुल्य गाँव है, जिसमें 130 मुस्लिम परिवार तथा सिर्फ 30 हिंदू परिवार रहते हैं। बहुसंख्यक मुस्लिम वर्ग की महिलाओं ने यहां निमार्णाधीन एक मंदिर के विरोध में ऐसा हल्ला बोला कि मंदिर का काम बीच में ही रोक देना पड़ा। इन इस्लामिक महिलाओं का कहना है ₹मंदिर की घंटियों से उन्हें समस्या होगी इसलिए वे मंदिर बनने नहीं देंगी, चाहे कुछ भी हो जाए। इस गाँव की मुस्लिम महिलाओं ने मंदिर निर्माण का खुला विरोध करते हुए भड़काऊ बयानबाजी तक की, जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। यहां पहले ही कई हिन्दू परिवार मुस्लिम दबाव में आकर अपने खेत औने-पौने दामों पर बेचकर पलायन कर चुके हैं।

यहां मुस्लिम औरतें समूह में बोल रही हैं, हिन्दू जबरन हमें सता रहे हैं, ये सब हमारे बाबा-दादा की जमीन है। जैसे अभी कुछ दिन पहले ही एक मौलाना ने दिल्ली की 80 प्रतिशत जमीन को वक्फ की जमीन करार दिया था, वैसे ही इस गांव की मुसलमान औरतें भी मानती हैं कि हिन्दुओं की जमीन भी उनकी अपनी हैं, जो थोड़े बहुत हिन्दू उनके गांव में रह रहे हैं वे भी जल्दी से सब कुछ छोड़कर भाग जाएं। दूसरी ओर यहां के हिंदुओं का पक्ष है, उनका कहना है कि उन्हें





-डॉ मयंक

> ताजा प्रकरण उत्तर प्रदेश के उन्नाव के बीघापुर कोतवाली इलाके में घटा है, यहां पुरुष तो पुरुष, महिलाओं ने आगे आकर हिन्दुओं को प्रताड़ति करने का काम किया है। यहां पर रानीपुर एक मुस्लिम बाहुल्य गाँव है, जिसमें 130 मुस्लिम परिवार तथा सिर्फ 30 हिंदू परिवार रहते हैं। बहुसंख्यक मुस्लिम वर्ग की महिलाओं ने यहां निमार्णाधीन एक मंदिर के विरोध में ऐसा हल्ला बोला कि मंदिर का काम बीच में ही रोक देना पड़ा।

तो अजान से कोई दिक्कत नहीं होती है तो फिर मुसलमानों को भजन-कीर्तन से दिक्कत क्यों होनी चाहिए यहां के हिन्दू अपना दर्द बता रहे हैं, उन्हें सड़क के कनिारे भजन करना पड़ रहा है, क्योंकि गांव के मुसलमानों ने संख्याबल के प्रभाव से उनकी जमीन हड़प ली है। कई परिवार अपने पूर्वजों की मिट्टी के लिए जब तीज त्योहार पर गांव आते हैं तो ये मुस्लिम लोग हमारे बच्चों को मारते हैं। अब आप ही बताओं, हम क्या अपने पूर्वजों के स्थान को यूं ही भूल जाएं फिलहाल योगी सरकार की पुलिस और तहसीलदार की सक्रियता से आखिरकार मंदिर बनने का रास्ता साफ हुआ है, लगभग 200 स्क्वायर फीट के इस छोटे से शिव मंदिर पर अब हिन्दू महिलाएं जलाभिषेक कर रही हैं। छत का काम भी कुछ दिन में पूरा हो जाएगा। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर उस अतीत की याद दिला दी है, जिसका कि जिक्र विनायक दामोदर सावरकर ने अपनी पुस्तक ह्यछह स्वर्णिम पृष्ठह्न के भाग चार में किया है। पुस्तक में उन्होंने एक अध्याय ह्यसद्गुण विकृतिह्न नाम से लिखा है। कहने को तो इसमें बहुत कुछ लिखा गया है, लेकिन यहां जिक्र उस पुराने काल की मुस्लिम महिलाओं का करेंगे जिन्होंने हिन्दुओं के लिए अनेक संकट पैदा किए और हिन्दू समाज अपने विशाल हृदय के प्रभाव में हर बार इन्हें नजरअंदाज करता रहा और इनसे बार-बार छला जाने के बाद भी इन्हें माफ करता रहा। सावरकर ने इसमें एक चैप्टर इस शीर्षक के साथ लिखा-अत्याचारों में मुस्लिम स्त्रियों का प्रचंड योगदान, इसमें उन्होंने लिखा-ह्यह्यहिन्दू-मुसलमान के कई शतकों तक चल रहे इस महायुद्ध में जिन लाखों हिन्दू स्त्रियों को मुसलमानों ने बलपूर्वक भ्रष्ट किया; उन पर घोर अत्याचार करने में मुसलिम स्त्रियों ने बड़े उत्साह से प्रचंड योगदान किया। यह विधान वैयक्तिक रूप से नहीं, सामुदायिक रूप से सत्य है। तत्कालीन मुसलिम स्त्रियों की इस राक्षसी क्रूरता का निर्भीक, स्पष्ट और विशेष उल्लेख किसी भी इतिहास-लेखक द्वारा किया हुआ हमने नहीं देखा, इसलिए उसे स्पष्ट रूप से और निर्भीकता से कहना हमारा कर्तव्य है।

वे लिखते हैं, हिंदू स्त्रियां अर्थात 'काफिरों' की स्त्रियां तो जन्मजात दासियां ही होती हैं, उन्हें बलपूर्वक मुसलिम धर्म में लाकर उनका उद्धार करने के कार्य में यथासंभव सहायता करना प्रत्येक मुसलिम स्त्री का धार्मिक कर्तव्य है-ऐसी राक्षसी शिक्षा उस काल की मुसलिम स्त्रियों को दी जाती थी। उन मुसलिम स्त्रियों में बेगमों से लेकर भिखमंगिनों तक कोई भी स्त्री मुसलिम पुरुषों द्वारा हिंदू स्त्रियों पर होनेवाले घोर अत्याचारों का विरोध तो कदापि करती ही नहीं थी, उलटे उन पुरुषों को ऐसे प्रकरणों में प्रोत्साहन देकर उनका सम्मान ही करती थी। वे स्वयं भी इन अभागी हिंदू स्त्रियों पर यथासंभव सारे अत्याचार करती थीं।

मुसलमान सुलतानों के सिपाहियों, मुल्ला-मौलवियों और गांवों, नगरों में फैले हुए मुसलमान गुंडों के क्रूर हाथों में पड़ी हिंदू स्त्रियों को शाही जनानखानों से लेकर गाँव की झोंपड़ियों तक विभिन्न स्थानों में छिपाकर उन्हें बलपूर्वक मुसलमान बनाना, उनसे दासी या नौकरानी जैसे काम करवाना, उन्हें मार-पीटकर मुसलिम समाज में बंदिनी बनाकर रखना, उन्हें उनके परिवारों और बाल-बच्चों से निर्दयतापूर्वक दूर रखकर मुसलिम पुरुषों में बाँट देना, इस प्रकार के अगले सारे क्रूर और दुष्ट कार्य करने में मुसलिम स्त्रियाँ भी मुसलिम पुरुषों का उतने ही उत्साह से हाथ बँटाती थीं।

हिंदू-मुसलिम युद्धों के धूमधाम के अशांत समय में ही नहीं, अपितु मध्यांतर के शांति काल में भी हिंदू राज में रहकर भी, पास-पड़ोस की हिंदू बहू-बेटियों को बहला-फुसलाकर, भगाकर, अपने घरों में बलपूर्वक बंदी बनाकर अथवा गाँव की मसजिद के मुसलिम अड्डे पर पहुँचाकर उन्हें मुसलिम समाज में पचा लेना इसलाम की धर्माज्ञा के अनुसार उनका नित्य कर्तव्य है, यह धारणा पूरे भारत में फैले हुए मुसलिम स्त्री-समाज में व्याप्त थी।

## लेटर टू एडिटर

### आतंकवाद की चुनौती

**घाटी** में नई सरकार के सामने आतंकवाद की बड़ी चुनौती उभरी है। पहले कश्मीरी पंडितों को लक्षित हिंसा का शिकार बनाया जाता रहा, लेकिन इस बार आतंकवाद की घटनाएं मजदूरों और कर्मचारियों पर केंद्रित रही हैं। ये हिंसा की घटनाएं केंद्र सरकार के शांति प्रयासों पर पानी फेर सकती हैं। पहले भी घाटी में भाड़े के आतंकी कहर बरपा चुके हैं।

**– अमृतलाल रांची**

### सतर्क भी रहें

**भारत** और चीन के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने सैनिकों को पीछे हटाने का निर्णय लिया है। भारत को इस पर सतर्क रहना चाहिए। चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के बजाय, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नागरिकों को चीनी सामान की निर्भरता कम करके आर्थिक लड़ाई में योगदान देना होगा।

**– राजेश चौहान, कोडरमा**

## X ट्वीट

**25 अक्टूबर** से झारखंड में चुनाव खत्म होने तक यानि अपना वोट 20 नवंबर के डालने तक लगातार मैं संथालपरगना में हूँ । संथालपरगना की 18 में से 18 सीट माननीय प्रधानमंत्री जी के कर कमलों में डालना है । इस चुनाव में हमें जीत का मंत्र बताने के लिए 13/ 14 नवंबर को माननीय प्रधानमंत्री जी के भी आने की संभावना है ।

**– निशिकांत दूबे सांसद गोड्डा**

**जम्मू-कश्मीर** के गांदरबल में आतंकी हमले में एक डॉक्टर और प्रवासी मजदूरों समेत कई लोगों की हत्या बहुत ही कायरतापूर्ण और अक्षम्य अपराध है। सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

**– राहुल गांधी, सांसद**

# पूरे राष्ट्र और समाज को एक सूत्र में पिरोया था भगवान राम ने..

**दशहरा और दीवाली के बीच के ये बीस दिन**

**-रमेश शर्मा**

**लंकाविजय** के बाद रामजी को अयोध्या लौटने में पूरे बीस दिन लगे। यह अवधि अनावश्यक विलंब या अपनी विजय का उत्सव मनाने की नहीं है अपितु रामजी द्वारा पूरे भारतवर्ष और प्रत्येक समाज को समरस बनाने की अवधि है, जिसका स्पष्ट वर्णन बाबा तुलसी ने रामचरितमानस में किया है। आज भी समाज द्वारा दीपावली की तैयारी में इस सूत्र की झलक मिलती है ।

रावण का वध अश्विन माह की दशमी को हो गया था। पर रामजी कार्तिक मास की अमावस को अयौध्या लौटे। इन दोनों तिथियों में बीस दिनों का अंतर है। रावण वध के बाद रामजी को लंका में दो दिन और लगे थे। रामजी ने अगले दिन रावण सहित उसके सभी परिजनों के अंतिम संस्कार करने को कहा। इसमें एक दिन लगा। अगले दिन विभीषण का राज्याभिषेक हुआ। विजय के बाद भी रामजी ने लंका में प्रवेश नहीं किया था। अपने राज्याभिषेक के बाद उसी दिन विभीषण ससम्मान सीता माता को लेकर रामजी के पास आये। विभीषण केवल माता सीता को ही नहीं लाये थे वे अपने साथ विभिन्न भेंट और पुष्पक विमान भी लेकर आये थे ताकि रामजी तुरन्त अयोध्या लौट सकें। ये मिलाकर कुल दो दिन हुये। पुष्पक विमान साधारण नहीं था, वह दिव्य था जो पवन से तीव्रगति से चल सकता था। इसके अतिरिक्त उसमें यात्री क्षमता भी असीम थी। जितने चाहें उतने यात्रियों के लिये विस्तार हो सकता था। रामजी इसी पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे थे। पुष्पक विमान से रामजी कुछ घंटों में अयोध्या आ सकते थे। रामजी उसी साँझ लंका से चल भी दिये थे लेकिन वे कार्तिक मास की अमावस को अयोध्या लौट सके।

अर्थात रामजी को मार्ग में अट्ठारह दिन

**दिवाली विशेष**

लगे? रामजी ने पुष्पक विमान में बैठ कर सीधे अयोध्या का मार्ग नहीं पकड़ा था। रामजी उसी मार्ग से अयोध्या लौटे जिस मार्ग से लंका गये थे। और उन सभी वन्य और ग्राम्य क्षेत्रों के निवासियों से भी मिले जिनसे पहले मिले थे और सभी ऋषि आश्रमों में गये थे। लौटते समय रामजी सभी समाजों से मिले और समाज प्रमुखों को अयोध्या आने का आमंत्रण दिया। इसके साथ निषाद किरात आदि उन समाज प्रमुखों को अपने साथ पुष्पक विमान में बिठाया जिनसे मित्रता हुई थी। उन्होंने हर स्थान पर एक-एक रात्रि भी बिताई। इस कार्य में उन्हें अट्ठारह दिन लगे। इस प्रकार ये कुल बीस दिन सभी वर्गों और समाज के व्यक्तियों को परस्पर समरूप होने और एक-दूसरे का पूरक बनने और बनाने की अवधि है। इन अट्ठारह दिनों में रामजी ने पूरे भारत को और सभी समाज जनों को स्वयं से जोड़ा और सबको परस्पर जुड़ने का संकल्प भी दिलाया। चूँकि दानवी शक्तियाँ सदैव सात्विक समाज के बिखराव का ही तो लाभ उठाती हैं। यदि समाज संगठित है, जागरूक है तो आसुरी शक्तियाँ कभी प्रभावी नहीं हो सकती। इसके साथ रामजी ने भी संदेश दिया कि उन लोगों के प्रति सदैव आभार का भाव रखना चाहिये जो असामान्य दिनों में सहयोगक बनते हैं।

रामजी द्वारा लंका से अयोध्या लौटने की यात्रा में दिया गया यह संदेश आज भी दीपावली की तैयारी में झलकता है। रामजी के लौटने पर केवल दीप जलाने परंपरा होती तो यह दीवाली के एक ही दिन में हो सकती थी। लेकिन दीपावली की तैयारी और पाँच दिवसीय त्योहार परंपरा पूरे राष्ट्र और समाज को एक सूत्र में जोड़ने के सूत्र हैं। दीपावली की तैयारी में केवल कोई एक व्यक्ति या परिवार नहीं जुटता और न त्योहार अकेले मनाया जा सकता है। इसमें पूरे समाज की प्रत्यक्ष या परोक्ष सहयोग और सहभागिता होती है। त्योहार की तैयारी, साफ सफाई, लिपाई-पुताई, पुरानी वस्तुओं को हटाना और नयी वस्तुओं के क्रय करने में समाज का ऐसा कौन -सा वर्ग है जिसकी सहभागिता नहीं होती। घर की झाड़ू से लेकर स्वणार्भूषण तक सभी वस्तुएँ क्रय की जाती है। समाज का ऐसा कौन-सा वर्ग या व्यक्ति है जिसे भेंट नहीं दी जाती। यही तो सर्वसमाज की सहभागिता और सहयोग है ।

रामजी ने श्रीलंका से लौटते समय संपूर्ण समाज को एकत्व का यही संदेश दिया कि समाज संगठित रहे, परस्पर सहयोगी रहे। तभी आसुरी शक्तियों से सभ्य सुसंस्कृत समाज सुरक्षित रहेगा। हम आज यद्यपि मूल उद्देश्य भूल गये पर समाज को जोड़ने-जुड़ने की प्रक्रिया तो यथावत है। साफ-सफाई, लिपाई-पुताई से लेकर नए वस्त्र बर्तन आभूषण, घर या भवन को सजाने की वस्तुएँ क्रय करते हैं जिससे हर हाथ को काम मिले। सबको एक-दूसरे की आवश्यकता अनुभव हो। एक-दूसरे का महत्व समझे।

# भारतीय सनातन संस्कृति के विरुद्ध झूठे विमर्श !

**- प्रहलाद सबनानी**

**भारत** में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश की मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

भारत में झूठे विमर्श गढ़ने का इतिहास रहा है। अंग्रेजों के शासन काल में भी कई प्रकार के झूठे विमर्श गढ़ने के भरपूर प्रयास हुए थे जैसे पश्चिम से आया कोई भी विचार वैज्ञानिक एवं आधुनिक है, भारत सपेरों का देश है एवं इसमें अपढ़ गरीब वर्ग ही निवास करता है, भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति रूढ़िवादी एवं अवैज्ञानिक है, शहरीकरण विकास का बड़ा माध्यम है अतः ग्रामीण विकास को दरकिनार करते हुए केवल शहरीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, शहरी, ग्रामीण एवं जनजातीय के बीच में आर्थिक विकास की दृष्टि से शहरी अधिक महत्व के क्षेत्र हैं, विदेशी भाषा को जानने के चलते नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है, संस्कृति से अधिक तर्क को महत्व दिया जाना चाहिए, व्यक्ति एवं समश्टि में व्यक्ति को अधिक महत्व देना अर्थात व्यक्तिवाद को बढ़ावा देना चाहिए (पूंजीवाद की अवधारणा), कम श्रम करने वाला व्यक्ति अधिक होशियार माना गया, सनातन हिन्दू संस्कृति पर आधारित प्रत्येक चीज को हेय दृष्टि से देखना, जैसे दिवाली के फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैं, होली पर्व पर पानी की बबार्दी होती है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज सनातन भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।

इसी प्रकार, भारतीय सनातन संस्कृति पर हमला करते हुए ह्लमाई बॉडी माई च्वाइसह्व; ह्लहमको भारत में रहने में डर लगता हैह्व; आदि नरेटिव स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। वाशिंगटन पोस्ट एवं न्यूयॉर्क टाइम्ज लम्बे-लम्बे लेख लिखते हैं कि भारत में मुसलमानों पर

**धर्म**

अन्याय हो रहा है। कोविड महामारी के दौरान भी भारत को बहुत बदनाम करने का प्रयास किया गया था। वर्ष 2002 की घटनाओं पर आधारित एक डॉक्युमेंटरी को बीबीसी आज समाज के बीच में लाने का प्रयास कर रहा है। अडानी समूह, जो कि भारत में आधारभूत संरचना विकसित करने के कार्य का प्रमुख खिलाड़ी है, की तथाकथित वित्तीय अनियमितताओं पर अमेरिकी संस्थान ह्लहिंडनबर्गह्व अपनी एक रिपोर्ट जारी करता है ताकि इस समूह को आर्थिक नुकसान हो और यह समूह भारत की आर्थिक प्रगति में भागीदारी न कर सके। हैपीनेस इंडेक्स एवं हंगर इंडेक्स में भारत की स्थिति को झूठे तरीके से पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से भी बदतर हालात में बताया जाता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, भारतीय मुसलमानों की स्थिति के बारे में तब विपरीत बात करते हैं जब भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर होते हैं। ऐसा आभास होता है कि भारत के विरुद्ध यह अभियान कई संस्थानों एवं देशों द्वारा मिलाकर चलाया जा रहा है।

भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे ह्यजुगाड़ह्न कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो ह्यरिवर्स इंजीनियरिंगह्न। पश्चिम का प्रत्येक कदम वैज्ञानिक है, परंतु भारतीय आयुर्वेद को हर बात सिद्ध करने की आवश्यकता होती है। पश्चिम का अधूरा अध्ययन भी साइन्स की श्रेणी में है, परंतु भारत के कई प्राचीन वैज्ञानिक तथ्य भी रूढ़िवादी माने जाते हैं। पश्चिमी विचारधारा में व्यक्ति की भावुकता के लिए कोई स्थान नहीं है, केवल तकनीकी के बारे में ही विचार किया जाता है। इसी प्रकार से भारत में बाल श्रम को लेकर पश्चिमी देशों द्वारा हो हल्ला मचाया जाता है किंतु उनके अपने देशों में कई प्रतियोगिताओं में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे भी भाग लेते हैं, परंतु उनकी दृष्टि में यह बाल श्रम की श्रेणी में नहीं आता है। भारत में यदि 16 वर्ष की कम उम्र के बच्चे अपने पारम्परिक व्यवसाय की कला में पारंगत होना प्रारम्भ करें तो यह बाल श्रम की श्रेणी में माना जाता है। भारत के संदर्भ में यह दोहरी नीति का विमर्श क्यों खड़ा किया जाता है। भारतीय सनातन संस्कारों के अनुसार भारत में कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणति के रूप में दिखाई देते है। परंतु, पश्चिमी आर्थिक 'दर्शन में संयुक्त परिवार लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई देते हैं एवं विकसित देशों में सामान्यतः बच्चों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही, वे अपना अलग परिवार बसा लेते हैं तथा अपने माता-पिता से अलग मकान लेकर रहने लगते हैं। इस चलन के पीछे संभवत आर्थिक पक्ष इस प्रकार जुड़ा हुआ है कि जितने अधिक परिवार होंगे उतने ही अधिक मकानों की आवश्यकता होगी, कारों की आवश्यकता होगी, टीवी की आवश्यकता होगी, फ्रिज की आवश्यकता होगी आदि। लगभग समस्त उत्पादों की आवश्यकता इससे बढ़ेगी जो अंततः मांग में वृद्धि के रूप में दिखाई देगी एवं इससे इन वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। ज्यादा वस्तुएं बिकने से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी। कुल मिलाकर इससे आर्थिक वृद्धि दर तेज होगी।विकसित देशों में इस प्रकार की मान्यताएं समाज में अब सामान्य हो चलीं हैं।

# अजमेरा के नामांकन में उमड़ा जन सैलाब

## झारखंडी नृत्य, ढोल नगाड़ों की धुन के साथ समर्थकों ने निकाला जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** युवा नेता हर्ष अजमेरा ने शुक्रवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया जिसके बाद हजारीबाग स्टेडियम से भव्य शोभायात्रा निकली गई वहीं स्टेडियम परिसर में आशीर्वाद जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें सदर विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे। एक विशाल और रंगारंग शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष जोश और उत्साह के साथ शामिल हुए। यह शोभायात्रा सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनी, जहां विभिन्न आयु वर्ग के लोग अपनी अनूठी वेशभूषा और जोशपूर्ण समर्थन के साथ एकत्र हुए। इस भव्य शोभायात्रा की शुरूआत कंचन ग्राउंड से हुई। यात्रा से पूर्व हर्ष अजमेरा ने नरसिंह स्थान मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा में आकर्षक और पारंपरिक वेशभूषा में सजे हुए युवा विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। इनके अलावा, यात्रा में ढोल-नगाड़े और पारंपरिक संगीत ने वातावरण को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। वही शोभायात्रा में बंगाल की धरती से पधारे छऊ नृत्य का विशेष प्रस्तुति रहा। इस शोभायात्रा में हर्ष अजमेरा के समर्थकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सड़कों पर उपस्थित लोगों के हाथों में हर्ष अजमेरा नामक तख्तियां और झंडे थे, जो उनके समर्थन और विश्वास को दिखा रहे थे। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी एक साथ कदम से कदम मिलाते हुए यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में अजमेरा के समर्थन में जोरदार नारेबाजी और जयकारे गूंजते रहे। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की यह केवल एक नामांकन नहीं है, यह जनता के विश्वास और समर्थन का प्रतीक है। मैंने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी है, और अगर मुझे इस चुनाव में जनता का आशीर्वाद मिला, तो मैं विकास और पारदर्शी प्रशासन के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। मेरा उद्देश्य हर व्यक्ति की आवाज को सशक्त बनाना है, और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। अजमेरा ने यह भी कहा कि वह बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और महिलाओं की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने समर्थकों से कहा कि हमारी जीत जनता की जीत होगी।सभी के हित में काम करेंगे। शोभायात्रा के दौरान प्रमुख मंदिरों में भी उन्होंने भगवान के दर्शन किए और जनता के कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा।







रामगढ़ में भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी की नामांकन रैली में आजसू और भाजपा कार्यकर्ता।

# बड़कागांव से रोशन चौधरी की जीत पक्की : जायसवाल

## एनडीए प्रत्याशी के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। एनडीए प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के नामांकन रैली में शुक्रवार को भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से जन सैलाब उमड़ा। कोयलांचल के भुरकुंडा, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, सौंदा बस्ती, रिभर साईड, सयाल-उरीमारी, भदानीनगर के कुरसे, मतकमा, देवरिया, चिकोर, लपंगा, चोरधरा, चैनगडा, निमी, पाली, सांकी, सुद्दी, अमझरिया, बासल के बलकुदरा, लबगा, रसदा, जयनगर, बरघुटुवा सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रो से हजारो की संख्या में एनडीए समर्थक चार पहिया व दो पहिया वाहनो से रामगढ़ के लिए रवाना हुए। रैली में हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल मोटर साईकिल पर सवार होकर लोगों का अभिवादन कर रहे थें।

वहीं मतकमा चौक से सांसद मनीष जयसवाल के नेतृत्व में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित भाजपा व आजसू के हजारो कार्यकर्ता आपका विधायक कैसा हो रोशन लाल जैसा हो का नारा लगाते हुए अपने प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के नामांकन के लिए रवाना हुए। मौके पर सांसद मनीष जयसवाल ने कहा कि इस बार बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की लहर चल रही है। सहयोगी दल व भाजपा कार्यकताओं सहित विधानसभा की जनता ने बदलाव का मुड बना लिया है। रोशन लाल की जीत तय है। नामांकन रैली में सांसद मनीष जयसवाल, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सनी प्रसाद कुशवाहा, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, प्रमंडलीय प्रभारी योगेश दांगी, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, महामंत्री अमरेश सिंह व अशोक सोनी, जुगल नायक, अखिलेश टोप्पो, उपाध्यक्ष अनुप ठाकुर सहित भारी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता शामिल थे।



### नामांकन में ये हुये शामिल

नामांकन रैली में पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सनी प्रसाद कुशवाहा, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, प्रमंडलीय प्रभारी योगेश दांगी, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, महामंत्री अमरेश सिंह व अशोक सोनी, जुगल नायक, अखिलेश टोप्पो, उपाध्यक्ष अनुप ठाकुर, अजय पासवान, कन्हैया सिंह यादव, राजन पांडेय, राजेश सोनी, सलील मोहन सिन्हा, राकेश सिन्हा, राजू मल्होत्रा, मुन्ना श्रीवास्तव, प्रदीप मांझी, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, कामेश्वर मेहता, ब्यास पांडेय, इमरोज खान, किशुन नायक, राजेश प्रधान, कृष्णानंद प्रसाद, मोती नारायण सिंह, राजेंद्र मुंडा, आशीष शर्मा, देवेंद्र सिंह, फुलेश्वर राम, अनिल खरवार, आनंद कुमार, बालेश्वर राम, पंचम महतो, मिहिलाल बेदिया, विद्या सागर ओझा, बिरेंद्र सिंह, महावीर सिंह, लोकेश्वर बेदिया, जगमोहन बेदिया, सहजनाथ महतो, झांगू बेदिया, समीर बेदिया, सुभाष बेदिया, रविंद्र कुमार, गणेश राम, शंकर सिंह, छोटू करमाली, अनुप, धर्मेंद्र यादव, हर्ष कुमार, बबलू करमाली, अक्कू हाजरा, छोटू करमाली सहित हजारों की संख्या में एनडीए कार्यकर्ता शामिल थे।

## भुरकुंडा पहुंची बीएसएफ की ई-78 बटालियन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर बड़कागांव विधानसभा चुनाव में भी पुलिस-प्रशासन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव को ले शुक्रवार को बीएसएफ ई-78 की बटालियन भुरकुंडा पहुंची। यहां कंपनी के कमांडर इंस्पेक्टर अमित हंस सहित पुरी टीम का भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि बीएसएफ कंपनी की बटालियन पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में ठहरेगी। साथ ही चुनाव को ले मुस्तैदी से डटकर क्षेत्र में कार्य करेगी। श्री गुप्ता ने कहा कि पुरे भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव को ले भुरकुंडा पुलिस कटिबद्ध है। उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से निर्भिक होकर चुनाव में मत डालने की अपील की।

## बड़कागांव से अंतिम दिन 17 लोगों ने किया नामांकन

**रामगढ़।** बड़कागांव विधानसभा से शुक्रवार को नामांकन के आखिरी दिन कुल 17 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा है। इस विधानसभा से 28 उम्मीदवार पर्चा भर चुके हैं। शुक्रवार को पर्चा भरने वालों में सोहर महतो, मो हसन, बालेश्वर कुमार, मो शमीम मियां, अनिरुद्ध कुमार, सुनील कुमार बेदिया, अमन कुमार, फुलेश्वर कुमार, महेश प्रसाद साव, जगतार सिंह, रंजन सोनी, झरी मुंडा, प्रकाश सोनी, कामेश्वर कुमार दास, लाल देव मुंडा, बिट्टू कुमार सिंह और राज किशोर चौधरी शामिल हैं।

# रामगढ़ में 50 लाख का डोडा जब्त, एक गिरफ्तार

## लोहे की आड़ में डोडा की जा रही थी तस्करी : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** पुलिस ने 50 लाख के डोडा के साथ एक तस्कर को गिया गिरफ्तार है। उसके पास से 543 किलोग्राम डोडा जब्त किया। एसपी अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रांची से पंजाब जा रहे एक ट्रेलर पर डोडा लादकर ले जाया जा रहा है। चुटूपालू घाटी में जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रेलर (पीबी 03 एपी 9945) को रोकने का प्रयास किया लेकिन वह गाड़ी नहीं रुकी। ड्राइवर ने तेज गति से गाड़ी को भगाने का प्रयास किया और वह घाटी में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने जब ट्रेलर की तलाशी ली तो उसमें 28 बोरियों में 543 किलो डोडा छुपा कर ले जाया जा रहा था। एसपी ने बताया कि लोहे की आड़ में डोडा की तस्करी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि ट्रेलर मालिक सह चालक बाल करण सिंह पंजाब राज्य के भटिंडा जिला अंतर्गत नैवाडा थाना के जीदा गांव का रहने वाला है। वह राउरकेला उड़ीसा से लोहा लाद कर पंजाब के लिए निकला था। रास्ते में सिमडेगा में रुककर उसने 28 बोरी में बंद 543 किलोग्राम डोडा ट्रेलर पर लाद लिया और उसे लोहे से छुपा दिया।

छापेमारी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, पुअनि बिरबल हेम्ब्रम, पुअनि उपेन्द्र कुमार, सअनि सुजीत सिंह एवं पुलिस बल के जवान शामिल थे।






## 5000 किलो जावा महुआ नष्ट

**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को उत्पाद विभाग रामगढ़, उत्पाद विभाग रांची, उत्पाद विभाग पुरुलिया , बरलंगा थाना एवं सिल्ली थाना के सहयोग से संयुक्त अभियान चलाया गया। रामगढ़, रांची एवं पुरूलिया से सटे सीमावर्ती इलाकों, रामगढ़ थाना अंतर्गत स्वर्ण रेखा नदी के किनारे बरलंगा, नावाडीह, कोराम्बे, पुरुलिया जिला अंतर्गत झालदा, तुलिन, बरजोपुर एवं सिल्ली थाना अंतर्गत हलमाद, सिल्ली आदि जगहों में सघन एवं व्यापक उत्पाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान से 20 अवैध शराब की भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। वहीं 5000 किलोग्राम जावा महुआ एवं 500 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। छापेमारी में मुख्य रूप से कांग्रेस कुमार, अवर निरीक्षक उत्पाद रामगढ़, अमित मड़की अवर निरीक्षक उत्पाद रामगढ़, अनंत कुमार सिंह, रजनीश कुमार व अन्य शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के कुरसे में बुधवार रात एक युवक का शव रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया। मृतक की पहचान भुरकुंडा पानी टंकी निवासी 36 वर्षीय अनिल राम उर्फ छोटू राम, पिता विजय राम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अनिल राम बुधवार रात तनाव में घर से निकला और वापस नहीं लौटा। खोजबीन के क्रम में देर रात कुरसे गांव के निकट रेलवे ट्रैक पर उसका शव मिला। मामले की सूचना पर पहुंची भदानीनगर पुलिस ने पंचनामा करते हुए शव को कब्जे में ले लिया। इधर पुलिस ने गुरुवार की सुबह यूडी केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सबकुछ साफ हो सकेगा।

### रामचंद्र वर्मा की पुण्यतिथि मनी



**कुजू।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के झारखंड आंदोलनकारी गरीब मजदूर के मसीहा रामगढ़ एवं हजारीबाग में झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी को बड़े स्तर तक पहुंचाने वाले स्व रामचंद्र वर्मा का प्रथम पुण्यतिथि नयामोड़ स्थित शहीद निर्मल महतो स्मृति भवन में मनाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से राज्य के दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने रामचंद्र वर्मा के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया। वही उन्होंने रामचंद्र वर्मा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर सोमरमांझी, राजकुमार महतो, रामकुमार सिंह, बोधन मांझी, मोहम्मद अलाउद्दीन, साबिर अंसारी,राजनाथ महतो, विनोद कुमार सिंह, गुलाम नबी, सुरेश चंद्र पटेल, मोहरलाल महतो, सावना मांझी, बबलू मांझी, मोहम्मद यासीन, नसीम अंसारी, वजीर अहमद, चंदन कपूर, मांगू मांझी, रामनाथ महतो, शैलेश चंद्र सूर्यवंशी, सुरेश मांझी आदि शामिल थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में गोष्ठी आयोजित



**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में शुक्रवार को वाटिका खंड के अरुण, उदय एवं प्रभात कक्षा के अभिभावक गोष्ठी हुआ। गोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य उमेश प्रसाद, कार्यक्रम के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से किया । अभिभावक गोष्ठी में छात्रों की प्रगति, शैक्षणिक उपलब्धियों और शैक्षणिक योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य, आचार्य और अभिभावकों ने मिलकर विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किया। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की और स्कूल के प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। अभिभावकों ने कहा इस प्रकार की गोष्ठी से हमें विद्यालय और शिक्षकों के प्रयासों के बारे में जानकारी मिलती है, जो हमारे बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य ने कहा कि अभिभावक अपना बहुमूल्य समय बच्चों के साथ बिताएं। जिससे बच्चे अपने अभिभावक के साथ घुल मिल जाएं और अपनी संपूर्ण बात उनसे कर सके।

### उज्जवला फाउंडेशन की बैठक



**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन का मासिक बैठक शुक्रवार को । बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स के सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन आशा कुमारी ने किया। बैठक के दौरान फॉउंडेशन के मजबूती व विस्तार पर चर्चा किया गया। आने दिनों होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अपने अपने विचार दिए। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि चुनाव के दौरान हमारे महिलाओं के विकास को प्राथमिकता देगा उसका हम सभी समर्थन करेंगे। साथ ही उन्होंने सदस्यों को बिना बताए किसी भी पार्टी के कार्यक्रम में शामिल नही होने का निर्देश दिया। गीता देवी, ललिता देवी, सुमित्रा , खुशबू, आरती, दुलारी, नीलम, मनसरी, कौशल्या, पूनम, रीता, गुड़िया, छोटन प्रजापति आदि शामिल थे।

### अटल विचार मंच में शामिल हुये अंशु गुप्ता



**कुजू।** अंशु गुप्ता ने भाजपा छोड़ गुरुवार शाम अटल विचार मंच का दामन थाम लिया। अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। अंशु गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य एवं प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा दे दिया हूं। वहीं उन्होंने अपने इस्तीफ के बारे में बताया कि भारतीय जनता पार्टी नीति और सिद्धांतों से पूरी तरह भटक गई है। वह भाजपा में रहकर अपने उन उद्देश्यों को पूरा नहीं कर पा रहे थे। जिसके लिए वह राजनीति में आये हैं।

## एक नजर में

### उमाशंकर अकेला ने सपा से भरा पर्चा



**बरही।** उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के बाद समाजवादी पार्टी का दामन थामते हुए निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। अकेला ने कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और टिकट वितरण में पारदर्शिता का पालन नहीं किया गया। उमाशंकर अकेला ने बरही निर्वाचन कार्यालय में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके समर्थकों में खासा उत्साह देखा गया, जो समाजवादी पार्टी के झंडे और नारों के साथ उनकी हौसला-अफजाई कर रहे थे। नामांकन के बाद श्री अकेला ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में अब केवल पैसे वालों की सुनवाई होती है, सच्चे कार्यकताओं की कद्र नहीं की जाती। नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत में उमाशंकर अकेला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने टिकट वितरण में पैसे का खेल किया है। उन्होंने कहा कि मैं इस चुनाव में जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हूं। मुझे पता है कि बरही की जनता मेरे साथ है और वे मेरे प्रति अपना समर्थन इस बार भी प्रकट करेंगे। उमाशंकर अकेला ने मतदाताओं से अपील की कि वह उनके विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए अपना समर्थन दें।

### कांग्रेस से अरुण साहू ने दाखिल किया नामांकन



**बरही।** कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने समर्थकों के साथ जोरदार रैली निकालते हुए निर्वाचन कार्यालय अनुमंडल में नामांकन पत्र दाखिल किया। साहू ने अपने पिता के आदर्शों और सपनों को पूरा करने की बात कही। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं और भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की। नामांकन के बाद मीडिया से बात करते हुए अरुण साहू ने कहा, मेरे पिता ने इस क्षेत्र के विकास के लिए अपना जीवन को समर्पित किया था। उनकी सोच थी कि यह क्षेत्र भ्रष्टाचार मुक्त बने और लोगों को उनके अधिकार बिना किसी अड़चन के मिलें। उनके इन्हीं सपनों को पूरा करने के लिए मैं इस चुनावी मैदान में उतरा हूं। अरुण साहू ने यह भी कहा कि उनके चुनावी अभियान का मुख्य मुद्दा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क निर्माण जैसे मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही, उन्होंने अपने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग वर्षों से इस क्षेत्र में शासन कर रहे हैं, उन्होंने विकास के नाम पर सिर्फ झूठे वादे किए हैं।अरुण साहू के नामांकन भरने के बाद कांग्रेस समर्थकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने फूल-मालाओं से साहू का स्वागत किया और चुनाव में जीत दिलाने के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। मौके पर उनकी मां साबी देवी, छोटन ठाकुर, विनय साव, विष्णुधारी महतो, बबलू साव सहित अन्य सैकड़ो कांग्रेसी मौजूद थे।

### हजारीबाग में डिस्लेक्सिया जागरूकता रैली



**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय डिस्लेक्सिया जागरूकता कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बिहारी बालिका उच्च विद्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, जिला शिक्षा अधीक्षक सह प्राचार्य डाइट आकाश कुमार एवं प्रभारी प्राचार्य रूपा वर्मा के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम के अंतर्गत रैली के माध्यम से डिस्लेक्सिया की जानकारी एवं उससे संबंधित भ्रांतियों पर प्रकाश डाला गया। डिस्लेक्सिया पर चर्चा करते हुए डायट संकाय सदस्य रंजीत वर्मा ने बताया कि डिस्लेक्सिया एक सीखने की अक्षमता है। डिस्लेक्सिया से पीड़ित लोगों को पढ़ने और संबंधित कौशल में परेशानी होती है। इसके लक्षणों में देखा जाए तो सरल शब्दों की वर्तनी लिखने में कठिनाई, अक्षरों के नाम सीखने में परेशानी, कक्षा में जोर से पढ़ने की इच्छा न होना, नए शब्दों को बोलने में परेशानी जैसे लक्षण शामिल हैं। कार्यक्रम में डायट संकाय सदस्य महेंद्र गुप्ता, रंजीत कुमार, प्रीति बाला खलको, स्नेहा भारती,अनिता कुमारी, मित्रा ताप्ती ने भागीदारी निभाई। इसके अलावा अर्चना कुमारी, श्वेता भारती ,पिंकी कुमारी, जया कुमारी, रेणु कुमारी, ममता कुमारी, सीमा कुमारी, नेहा निवेदिता, गीतिका सिन्हा, कुमारी विनीता, सोनी कुमारी, रॉबिंसन भुइया की सराहनीय भूमिका रही।

### फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रमुख ने किया उद्घाटन

**चरही।** प्रखंड के जरबा पंचायत दासोखाप में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट में क्षेत्र के 16 टीम शामिल किए गए हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच सुइयाडीह और लोथरवा के बीच खेला गया। दोनो टीम के खिलाड़ियों से परिचय बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक द्वारा कराया गया। दोनो टीम के खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को मित्रता बनाकर खेलें। प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने कीक मार कर मैच का उद्घाटन किया। दोनों टीम के रोमांचक मुकाबले में सुइयांडीह के टीम ने 1 -0 से पेनाल्टी शूट मारकर जीत दर्ज कर की। मौके पर कृष्ण कुमार मुर्मू,रमेश सोरेन,संग्राम मांझी,कुलेश्वर रविदास,सुखदेव मांझी,लक्की सोरेन,सूरज सोरेन,सिकंदर सोरेन,प्रदीप सोरेन,दीपक,राहुल, अमर,अरविंद टुडू,अजय टुडू,रणधीर टुडू समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### शत -प्रतिशत करें मतदान : मजदूर संघ

**हजारीबाग ।** भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार अपने दो दिवसीय प्रवास में हजारीबाग जिले के तीन विधानसभाओं में राज्य हित के लिए 100प्रतिशत मतदान हेतु कार्यकताओं के साथ बैठक किए। जिसमें बरही विधानसभा, हजारीबाग विधानसभा और बड़कागांव विधानसभा, मांडू विधानसभा में कार्यकताओं से बैठक कर उन्होंने ने राज्य हित में शत - प्रतिशत मतदान का आह्वान किया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार, जिला अध्यक्ष माया मेहता, जिला मंत्री नीरज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष शिव सिंह और जिला कोषाध्यक्ष रंजन दास उपस्थित थे।

## जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मतदाताओं को किया जागरूक

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के संबंध में क्विज प्रतियोगिता स्पीच कंपटीशन तथा पेंटिंग कंपटीशन में भाग लिया। साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समाज को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। बता दें कि इस उपलक्ष्य पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा विभिन्न प्रकार के चुनाव संबंधित बच्चों से क्रियाकलाप करने का निर्णय लेकर समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि हर चुनाव का फैसला मतदान करने वाले लोगों द्वारा होता है। इस तरह के क्रियाकलाप से बच्चों में अलग उत्साह व जानकारी मिलती है, जिससे कि वे अपने भविष्य में अपने मतों का प्रयोग सही से कर पाएं और लोगों को जागरूक करें। इस कॉन्टेस्ट में बच्चों ने भाग लेकर अपने अंदाज में मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर नीरज कुमार सिंह, प्रतिमा कुमारी, सोनी चंदन, इलियास अंसारी समेत सभी शिक्षकों ने अपने आस-पास के लोगों से वोट देने की अपील की।

## कोडरमा में कार से 25 लाख नकदी बरामद, एक हिरासत में

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चेक पोस्टों पर सघन जांच अभियान के दौरान शुक्रवार को जिले के जवाहर घाटी में चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक कार से 25 लाख नकदी बरामद हुआ है।

पुलिस ने इस मामले में मजीद खान को हिरासत में लिया है। चंदवारा थाने में उससे पूछताछ की जा रही है। नकदी के बारे में पुलिस जानकारी हासिल कर रही है। मजीद खान कोलकाता से बिहार जा रहा था।

इसी दौरान चेक पोस्ट पर जांच के दौरान वह नकदी के साथ पकड़ा गया।

## चार हजार सात सौ दस खातों से 28 लाख रुपये हो गया गायब

# गिद्धौर पैक्स बैंक में हुआ लाखों का घोटाला

खबर मन्त्र संवाददाता




**गिद्धौर।** गिद्धौर पैक्स बैंक में कर्मचारियों की मिलीभगत से लाखों रुपये का घोटाला हुआ है।2004 में स्थापित इस बैंक में 2023 तक लगभग 5560 खाताधारक थे और विभिन्न सरकारी काम भी किए जाते थे। 2024 में अचानक सैकड़ों बैंक खाताधारकों के खाते बंद कर दिए गए, जिनकी संख्या 4710 बताई जा रही है। इन सभी खातों से 28 लाख 16 हजार 8 सौ 50 रुपये कर्मचारियों की मिलीभगत से गायब कर दिए गए हैं। इसकी जानकारी लाभुकों ने जिला उपयुक्त एवं मंत्री तथा झारखंड सरकार को लिखित आवेदन भी दिया है। आवेदन में बताया गया है कि गिद्धौर पैक्स में 2023 में 5560 खाते थे, जो 2023-24 में बिना किसी आदेश के घटकर 850 रह गए। 2022-23 में 5560 खाताधारकों का शेष राशि अंकेक्षण के अनुसार एक करोड़ 64 लाख 16 हजार 8 सौ 85 रुपये देय था, जो 2023-24 में 4710 खाते बंद होने के बाद अंकेक्षण के अनुसार घटकर एक करोड़ 36 लाख रह गया। इस प्रकार, 2023-24 और 2024 में 28 लाख 16 हजार 8 सौ 85 रुपये का अंतर आया, जिसका आरोप है कि उपरोक्त प्राधिकारियों द्वारा मिलीभगत से बंदरबांट किया गया। इसके अलावा, 2009-10 में गिद्धौर पैक्स के प्रबंधक सुरेश कुमार ने आईसीडीपी के माध्यम से 29 लाख 50 हजार रुपये पशुधन और सहायता समूह के नाम पर लिए थे, जिसे कागजी खानापूर्ति करके गबन कर लिया गया। उस समय अध्यक्ष और किसी भी कर्मचारी को इसकी जानकारी नहीं थी। साथ ही, 2018 में प्रधानमंत्री फसल बीमा करवाने के नाम पर भी लगभग 165000 रुपये का गबन किया गया था। वहीं अध्यक्ष, शाखा प्रबंधक और सहायक ने मिलकर एक मुर्दा व्यक्ति के नाम से 4925 रुपये निकाल लिए और आपस में बांट लिए। कृषि ऋण माफी में भी अनियमितता बरती गई और 100 किसानों के नाम पर मिली राशि को बंदरबांट कर लिया गया। बैंक में ऑफलाइन काम होने के कारण प्रबंधक द्वारा रिकॉर्ड में हेराफेरी की जाती थी। खाताधारकों ने जब इन सब बातों की जानकारी चाही तो सहायक रामकुमार पांडे ने बताया कि वर्तमान बचत और अंकेक्षण अधिकारी के आदेश से खाते बंद कर दिए गए हैं। पैक्स संचालक सुरेश दांगी ने कहा कि कोई भी खाता बंद नहीं किया गया है और जो खाते बंद बताए जा रहे हैं, वे सभी सक्रिय हैं और खाताधारकों के आने पर उन्हें चालू कर दिया जाएगा। पैक्स अध्यक्ष चिंतामन दांगी ने सभी आरोपों को गलत बताया और कहा कि पैक्स का काम नियमों के अनुसार किया जा रहा है। बीसीऐ सुरेश शहदेव ने कहा कि बैंक के नियमों के अनुसार, अगर कोई खाताधारक 3 से 6 महीने तक बैंक से लेनदेन नहीं करता है, तो उसका खाता स्वतः लॉक हो जाता है और खाताधारक को केवाईसी करवाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर ये सभी घटनाएं सच हैं, तो उच्च अधिकारियों से जांच करवाई जाएगी।

## एक नजर में

## मुखिया ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के द्वारी पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय द्वारी का निरीक्षण पंचायत मुखिया जगदीश यादव ने किया। मुखिया ने विद्यालय के शिक्षकों को रूटीन के अनुसार पढ़ाते हुए देखा और बच्चों की लगन और मेहनत से संतुष्ट हुए। मुखिया ने बच्चों को और बेहतर मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रबंधन समिति की बैठक में अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था। मुखिया ने शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों को बेहतर से बेहतर कार्य करने के लिए सलाह दी और आपसी सामंजस्य बनाए रखने पर जोर दिया। मुखिया ने अभिभावकों से कहा कि वे इस बात का विशेष ध्यान रखें कि बच्चे पढ़ाई से वंचित न रहें। मुखिया ने विद्यालय के उच्च वर्ग के बच्चों को विज्ञान प्रयोगशाला में कुशल शिक्षक द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षण करते हुए देखकर खुशी व्यक्त की। मुखिया ने शिक्षकों से कहा कि अगर उन्हें किसी भी तरह की मदद की जरूरत हो तो वे उनसे बेझिझक कहें, वह यथासंभव मदद करेंगे। पंचायत के सभी सम्मानित बुद्धिजीवी वर्ग, परम पूज्य बुजुर्ग, नौजवान साथी, माताएं और बहनें भी इस निरीक्षण के दौरान उपस्थित थे।

## मझगांवा पंचायत में चला मतदाता जागरूकता अभियान



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के मझगांवा पंचायत के बूथ संख्या 164, 165 और 166 में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में मतदाताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि मतदान उनका अधिकार है और उन्हें स्वतंत्र रूप से मतदान करना चाहिए। किसी के बहकावे या दबाव में आकर मतदान नहीं करना चाहिए। अगर कोई उन पर दबाव बनाता है, तो वे तुरंत प्रखंड प्रशासन को सूचित करें। इस अवसर पर दिगंबर पांडेय, उज्जवल कुमार सिंह, चितरंजन शर्मा, बीएलओ रिंकू कुमारी, रेणु देवी, सुनीता देवी और दर्जनों मतदाता उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में प्रशिक्षण अभियंत्रण हुआ सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं वरीय नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त के निर्देशानुसार प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस में प्रशिक्षण अभियंत्रण महाविद्यालय में इस सत्र का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। वहीं कोषांग प्रभारी डीएसई अजय कुमार एवं जिला सांख्यिकी पदाधिकारी कृष्णमूर्ति प्रसाद के देख-रेख में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें मुख्य रुप से मतदान दल द्वारा की जाने वाली सामान्य गलतियों, मतदाता मतदान के समय प्रबंधन, मतदान दल के कार्य एवं दायित्व, आईएलएमएस ऐप्प की जानकारी, टेस्ट के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षक रविकान्त कुमार रवि ने बेहतर ठंग से एक एक बिन्दु को बारिकि ठ़ग से बताया। वहीं प्रशिक्षक माघव कुमार ने सभी को ईभीएम टाइप एबीसीडी की जानकारी दिये साथ ही आईएलएमएस ऐप्प इन्सटॉल करवाया।

## जदयू जिला महासचिव ने पद से दिया त्यागपत्र

**कोडरमा।** जदयू जिला महासचिव रीतलाल प्रसाद सिंह ने पार्टी के रवैये से नाखुश होकर अपने पद से और प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा दे दिया है। उक्त जानकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने देते हुए बताया कि पार्टी के द्वारा उनका इस्तीफा स्वीकर कर लिया गया है, साथ ही प्रदेश नेतृत्व को इसकी सूचना दे दी गयी है।

## विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग

### जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड शिक्षा परियोजना चतरा के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे जिले से विभिन्न विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन जिले के उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद,जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय एवं खेल प्रभारी राकेश कुमार पांडे द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के नोडल शिक्षक दीपक कुमार राघवेंद्र चौधरी सुधीर कुमार जितेंद्र कुमार यादव एवं शिक्षक डॉ मनीष कुमार उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गिद्धौर, द्वितीय स्थान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सिमरिया और तृतीय स्थान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चतरा ने लाया। जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता से चयनित टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधत्व करेंगे। उक्त विजेता टीम को उप विकास आयुक्त द्वारा शिल्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने विजेता टीमों के उत्साहवर्धन करते हुए कहा राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भी अपना अच्छा प्रदर्शन दें। बताते चले कि झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण 13 नवंबर को मतदान होगा। शत प्रतिशत मतदाता मत के प्रति जागरूक होकर अपने मत का प्रयोग करें। इसके लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता के दौरान स्वीप कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न विद्यालय से आए प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने एक स्वर में कहा 13 नवंबर को मै अपने माता,पिता दादा, दादी,चाचा, चाची समेत अन्य जानने वाले लोगों मत की महत्ता को बताते हुए मतदान करने हेतु प्रेरित करूंगी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) द्वारा छोटे-बड़े वाहनों की जांच की जा रही है। इसी दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कोडरमा प्रखंड अंतर्गत मेघातरी स्थित चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। वाहन जांच पंजी का किया निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा किए जा रहे वाहन जांच पंजी की जांच की और उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। वहीं उन्होंने निर्देश दिया कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की जांच की जाए और अगर किसी वाहन से आपत्तिजनक सामग्री या अवैध राशि बरामद होती है तो उसे जब्त कर तत्काल जिला प्रशासन को सूचित किया जाए। निरीक्षण के दौरान दण्डाधिकारी और सभी अधिकारियों द्वारा छोटे-बड़े वाहनों की जांच करने की जानकारी ली, जिसमें वाहनों के डैशबोर्ड और डिक्की की विशेष रूप से जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चौक-चौराहों पर वाहनों की सघन जांच जारी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने यह भी अपील की कि 13 नवंबर 2024 को होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान जिले के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दें।

## सिमरिया व चतरा विधानसभा सीट से 23 उम्मीदवार मैदान में



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सिमरिया विधानसभा सीट से कुल 11 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिनमें झामुमो के मनोज कुमार चंद्रा, भाजपा के उज्जवल दास, सीपीआई के सुरेश कुमार, जेएलकेएम के जितेंद्र कुमार, बहुजन समाज पार्टी के रामावतार राम, झारखंड पार्टी के लालकिशोर दास और निर्दलीय उम्मीदवार विनय कुमार, विकास कुमार, शंकर रजक, बिनोद कुमार और सदानंद भुइंया शामिल हैं।नामांकन के अंतिम दिन 8 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए। वहीं चतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा,जिसमें राष्ट्रीय जनता दल से रश्मि प्रकाश, लोजपा से जनार्दन पासवान, बीएसपी से चंद्रशेखर कुमार, ए आई एम आई एम से सुबोध पासवान, निर्दलीय से अशोक गहलोत, उमेश भारती, मनोज भुइयां, सी पी आई एम से पुन भुइयां, सी पी आई से डोमन भुइयां, जे एल के एम से अशोक भारती, अखिल भारत हिन्दू महासभा से सागर राम और लोकहित अधिकार पार्टी से अशोक कुमार डोम शामिल हैं। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अब चौक-चौराहों पर चुनाव चर्चा जोरों पर है और पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। हालांकि, लोकसभा चुनाव की तरह ही इस बार भी स्थानीय उम्मीदवार की मांग जोरों पर है।

### काली महिला मंडल की बैठक में 29 नवंबर से

## तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सामंतो काली मंदिर में काली महिला मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव भक्तिभाव से मनाने का निर्णय लिया गया।

इस मौके पर मंदिर को भव्य लाइटिंग से सजाने एवं मंदिर कैंपस के समीप पंडाल का निर्माण कर विविध कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 29 नवंबर को एक सुसज्जित वाहन में दरबार के साथ भजन-कीर्तन करते हुए कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः काली मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। 30 नवंबर को सवा 36 घंटे के अखंड ज्योत के साथ भजनों का कार्यक्रम होगा।

## छात्रों का जूडो में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ चयन

**कोडरमा।** सीब्रीएसई. द्वारा आयोजित जूडो क्लस्टर चैंपियनशिप वाराणसी के ज्ञानदीप इंगलिश स्कूल में खेला गया। जिसमे 42 विद्यालयों के लगभग 750 बच्चों ने भाग लिया। वहीं ग्रिजली विद्यालय के बच्चों ने हमेशा की भांती अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अलग-अलग श्रेणियों में कुल 13 पदक अर्जित किए। जहां देवांशु कुमार ने स्वर्ण पदक जीता, तो बंटी यादव, हर्षितराज ने रजत पदक और कास्य पदक में सचिन यादव, रिशान्त यादव, सार्थक प्रकाश ने अपने-अपने नाम दर्ज करवाये। वहीं बालिकाओं की श्रेणी में अक्षीता यादव, संगमित्रा, अवनी सिन्हा, खुशी रंजन ने रजत पदक जीता तो कास्य पदक में कुमारी वैष्णवी, सुहाना राज और सिन्दू कुमारी ने अपने-अपने नाम दर्ज कराये।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शपथ समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में चल रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विद्यालय में शपथ समारोह का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य युवा नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के महत्व को पहचानने के लिए प्रेरित करना है। वहीं छात्रों और कर्मचारियों के बीच समान रूप से लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक सक्रिय कदम में मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने स्वीप व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी पहल के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिन्होंने सामूहिक रूप से अपनी नागरिक जिम्मेदारियों को निभाने, मतदान की शक्ति के बारे में जागरूकता फैलाने और पात्र व्यक्तियों को आगामी चुनावों में वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया।

## नामांकन के अंतिम दिन प्रत्याशियों की उमड़ी भीड़

### बसपा प्रत्याशी प्रकाश अंबेडकर समेत 8 प्रत्याशियों ने किया नामांकन








खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन प्रत्याशियों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं बसपा प्रत्याशी प्रकाश अंबेडकर समेत 8 प्रत्याशियों ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही कोडरमा विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम तिथि तक कुल 19 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। वहीं 28 अक्टूबर को स्क्रूटनी और 30 अक्टूबर को नाम वापसी की तिथि के बाद ही प्रत्याशियों की संख्या का सही अंदाज लग सकता है। बताते चलें कि शुक्रवार को नामांकन करने वाले प्रत्याशियों में बसपा से प्रकाश अंबेडकर, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा से मनोज कुमार, अखिल जनसमृधि पार्टी से रीतलाल प्रसाद सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गोपाल यादव, महेंद्र प्रसाद, कामेश्वर महतो, राजेश राज, प्रेमचंद नायक के नाम शामिल हैं। नामांकन के पूर्व प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ गाजे बाजे के साथ जुलूस के शक्ल में अनुमंडल कार्यालय के गेट तक पहुंचे थे।

**नाजिर रसीद खरीदने के बावजूद भी नही किया नामांकन :** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रमुख दलों समेत कुल 24 लोगों के द्वारा नामांकन प्रपत्र खरीदा गया था, हालांकि उसके विरुद्ध 19 प्रत्याशियों के द्वारा ही नामांकन दाखिल किया गया, शेष 5 लोगों के द्वारा नामांकन प्रपत्र खरीदने के बावजूद भी नामांकन दाखिल नही किया गया। नामांकन दाखिल नही करने वालों में लालती देवी पति सुभाष प्रसाद यादव बिशुनपुर झुमरीतिलैया, पूजा कुमारी गुमगी तीसरी गिरिडीह, कुमार सौरभ, प्रीति कुमारी चतरा, पवन भगत झुमरीतिलैया के नाम शामिल हैं।

## सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षक ने कोषांग पदाधिकारियों के साथ की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को भयमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने को लेकर शुक्रवार को सामान्य प्रेक्षक मालसिंह भयडिया, पुलिस प्रेक्षक सुधांशु वर्मा और व्यय प्रेक्षक सुरेंद्र सिंह मीणा के संयुक्त अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह समेत विभिन्न कोषांग के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान सभी कोषांगों के कार्यों की समीक्षा कोषांगवार करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं बैठक के दौरान उपायुक्त ने चुनाव को लेकर अबतक हुई तैयारियां और निष्पादित किये गए कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मतदान प्रतिशत की बेहतर उपलब्धि के लिए स्वीप कोषांग की टीम लगातार कार्य कर रही है, जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, झुमरीतिलैया में तीन दिवसीय पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव मनाया जाएगा।

# हेमंत सरकार के विकास कार्यों में बाधक बन रहे विपक्ष को चुनाव में सबक सिखायेगी जनता : बन्ना गुप्ता

- महागठबंधन के प्रत्याशी गणेश महाली के समर्थन में हुई जनसभा
- बन्ना गुप्ता ने युवाओं को जीत के लिए कमर कसने का आह्वान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**सरायकेला/ जमशेदपुर।** विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी गणेश महाली के नामांकन के अवसर पर एक विशाल जनसभा का आयोजन हुआ, जहां भारी संख्या में जनता ने हिस्सा लिया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इस सभा को संबोधित करते हुए जनता को झारखंड की अस्मिता और विकास के महत्व को समझाया।

**यह विचारधारा की लड़ाई : बन्ना गुप्ता –** बन्ना गुप्ता ने अपने संबोधन में युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि यह चुनाव सिर्फ एक सीट की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह विचारधारा की लड़ाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह झारखंड की संस्कृति, अस्मिता और झारखंडियों के सम्मान को बचाने का संघर्ष है। यह चुनाव झारखंड के समग्र विकास के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम है।



गणेश माहली को विजयी बनाने के लिए एकता दिखलाते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता,जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन व प्रत्याशी गणेश महली और नामांकन सभा को संबोधित करते मंत्री बन्ना गुप्ता (इनसेट)।

**धर्म और जाति की राजनीति का विरोध :** गुप्ता ने यह भी कहा कि धर्म और जाति के नाम पर जनता को बांटने की कोशिशें अब कामयाब नहीं होंगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे उन ताकतों का विरोध करें जो हेमंत सोरेन सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों में बाधा डालना चाहती हैं।

**विकास के मुद्दों पर जनता को किया जागरूक :** बन्ना गुप्ता ने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि यदि गठबंधन सत्ता में आता है, तो राज्य के हर कोने में विकास होगा। उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ने और सही निर्णय लेने का संदेश देते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है जब जनता उन लोगों को बाहर का रास्ता दिखाएगी जो विकास के कार्यों में रोड़ा बन रहे हैं। बन्ना गुप्ता ने कहा कि गणेश महाली के नामांकन की जनसभा में भारी भीड़ ने इस बात को दर्शाया कि जनता गठबंधन के साथ है।

## झामुमो के टिकट पर गणेश माहली का नामांकन

- कहा-चंपई ने 30 वर्ष से कुछ नहीं किया, इस बार झामुमो की जीत तय

**जमशेदपुर/सरायकेला।** सरायकेला सीट पर झामुमो के टिकट पर आज गणेश महाली ने नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर झामुमो नेता एवं पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी, कांग्रेसी नेता अजय सिंह समेत कई नेता मौजूद थे। नामांकन के पश्चात गणेश माहली ने कहा कि झामुमो और महागठबंधन की सरकार ने हेमंत बाबू के नेतृत्व में विगत पांच वर्षों में आदिवासी,मूलवासी और गरीब जनता के लिए जो काम किया है, जो विकास का काम किया है उसे जारी रखने के लिए एक बार फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा सह महागठबंधन को विजयी बनाना है। सरायकेला की जनता अपने बेटे गणेश महाली को अवश्य जीतायेगी। 30 वर्षों से वर्तमान विधायक ने इस क्षेत्र को जहां का तहां छोड़ दिया है। मैं विधायक बना तो इस क्षेत्र में विकास की नयी बयार बहाने का काम किया है। देखिए,गणेश महाली वो ही सिर्फ सिम्बल बदला है। इसलिए हम सरायकेला वासियों से अपील करते हैं कि तीर-धनुष पर अवश्य बटन दबायें। हमें पूरा भरोसा है कि सरायकेला समेत पूरे झारखंड में झामुमो की अगुवाई वाला महागठबंधन विजयी होगा।

## स्पीड न्यूज



### निर्दलीय शिवशंकर सिंह ने किया जनसंपर्क

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्व के निर्दलीय प्रत्याशी शिव शंकर सिंह ने बिरसानगर1 बी0, उरांव बस्ती सीतारामडेरा एवं एग्रिको में जनसंपर्क अभियान के तहत स्थानीय समस्याओं को जाना साथ ही लोगों से समर्थन व आशीर्वाद मांगा, इस दौरान बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिलाओं ने समर्थन किया साथ ही बिजयी होने का आशीर्वाद भी दिया। इस दौरान शिव शंकर सिंह ने सभी माननीय मतदाताओं का आभार प्रकट किया।

### ब्रह्मलोकधाम में धूमधाम से मनाया गया ब्रह्मोत्सव



**जमशेदपुर।** पूज्य गुरुजी श्रीमद् ब्रम्हानंद शास्त्रीजी का 96 वां जन्मोत्सव उनके भक्तों व शिष्यों द्वारा ब्रम्होलोकधाम,कदमा में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ब्रम्होलोकधाम में सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा। ब्रम्हा मुहुर्त में उनके विग्रह यानी प्रतिमा के श्रृंगार से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात प्रात: स्मरण भजन का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रुप से गायक सुब्रोतो विश्वास, श्रीमती अनन्दिता गुप्ता, बांसुरी पर अशोक दास, तबला पर श्यामा मुखर्जी तथा सिन्थेसाइजर पर संजय पात्रों ने संगत की। कार्यक्रम में कोलकाता, खड़गपुर और रांची के भी भक्त आये हुए हैं जिन्होंने जमशेदपुर के भक्तों के साथ मिल कर परम पुज्य भगवान श्रीमद् ब्रम्हानंद जी को पुष्पांजलि अर्पित की। संध्या पांच बजेसे 100 नर नारायणों की सेवा की गई जो गीतिलता,हाता से पधारे थे। उनके बीच फूड पैकेट तथा कंबल का वितरण किया गया। उसके पश्चात सामूहिक आरती कार्यक्रम हुआ जिसमें 550 से अधिक भक्तों ने शिरकत की। अंत में केक कटिंग एवं नगर कीर्तन हुआ। महाभोग के पश्चात कार्यक्रम संपन्न हुआ। बता दें कि अन्य वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुजी के जन्मोत्सव के अवसर पर फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन बनसा हाई स्कूल, चांडिल में तय था किन्तु दाना साईक्लोन के चलते उसे रद्द कर दिया गया। ब्रम्हानंद नारायणा अस्पताल, तामुलिया में गुरुजी के जन्मोत्सव पर ओपीडी सेवा फ्री रही।

### एनडीए प्रत्याशियों को जिताने को टीम वर्क जरूरी : आदित्य साहू

**जमशेदपुर।** शनिवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सासंद आदित्य साहू से आजसू प्रतिनिधि मंडल मुलाकात कर चुनावी चर्चा में शामिल हुए। इससे पूर्व भाजपा नेता सह पूर्वी विधानसभा के वरीय नेता भूपेंद्र सिंह द्वारा आजसू पार्टी के साथ पूर्वी विधानसभा में भाजपा और आजसू पार्टी के साथ समन्वय बनाने को बैठक बुलाई थी।

## बारिश के बावजूद चंपई की नामांकन सभा में उमड़ी भीड़, पूर्व सीएम बोले

# सरायकेला सीट पर खिलेगा कमल

- कहा, यह जन सैलाब इस बाद का प्रमाण है कि भारी मतों से सरायकेला फतह कर रहे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/ सरायकेला।** चंपई सोरेन ने शुक्रवार को सरायकेला सीट पर नामांकन दाखिल किया। उनका दावा था कि बारिस में भी यहां जन सैलाब नामांकन सभा में जुटा जो प्रमाण है कि यहां भाजपा की जीत तय है। यह पूछे जाने पर कि गणेश माहली के झामुमो का प्रत्याशी बनने से कोई असर पड़ेगा? चंपई सोरेन ने कहा कि उस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता है। यह पूछे जाने पर कि हेमंता विस्वा सरमा नामांकन सभा से गायब रहे? चंपई ने कहा कि बादल ने साथ नहीं दिया। साईक्लोन के चलते उनका हेलिकॉप्टर नहीं उड़ा, वो सड़क मार्ग से आ रहे हैं।

चंपाई सोरेन ने कहा कि सरायकेला का एक-एक मतदाता चंपाई सोरेन को जानता है, और प्यार करता है। हमने ताउम्र सरायकेला क्षेत्र की सेवा की। सीएम था तब भी इस क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता में रखा। आदिवासी अस्मिता की रक्षा के लिए मैंने भाजपा ज्वाइन किया है। इस पार्टी में आदिवासी और मूलवासी की भावनाओं से खिलवाड़ नहीं होता। आदिवासी और मूलवासी हित की सच्ची हितैषी है भाजपा इसलिए इस सीट पर हमारी जीत की गारंटी है।

श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड में बदलाव की बयार चल रही है। चुनाव में भाजपा सह एनडीए को बहुमत मिलने जा रहा है। भाजपा की सरकार बनने जा रही है तब निश्चित सरायकेला के लिए दूरगामी विकास योजनाओं पर काम होगा। मौके पर उदय सिंहदेव, वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद श्रीवास्तव समेत तमाम वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।



पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की नामांकन सभा के दौरान मंच पर उपस्थित भाजपा नेता और कार्यकर्ता।



## पुलिस प्रशासन ने भारी मात्रा में जब्त किया शराब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर अवैध शराब निमार्ता एवं विक्रेताओं के विरूद्ध छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी में पांच अवैध शराब बिक्री स्थलों से कुल 46.875 लीटर विदेशी शराब तथा 45.05 लीटर बीयर व करीब 60 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब बरामद किया गया। उक्त छापेमारी अभियान में कुल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज करते हुए अग्रतर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

वहीं एक अन्य कार्रवाई में घाटशिला के गालूडीह एवं बहरागोड़ा के बड़सोल से करीब 4200 किग्रा जावा महुआ एवं करीब 145 लीटर शराब जप्त किया गया।

## खरसावां : भाजपा प्रत्याशी सोनाराम बोदरा ने किया नामांकन, बोले

# भाजपा की परंपरागत सीट है खरसावां, जीतेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/ सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिला अन्तर्गत खरसावां विधानसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सोनाराम बोदरा ने नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर चुनाव प्रभारी डा जटाशंकर पांडेय समेत अन्य कई वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित थे।

सोनाराम बोदरा ने कहा कि भाजपा के केंद्रीय एवं राज्य नेतृत्व के भरोसा पर में खरा उतरने की कोशिश करुंगा। यह सीट भाजपा की परम्परा गत सीट है। इस सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ मेरी और एक-एक भाजपा कार्यकर्ता की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है।

दशरथ गगराई ने कोई यादगार काम ही नहीं किया है। पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने यहां 100 बेड का सरकारी अस्पताल स्वीकृत कराया था किन्तु दस साल में झामुमो के विधायक रहे दशरथ गगराई उसे धरातल पर नहीं ला सके। शिक्षा समेत जो भी विकास के कार्य हुए हैं वो भाजपा नेता अर्जुन मुंडा की देन है। खरसावां की तसर की पहचान देश में है किन्तु इस उद्योग के समवर्द्धन के लिए झामुमो विधायक ने कोई काम नहीं किया। ऐसे में अब खरसावां की जनता बदलाव चाहती है और निश्चित रुप से खरसावां में कमल खिलेगा।



पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ नामांकन करते सोनाराम बोदरा।

## कोल्हान की छह सीटों पर कुल 123 प्रत्याशियों का नामांकन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कुल 123 प्रत्याशियों ने सभी छह विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया। 44-बहरागोड़ा से 16, 45-घाटशिला से 12, 46-पोटका से 18, 47- जुगसलाई से 13, 48-जमशेदपुर पूर्व से 32 एवं 49-जमशेदपुर पश्चिम से 32 प्रत्याशी शामिल हैं।

**44- बहरागोड़ा विस क्षेत्र**

1. दिनेशानंद गोस्वामी, बीजेपी
2. समीर कुमार मोहंती, जेएमएम
3. अमर भकत, भागीदारी पार्टी (पी)
4. दिनेश महतो, जेएलकेएम
5. सनत महतो, बहुजन समाज पार्टी
6. रंजीत चाटियाल, निर्दलीय
7. धीरेंद्र नाथ बेरा, निर्दलीय
8. अशोक महतो, निर्दलीय
9. अर्जुन कुमार टुडू, निर्दलीय
10. फनी भूषण महतो, निर्दलीय
11. हर प्रसाद सिंह सोलंकी, एसयूसीआइ
12. सूरज गोप, निर्दलीय प्रत्याशी
13. कविता साव, निर्दलीय
14. स्वपन कुमार महतो, उढकट
15. राम मुर्मू, निर्दलीय
16. दुर्गापद घोष

**45- घाटशिला विस क्षेत्र**

1. सूर्य सिंह बेसरा, जे पी पी
2. बाबूलाल सोरेन, भारतीय जनता पार्टी
3. रामदास सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा
4. पंचानन सोरेन, निर्दलीय
5. रामदास मुर्मू, खछङट
6. इंद्रजीत मुर्मू, भारत आदिवासी पार्टी
7. पार्वती हांसदा, निर्दलीय
8. भवतारण महाली, निर्दलीय
9. सुनील कुमार मुर्मू, निर्दलीय
10. रामदेव हेम्ब्रम, निर्दलीय
11. दिकू बेसरा, रवउकउङ्के४ल्ल२३
12. विक्रम किस्कु, निर्दलीय

**46- पोटका विस क्षेत्र**

1. सुनीता मुर्मू, निर्दलीय
2. मीरा मुंडा, भारतीय जनता पार्टी
3. संजीव सरदार, जेएमएम
4. लव कुमार सरदार, निर्दलीय
5. सलमा हांसदा, झारखण्ड पीपुल्स पार्टी
6. बिजन सरदार, एसयूसीआइ प्रत्याशी
7. भागीरथ हांसदा, खछङट
8. सिरमा देवगम, निर्दलीय
9. सुबोध सिंह सरदार, निर्दलीय
10. महेंद्र मुर्मू, निर्दलीय
11. बब्लू टोप्पो, निर्दलीय
12. सागर बेसरा, निर्दलीय
13. सुरधु माझी, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया
14. चन्द्राय माहली, निर्दलीय
15. महीन सरदार, भारत आदिवासी पार्टी
16. राम चंद्र टुडू, राईट टू रिकॉल पार्टी
17.. धनंजय सिंह, निर्दलीय
18. कांदोमनी भूमिज, निर्दलीय

**47- जुगसलाई विस क्षेत्र**

1. रामचन्द्र सहिस, आजसू
2. मंगल कालिंदी, जेएमएम
3. मोहन लाल रजक, आमरा बंगाली पार्टी
4. कार्तिक मुखी, भारत आदिवासी पार्टी
5. मनोज करुआ, निर्दलीय
6. सृष्टि भुइयां, एनसीपी
7. बिप्लव भुइयां, निर्दलीय
8. जुगल किशोर मुखी, निर्दलीय
9. चन्दन भुइयां, निर्दलीय
10. बिजय कुमार मछुआ, निर्दलीय
11. विनोद स्वांसी, खछङट
12. दुखु मछुआ, निर्दलीय
13. विमल किशोर बैठा, निर्दलीय

**48- जमशेदपुर पूर्व विस क्षेत्र**

1. पूर्णिमा साहू, भारतीय जनता पार्टी
2. डॉ अजय कुमार, कांग्रेस
3. सुरजीत सिंह, राईट टू रिकॉल पार्टी
4. कृष्णा हांसदा, भारत आदिवासी पार्टी
5. शिव शंकर सिंह, निर्दलीय
6. कंचन सिंह, निर्दलीय
7. तरुण कुमार डे, खछङट
8. रविन्द्र सिंह, निर्दलीय
9. धर्मेंद्र कुमार सिंह, निर्दलीय
10. पवन कुमार पांडेय, ठउढ
11. सुग्रीव मुखी, खइडरर
12. कृष्णा लोहार, निर्दलीय
13. राजकुमार सिंह, निर्दलीय
14. इंदल कुमार सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक
15. अभिषेक कुमार, निर्दलीय
16. सोमनाथ बनर्जी, निर्दलीय
17. शुभम सिन्हा, निर्दलीय
18. सागर कुमार तिवारी, निर्दलीय
19. सौरभ विष्णु, निर्दलीय
20. मिनेमा गोंडल, निर्दलीय
21. रौशन सुंडी, निर्दलीय
22. रवि कुमार ठाकुर, निर्दलीय
23. बब्लू खूंटिया, निर्दलीय
24. अमित कुमार, निर्दलीय
25. चन्दन यादव, निर्दलीय
26. राजेश कुमार, समाजवादी पार्टी
27. माधवेन्द्र मेहता, खढढ
28. गोपाल लोहार, निर्दलीय
29. प्रीतम सिंह भाटिया, निर्दलीय
30. दिनकर कच्छप, निर्दलीय
31. आनंद कुमार पत्रलेख, निर्दलीय
32. सिंटू कुमार, निर्दलीय

**49- जमशेदपुर पश्चिम विस क्षेत्र**

1. बन्ना गुप्ता, कांग्रेस
2. सरयू राय, जदयू
3. महेश कुमार, राइट टू रिकॉल पार्टी
4. डॉ उमेश कुमार, निर्दलीय
5. राम बचन, भारतीय आजाद सेना
6. अन्नी अमृता, निर्दलीय
7. काशिफ रजा सिद्दकी, आजाद समाज पार्टी
8. मृत्युंजय कुमार, निर्दलीय
9. विकास सिंह, निर्दलीय
10. जितेंद्र सिंह, निर्दलीय
11. सौरभ कुमार ओझा, एनसीपी
12. संतोषी बाई, निर्दलीय
13. बिपिन कुमार सिंह, एसयूसीआइ
14. प्रभात कुमार सिंह, निर्दलीय
15. शम्भू नाथ चौधरी, निर्दलीय
16. वृंदावन दास, बहुजन समाज पार्टी
17. डॉ ओम प्रकाश आनन्द, निर्दलीय
18. अशोक कुमार, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)
19. बच्चे लाल भगत, निर्दलीय
20. जी जयराम दास, निर्दलीय
21. सरयू दुसाध, निर्दलीय
22. बाबर खान, अक्टक्ट
23. रंजीत दास, आदर्श संग्राम पार्टी
24. विजय तिवारी, निर्दलीय
25. चंदन प्रसाद, निर्दलीय
26. अजित यादव, समाजवादी पार्टी
27. डॉ ओम प्रकाश आनंद, समाजवादी पार्टी
28. सरोजनी साह, निर्दलीय
29. संतोष कुमार राय, निर्दलीय
30. नीतू कुमारी, निर्दलीय
31. तपन महतो, खछङट प्रत्याशी
32. प्यारेलाल साहू, लोकहित अधिकार पार्टी

**नोट :** ये आंकड़े और प्रत्याशियों की सूची नामांकन के आधार पर है। स्कूटनी के बाद प्रत्याशी घट भी सकते हैं।

## पोटका विस के झामुमो प्रत्याशी संजीव सरदार ने सहयोगी दलों संग की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इंडिया गठबंधन समर्थित पोटका विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी सह विधायक संजीव सरदार ने जनसंपर्क अभियान के पश्चात सहयोगी दल कांग्रेसियों के साथ तेंतला स्थित रिसोर्ट मे एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक मे प्रखंड के सभी वरीष्ठ कांग्रेसी पदाधिकारी उपस्थित हुये। यहां प्रत्याशी संजीव सरदार ने कहा कि विधानसभा चुनाव पुरी मजबुती के साथ लड़ा जायेगा। इसमें सभी के सहयोग की अपेक्षा रखते है। उन्होंने हमेशा ही गठबंधन को साथ लेकर चले है और आनेवाले दिनों मे भी साथ लेकर चलेंगे। सभी कांग्रेसियों से अपील होगा कि वह पुनः झारखंड मे इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिये उन्हें जितायें। उन्होंने और गठबंधन की सरकार ने यहां के विकास के लिये अनेक काम किया है। सभी कार्यकर्ता गांव मे जाये, गांव के लोगों को उनके गांव मे किये गये कार्य की जानकारी दे और झामुमो के पक्ष मे वोट देने की अपील करें।



## जमशेदपुर पश्चिम में गैस सिलेंडर ही कमल: सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम से एनडीए उम्मीदवार श्री सरयू राय ने शुक्रवार को शिवलाल, ग्वाला बस्ती, झाबरी बस्ती, विजया हेरिटेज सोसाइटी, कुंवर बस्ती, दाईगुट्ढु, गणेश अखाड़ा, नेहरू मैदान आदि इलाकों में जनसंपर्क किया। उन्होंने उक्त स्थानों पर अपने संबोधन में लोगों से कहा कि जमशेदपुर पश्चिम में गैस सिलिंडर छाप ही कमल फूल छाप है और कमल फूल छाप ही गैस सिलेंडर छाप है। किसी किस्म के भ्रम में नहीं पड़ना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सिलेंडर छाप पर ही मुहर मारें ताकि पेयजल, बिजली की समस्या दूर हो सके और कई इलाकों में व्याप्त गुंडई के माहौल को खत्म किया जा सके।

# भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने लोगों से मिलकर मांगा समर्थन

**जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा**

- कई प्रमुख नेताओं एवं गणमान्यजनों से भी की मुलाकात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू का तेज बारिश और हवाओं के बीच भी जनता एवं पार्टी नेताओं से मिलने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान की शुरुआत टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष शैलेश सिंह के घर से की, जहां उन्होंने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वह कार्यकर्ताओं व समर्थकों संग सीतारामडेरा मंडल के क्षेत्र विभिन्न इलाकों जैसे ग्वाला बस्ती, नंद नगर और ब्राह्मण टोला में पहुंची, जहां उन्होंने केशव यादव, गोपी साव, जीत बहादुर वर्मा, पींटू शुक्ला, महावीर यादव, महेन्द्र यादव, किशुन तिवारी, महेन्द्र शुक्ला, किशन यादव से मुलाकात कर जनसमर्थन प्राप्त किया। इसी तरह, एग्रिको में भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह के आवास जाकर भी उन्होंने समर्थन प्राप्त किया और उनके परिवार का अभिवादन स्वीकार किया। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोग उनकी सादगी और विनम्रता से काफी प्रभावित दिखे। कई घरों की महिलाओं ने पूर्णिमा का आरती-तिलक लगाकर स्वागत किया और पुष्प व अंग वस्त्र भेंटकर शुभकामनाएं व्यक्त की।



वहीं, जनता से मिल रहे अपार समर्थन से उत्साहित पूर्णिमा दास ने लोगों को आश्वस्त किया कि जनता के आशीर्वाद से वे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा किये गये विकास कार्यों को नये सिरे से प्रारंभ करेंगी। उन्होंने कहा कि मैं विधायक या नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक बहन, बेटी और सेविका के रूप में हर सुख-दुख में लोगों के बीच रहूंगी। पूर्णिमा का जनसंपर्क अभियान देर रात तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इसी बीच, पूर्णिमा साहू के एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय पर भी विभिन्न मंडल क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं की बैठकें आयोजित की गयीं, जिसमें चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनावों के निमित्त उत्साह के साथ अपने सुझाव दिये और चुनावी रणनीति बनायी।


## शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना प्राथमिकता : डॉ अजय

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी डॉ अजय कुमार शुक्रवार को बिरसानगर जोन नंबर 5 एवं 6 और बारीडीह बस्ती में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोगों ने डॉ अजय कुमार को बस्ती नागरिक सुविधा की कमी के संबंध में जानकारी दी। लोगों ने बताया कि विगत पांच वर्षों में सड़क और नाली सहित अन्य नगारिक सुविधा पर कोई काम नहीं हुआ। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सबसे विकट समस्या पेयजल की है। मोहरदा जलापूर्ति योजना से जो पानी की सप्लाई की जाती है वह पीने योग्य नहीं है। बस्ती वासियों में डा. अजय कुमार से इस संबंध संबंधित पदाधिकारियों से बात कर समस्या के समाधान कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि 25+5 वर्षों के बीजेपी एवं सरयू राय के कार्यकाल के दौरान लोगों को नरकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ा। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। यदि जनता ने समर्थन दिया तो विश्व स्तरीय नागरिक सुविधा के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के बेहतर उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## लातेहार विस से कुल 14 प्रत्याशियों ने किया नामांकन व मनिका विस से 12 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

# मुनेश्वर उरांव ने निर्दलिय प्रत्याशी के रूप में भरा नामांकन


नामांकन के बाद श्रवण पासवान।


नामांकन करते संतोष कुमार पासवान।


नामांकन करने जाते ललसु भुईंया।


नामांकन करते मुनेश्वर उरांव।


नामांकन करते रघुपाल सिंह।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र से 14 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा है। जबकि तीन नामांकन नहीं भर पाये। जिसमें चेतलाल रामदास व दुसरा नागमणि के नाम है।

**14 प्रत्याशियों के नाम जिन्होंने भरा नामांकन पत्र**

प्रकाश राम भाजपा, बैद्यनाथ राम झामुमों, ब्रह्मदेव राम, प्रकाश कुमार रवि, बहुजन समाज पार्टी, शिवनाथ रजक, संजय कुमार रवि, वीरेंद्र कुमार, राकेश पासवान, संतोष पासवान झारखंड लाकतांत्रित क्रांतिकारी मोर्चा, श्रवण पासवान, ललसु राम, उपेंद्र भुइया, रवि पासवान, धीरेंद्र कुमार के नाम शामिल है। वहीं मनिका विधान सभा से निर्दलिय प्रत्यशी के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, रघुपाल सिंह, प्रभुदास मिंज, पोलिकार्प मिंज खाखा, गोपाल परहिया, राकेश कुमार सिंह, कमेश सिंह समेत अंतिम दिन कुल सात उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मनिका विस के लिए अबतक कुल 12 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया है। कुल 14 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा था जिनमें बुद्धेश्वर उरांव ने मुनेश्वर उरांव के समर्थन में अपना नाम दाखिल नहीं किया। बैजनाथ सिंह भी अपना नामांकन करने नहीं पहुंचे। वहीं समय अवधि समाप्त होने के बाद पलामू से एक निर्दलिय प्रत्याशी आशिष सिंह नामांकन करने पहुंचे जिससे बिना नामांकन कराये ही वापस लौटना पड़ा।

## चुनाव जीतूंगा तो महागठबंधन के साथ मिलकर राज्य में हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाऊंगा: मुनेश्वर उरांव

कांग्रेस पार्टी के लातेहार जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में शुक्रवार को महुआडांड अनुमंडल कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान केंद्रीय जनसंघर्ष समिति के सचिव जिरोम जेराज कुजूर, पुर्व जिला परिषद सदस्य इग्नेशिया गिद्ध, पुर्व जिप सदस्य मनिना कुजूर, मुखिया बिजिनिया, पुर्व मुखिया आनंद तिग्गा समेत कई जनप्रतिनिधियों के साथ हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत में मुनेश्वर



उरांव ने कहा कि जनता और कार्यकताओं की मांग पर चुनाव लड़ रहा हूं। जिस उम्मीद से जनता और कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने 2019 में मनिका विधानसभा से विधायक बनाया वो उम्मीद पूरी नहीं हो सकी और न ही क्षेत्र का विकास हुआ। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद मैं महागठबंधन के साथ मिल कर हेमंत सोरेन को पुनः झारखंड राज्य का मुख्य मंत्री बनाऊंगा। मुनेश्वर उरांव के नामांकन रैली में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।


नामांकन करते राकेश पासवान।

## स्कूटी बेच कर नामांकन किये राकेश पासवान

झारखंड जनक्रांति मोर्चा ( ज) के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पार्टी द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार राकेश पासवान ने स्कूटी बेचकर की विधानसभा लातेहार से अपना नामांकन उन्होंने कहा कि शिक्षा हो चिकित्सा हो या खाने पीने का ग्रोसरी हो सरकार ने चारों तरफ से महंगे कर आम जनता का खून चूस लिया है। आज कमाई अठन्नी और खर्चा रुर्पया है परिवार में नौकरी नहीं लगने की वजह से एक काम रहा है और 10 का जैसे तैसे खाना खर्चा चल रहा है। झारखंड में सरकार का 5 साल हो गए चुनाव आयें और एक भी युवाओं को नौकरी प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने कहा की 1977 में मेरे पिता स्वर्गीय जोरावर राम एक जोड़ा बैल को बेचकर वह भी नामांकन विधानसभा पाटन छतरपुर में किया था और जनता के आशीर्वाद से चुनाव जीतकर कपूर्री ठाकुर मुख्यमंत्री काल में जेल एवं उत्पाद मंत्री बने थे। और पलामू से सांसद रहे। श्री पासवान ने शुक्रवार को सादे समारोह में ताम-झामसे अलग हटकर अपना नामांकन किया।

### स्पीड न्यूज

## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक का कटा पांव


सीएचसी में घायल युवक।

**बरवाडीह।** शुक्रवार की सुबह बरवाडीह रेलवे स्टेशन के समीप बंद पड़े रेल फाटक 16 सी के पास मालगाडी की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान बरवाडीह प्रखण्ड के लात पंचायत के राजेश राम (45 वर्ष) के रूप में हुई। घटना में राजेश राम का दाया पांव पूरी तरह से कट गया। घटना की सुचना के बाद स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने समुदायिक स्वास्थ केंद्र के एम्बुलेंस के माध्यम से घायल को समुदायिक स्वास्थ केंद्र भिजवाया। जहाँ डॉक्टर अनुपमा एक्का की देख रेख में घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए डालटनगंज पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## आंगनवाड़ी केंद्र से कई सामग्री व पिकअप वैन की चोरी


जानकारी देती महिला।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के टोटी बाजार टांड स्थित धानेश्वर उरांव के घर के बाहर खड़े पिकअप वैन को बिते रात अज्ञात चोरों ने किया चोरी। पीड़ित धानेश्वर उरांव ने जानकारी देते हुए बताया की कुछ दिन पूर्व धनबाद के बलभद्र तुरी से जेएच 10 पीजेड 0849 पीकअप वैन खरीदे थे। ट्रांसफर के लिए आवेदन किया हुआ था। प्रत्येक दिन की भांति बिते रात गुरुवार को वाहन को घर के बाहर खड़ा रखे थे। सुबह उठकर देखे तो वाहन गायब था। वाहन चोरी होने की सूचना बारियातू थाना को दे दी गई। इधर अमरवाडीह पंचायत के बानालात आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 0125 मे बिते रात केंद्र का तीन रूम का दरवाजा का ताला तोड़कर दो सिलेंडर गैस, रेगुलटर, 75 किलो चावल, 3 किलो दाल, टेबल व कुर्सी की आज्ञात चोरो ने चोरी कर ली। घटना के सम्बन्ध मे आँगनबड़ी सेविका नीलम देवी ने विभाग मे आवेदन दे दिया है। चोरी होने की सूचना पाकर पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर हर पहलुओं पर जाँच कर रही है।

## वाहन जांच के दौरान बस से यात्रा कर रहे दो युवकों के पास से 24 बोतल शराब बरामद

**चंदवा।** राज्य में विधानसभा चुनाव के निमित धनबल और अवैध शराब के इस्तेमाल पर रोकथाम को लेकर चुनाव आयोग के निर्देशन में चंदवा के मिशन स्कूल वन विभाग चेकनाका पर चलाये जा रहे सघन वाहन जांच के दौरान गुरुवार की देर रात्रि राजा साहब नामक यात्री बस जेएच-03-एन-1786 पर यात्रा कर रहे दो यात्रियों के पास से मजिस्ट्रेट रितेश कुमार व जिला स्तरीय जांच दल ने लगभग 24 बोतल शराब पकड़ा गया। बरामद शराब दो बैग में भरकर रेलिंग में रखा गया। शराब बरामदगी के बाद पूछताछ में भोला पाठक पिता गोविंद पाठक, अमन कुमार पिता मुन्ना कुमार (मोहम्मद गंज पलामू) ने इसकी जिम्मेवारी ली, लेकिन उनके पास से शराब संबंधी कागजात पाप्त नही हुआ। जिसके बाद पुलिस दोनो को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 159/24 में विभिन्न धराओं के तहत मामला दर्ज कर दोनो को जेल भेज दिया गया। विदित हो कि बीते मंगलवार की सुबह भी उक्त चेकपोस्ट पर ही अर्श नामक यात्री बस से लावारिश हालत में 14.99 लाख रुपये की बरामदगी हुई थी। एक सप्ताह के अंदर पैसे व शराब की बरामदगी के बाद प्रशासन के द्वारा अभियान को और सख्त कर दिया गया है।

## विद्यालय के सामने ही गंदगी का अंबार, कचरे के ढेर पर पनप रही है बीमारियां

# बच्चों को महज किताबों में पढ़ाया जाता है स्वच्छता का पाठ

➲ गंदगी एवं बदबू के कारण स्कूली बच्चों के साथ आम लोग भी है परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय (मिडिल स्कूल) के मुख्य गेट के सामने भारी मात्रा में कूड़ा कचरे का अंबार लगा है। जिले में शायद ही कोई स्कूल होगा जहां इस तरह से कचरा फेंका जाता होगा। आश्चर्य इस बात का है कि इस मार्ग से जिम्मेदारों का हमेशा आना जाना लगा रहता है। बावजूद किसी का ध्यान इस गंदगी पर नहीं जा रहा है। अभी बीते सप्ताह पूर्व ही स्वच्छता अभियान की सफलता को ले सरकारी महकमा व प्रशासनिक


स्कूल के पास लगा गंदगी का अंबार।

पदाधिकारी लोगों को स्वच्छ एवं जागरूक बनने की प्रेरणा देते दिखाई दे रहे थे। लेकिन इसकी जमीनी हकीकत इस अभियान के सफलता की कलई खोल कर रख दी है। विद्यालय के समीप कचरे के ढेर पर बीमारियां पनप रहीं हैं, जिसकी चपेट में विद्यालय के बच्चे कभी भी आ सकते हैं। बच्चे इसी गंदगी से हो कर प्रतिदिन स्कूल में पढ़ने जाते हैं। यहां से उठने वाली बदबू से बच्चे स्कूल में भी परेशान रहते हैं। मलेरिया व डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी का भी भय हमेशा बना रहता है। खास बात यह है कि प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नियमित रूप से प्रखंड मुख्यालय के साथ -साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों का निरीक्षण करते है। बावजूद इसके विद्यालय के पास इस तरह गंदगी पद होना उनके द्वारा किए जा रहे निरीक्षण कार्यों पर भी सवाल खड़ा करता है। उन्हें इस बात की कतई चिंता ही नहीं है कि विद्यालय के बच्चे गंदगी के माहौल में रह कर बीमार पड़ सकते हैं। इन कचरों के ढेर से निकलने वाली बदबू से विद्यालयों में जाने वाले बच्चों के साथ आम लोगों को भी काफी परेशानी हो रही है। लोग इसके आसपास खड़े होने से भी कतराते हैं। बच्चों को किताबों में स्वच्छता का पाठ भले ही पढ़ाया जा रहा हो लेकिन विद्यालयों के इर्द-गिर्द कचरे का ढ़ेर लगा हुआ है। ऐसे में बच्चों को जब विद्यालय के सामने ही गंदगी का अंबार दिखेगा तो वह कैसे अपने जीवन में स्वच्छता का माहौल पैदा करेगा।

## 30 मिनट का प्रेरणा दायक व्याख्यान समारोह का किया गया आयोजन



समारोह में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** डीएवी विद्यालय में 30 मिनट का प्रेरणा दायक व्याख्यान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राँची से आये रामकृष्ण मिशन आश्रम (रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं शोध संस्थान) के अतिथि राजीव चैतन्य महाराज के द्वारा विद्यार्थियों को जीवन एवं चरित्र निर्माण हेतु आवश्यक मूलभूत बातों को बताया गया। उन्होंने भारत देश में हुए कई महापुरुषों की जीवनशैली और उनके जीवन से सीख लेने वाली आदर्श बातों को बताया। स्वामी विवेकानंद, महर्षि दयानंद सरस्वती जैसे महापुरुषों के द्वारा कही गई आदर्श बातों को बताकर विद्यार्थियों के अंदर वेद और धार्मिक ग्रन्थोंसे प्राप्त होने वाली महत्वपूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन देने वाली बातों को बताया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## बीडीओ ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिए कई दिशा निर्देश


निरीक्षण करते बीडीओ।

**बालूमाथ।** लातेहार जिले में पहले चरण में होने वाले मतदान को लेकर जिले के बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों में शौचालय बिजली पानी की स्थिति को जाना। मौके पर बोलते हुए बीडीओ सोमा उरांव कहा कि मतदान केदो में सभी समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि यहां पर मतदान कर्मियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों एवं संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्र में साफ सफाई स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था शौचालय की व्यवस्था सुद्दढ़ करें। मौके पर बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सह विधानसभा चुनाव प्रभारी ने चंदवा में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर के समीप शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र यादव के अगुवाई में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सह झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी रामनरेश तिवारी का कार्यकताओं के द्वारा स्वागत किया गया। श्री तिवारी को जिला अध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता के द्वारा माला पहनाकर अभिनंदन किया। इसके उपरांत होटल आकाश में आयोजित मंडल भाजपा की बैठक में वे शामिल हुए।उन्होंने कार्यकर्ताओ को विधानसभा चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें साझा की। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वन करते हुए कहा की लातेहार विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी प्रकाश राम की जीत सुनिश्चित करने को लेकर


बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता।

कार्यकर्ता आज से हीं लग जाएं। आगे कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने सभी वर्ग को छलने का कार्य किया है। इस बार जनता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने वाली है। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं को एकजुट रहने का संदेश भी दिया। मौके पर महेंद्र प्रसाद साहू, देव मोहन सिंह, संजीव आजाद, रोहित अग्रवाल, दीपक निषाद, मनीष कुमार, रोहित शाहदेव, मनोज पाठक, विजय दुबे, सूर्य नारायण साहू, मंटू केसरी, शिवकेश्वर यादव, विजय कुमार, आशीष साहू समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वाहन के धक्के से चार मवेशी घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर शुक्रवार को एक कोयला लदे हाइवा वाहन की चपेट में आने से चार मवेशी(भैंस)गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ को करीब तीन घण्टे तक जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि तुबैद कोलियरी से कोयला गाड़ियों का परिचालन होने से उन्हें धूल-कण की समस्या से जूझना पड़ रहा है। साथ ही कई बार ग्रामीण सड़क दुर्घटना का शिकार हो जा रहे हैं। जाम के दौरान ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से दिन में भारी वाहनों का नो एंट्री लगाने के साथ-साथ मवेशियों के इलाज के लिए मुआवजा का मांग किया। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया। इस दौरान सुबह 6 बजे से 9 बजे तक लगभग तीन घंटे से जाम लगा रहा। जिससे सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई। बता दे की लातेहार के तुबैद कोलियरी से सैकड़ो कोयला वाहन प्रतिदिन बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर बिना सुरक्षा मानकों का पालन किए हुए तेज रफ्तार से चलते हैं। जिस कारण आम लोगों का कई तरह की कठनाई का सामना करना पड़ रहा है। कोयला लदे वाहनों को तिरपाल से भी नहीं ढका जाता है। जिस कारण कोयला का डस्ट सड़कों पर गिर जाता है। जिससे उड़ते धूलकण से लोग परेशान है। वही कई बार लोग हाइवा वाहन की चपेट में आकर दुर्घटना का शिकार भी हो चुके है।

## सामान्य प्रेक्षक कुमार प्रशांत ने विभिन्न कोषांगों में किए जा रहे कार्यों का लिया जायजा


जायजा लेते पदाधिकारी।

**लातेहार।** सामान्य प्रेक्षक कुमार प्रशांत के द्वारा विधानसभा चुनाव के निमित्त गठित कार्मिक कोषांग, निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग, ईडीसी कम पोस्टल कोषांग, एमसीएमसी कोषांग, वाहन कोषांग में भ्रमण कर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान कोषांग के कार्यों की जानकारी ली गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन करने की बात कही गई। इसके अलावे सामान्य प्रेक्षक द्वारा पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए ब्रजगृह एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर चुनाव के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन समेत संबधित कोषांग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## घर में घुंसकर कर 1 लाख 20 हजार नकद व 3 मोबाइल की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** शहर से सेट सरोज नगर मुहल्ले में अज्ञात चोरों के द्वारा एक घर मे घुंसकर कर 1 लाख 20 हजार रुपये नकद समेत 3 मोबाइल की कर ली गयी। घटना बुधवार मध्य रात्रि बाद की बताई जा रही है। मामले को लेकर भुक्तभोगी आनंद कुमार पिता प्रदीप चंद्रवंशी ने चंदवा थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि एक माह बाद उनकी शादी है, जिसकी तैयारियों के निमित घर मे एक लाख 20 हजार रुपये घर मे रखे हुए थे, बुधवार की रात पूरे परिवार के साथ घर मे सोए हुए थे, देर रात्रि आनंद कुमार के साथ साथ उनकी नानी व मौसी के सर में अचानक दर्द होने लगा, जिसके बाद उठाकर देखा तो घर मे रखा ब्रीफकेस जमीन पर खुला पड़ा था व पैसे गायब थे, संदेह है कि चोर छत होते सीढ़ी के सहारे घर मे प्रवेश किये होंगे व घर के सदस्यों को बेहोश करने को लेकर किसी नशीले पदार्थ को छिड़कर उक्त घटना को अंजाम दिया गया है। इधर घर से चोरी हुए 3 मोबाइल में से एक मे ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करने का एप भी लोड था, घटना के बाद भुक्तभोगी द्वारा जिसे बंद करा दिया गया।

बता दे भुक्तभोगी सरोज नगर हाई स्कूल के समीप मोबाइल दुकान चलाता है व नवम्बर माह में उसकी शादी भी होनी है। मामले में भुक्तभोगी ने पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# 32 लाख 42 हजार का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी। 64 किलो 8.10 ग्राम गांजा किया बरामद, दो तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी की बारियातू ब्लॉक मार्ग मिडिल स्कूल के पास सनोज प्रसाद व नरेश प्रसाद पिता स्व बैजनाथ साहू द्वारा गांजा की खरीद बिक्री की जाती है। घर में गांजा होने की भी सूचना है। त्वरित कार्रवाई करने पर उसके घर से भारी मात्रा में अवैध गांजा की बरामदगी हो सकती है। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक लातेहार के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी बालूमाथ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमे पुअनि देवेन्द्र कुमार थाना प्रभारी बारियातु, पुअनि रितेश तिग्गा, पुअनि निर्मल कुमार मंडल,


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसडीपीओ।

सअनि सुरेश कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल शामिल थे। छापामारी दल के द्वारा सनोज प्रसाद,नरेश प्रसाद दोनो पिता स्व० बैजनाथ साहु ग्राम ब्लॉक मार्ग मिडिल स्कुल के पास बारियातू थाना बारियातू जिला लातेहार के घर की विधिवत तलाशी करने पर सनोज प्रसाद, नरेश प्रसाद के घर के कमरों में पलंग, छज्जा, बक्सा में छुपाकर रखे गये आसमानी रंग के भारतीय जन उर्वरक परियोजना अंकित बोरा में भरा हुआ गांजा वजन 8.300 किग्रा, पिला रंग के भारतीय जन उर्वरक परियोजना अंकित बोरा में भरा हुआ। वजन 10.730 किग्रा, सफेद रंग के पायोनियर अंकित बोरा में भरा हुआ गांजा वजन 13.950 किग्रा, सफेद रंग के किसान यूरिया अंकित बोरा में भरा हुआ गांजा वजन 11.120 किग्रा सफेद रंग के एलएलडीपीई अंकित बोरा में भरा हुआ गांजा वजन 11.250 किग्रा, ब्लू एवं, पीला, रंग, सिग्नेचर का पान मसाला अंकित थैला जिसमें प्लास्टिक के 10 पैकेट में गांजा भरा हुआ थैला में रखे गांजा का कुल वजन 64.810 किग्रा कुल बरामद किया गया। इसके साथ गांजा एवं ड्रग्स को भरकर पिने के लिये प्रयोग में लाये जानेवाले बॉन्गचिए परफेक्ट रोल 09 कार्टुन प्रत्येक कार्टुन में 10 पैकेट (रिजला पेपर) 55=550 अदद, कुल 550.9=,950 अदद बरामद हुआ। जिसका बाजार मूल्य 32 लाख 42 हजार रुपया है। दोनों अभियुक्त को बारियातु थाना कांड संख्या-64/2024, दिनांक-25/10/2024, धारा 20 (बी) (II) सी /22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# सड़क दुर्घटना में विधायक का भतीजा सहित दो घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर नेपाल खोह के समीप शुक्रवार की संध्या हुई सड़क दुर्घटना में विधायक भानु प्रताप शाही का भतीजा हैप्पी प्रताप शाही एवं भवनाथपुर बस्ती निवासी अंकित राज सिंह पिता अजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। वे श्री बंशीधर नगर से विधायक भानु के नामांकन कार्यक्रम के बाद भवनाथपुर वापस लौट रहे थे। उक्त दोनों को तत्काल इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद अंकित राज सिंह को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। जहां से रांची रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर हैप्पी प्रताप शाही ने बताया कि मैं और अंकित विधायक भानु के नामांकन एवं जनसभा के बाद शुक्रवार की देर शाम बाइक से गोसाईबाग मैदान से भवनाथपुर वापस लौट रहे थे। तभी मुख्य पथ पर नेपाल खोह के समीप सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो मेरी बाईक की तरफ आने से लगा तो मेरी बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल के बाहर लोगो की हुजूम उमड़ पड़ी। विधायक भानु प्रताप शाही अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए गंभीर रूप से घायल अंकित राज सिंह को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर में भेजवाया।

## चंपारण सत्याग्रह के पुरोधा लोमराज बाबू की स्मृति में बनेगा पुस्तकालय : विधायक

**पूर्वी चंपारण।** चम्पारण सत्याग्रह के पुरोधा बाबू लोमराज सिंह की स्मृति को हम अमर करने का प्रयास करेंगे। निश्चित तौर पर उनके स्मृति में पुस्तकालय का निर्माण होगा।उक्त बाते स्वतंत्रता सेनानी बाबू लोमराज सिंह की 96 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कल्याणपुर विधायक मनोज कुमार यादव ने कही। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय का निर्माण लोमराज बाबू के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के इकलौता व्यक्ति थे लोमराज बाबू जिन्होंने गांधी जी को चम्पारण में बुलाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। भारतीय स्वाधीनता के लिए ताना-बाना बुनने में सहयोग किया था।

## पटाखा बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस निर्गत का आदेश

**अररिया।** फारबिसगंज में अनुमंडल प्रशासन की ओर से किए गए कार्रवाई में बड़े पैमाने पर रिहाईशी इलाके और घर से पटाखा की बरामदगी के बाद जिला पदाधिकारी अनिल कुमार ने आदेश निकालकर पटाखा की बिक्री के लिए अस्थायी अनुज्ञप्ति को आवश्यक करार दिया।अपने आदेश में डीएम ने अस्थायी अनुज्ञप्ति निर्गत करने के लिए सदर और फारबिसगंज अनुमंडल पदाधिकारी को अधिकृत किया है। 11 शर्तों के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी पटाखा बिक्री के लिए लाइसेंस जारी कर पाएंगे।

## राजगीर में विश्व शांति स्तूप की स्थापना के
# 55वें वार्षिक समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज नालंदा जिले के राजगीर में विश्व शांति स्तूप की स्थापना के 55वें वार्षिक समारोह में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब जानते हैं कि राजगीर में विश्व शांति स्तूप का निर्माण वर्ष 1969 में जापान के फियूजी गुरुजी ने कराया था तथा इसका उद्घाटन 25 अक्टूबर, 1969 को तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरी ने किया था। तब से हर वर्ष 25 अक्टूबर को यहां कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में विश्व शांति स्तूप के 50 साल पूरे हुये थे तब हमने तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को दिल्ली जाकर आमंत्रित किया और वे इस कार्यक्रम में आये थे, जो बहुत बड़ा कार्यक्रम हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध का राजगीर से काफी पुराना संबंध है। वे वेणुवन में रहा करते थे और फिर यहां से गया चले गये थे, जहां उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुयी और तब से उस स्थान को बोधगया के नाम से जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के बाद 'उत्तर प्रदेश के सारनाथ' चले गये जहा उन्होंने पहला उपदेश दिया। इसके बाद वे पुनः राजगीर आये और यहीं पास के गृद्धकूट पर्वत पर उपदेश देने लगे। इसके बाद वे वैशाली एवं अन्य जगहों पर गये। अंत में वे बहुत बीमार हो गये थे और उत्तर प्रदेश के कुशीनगर पहुंचे, जहां उनका महापरिनिर्वाण हो गया। उन्होंने कहा कि हमने राजगीर में भगवान बुद्ध से जुड़े सभी स्थलों का विकास कराया है। वेणुवन, जहां भगवान बुद्ध रहते थे, पहले वहां की स्थिति ठीक नहीं थी। इसके क्षेत्र को बढ़ाया गया है और इसका सौंदर्यीकरण कराया गया है। नीतीश कुमार ने कहा कि गृद्धकूट पर्वत पर आने-जाने के लिए रास्ता को ठीक कराया गया है। घोड़ाकटोरा में पानी के बीच में भगवान बुद्ध की 50 फीट ऊंची प्रतिमा लगायी गयी है। इसके अलावा पटना में बुद्ध स्मृति पार्क एवं बुद्ध स्तूप का निर्माण कराया गया है। वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय का निर्माण अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि राजगीर से हमारा पुराना रिश्ता है। हम बचपन से ही यहां आते रहे हैं। सरकार में आने के बाद वर्ष 2008 में हम राजगीर में 7 दिन रहे थे और सभी जगह गये थे। यहीं पर विश्व शांति स्तूप के बगल में कैबिनेट की बैठक करायी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर के पहाड़, जिन्हें पंच पहाड़ी कहते हैं, करोड़ों वर्ष पुराने हैं। पहले यहां पेड़-पौधे बहुत कम थे। हमने यहां पर पौधरोपण कराया है, अब पहाड़ों पर हरियाली काफी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यहां जू-सफारी, नेचर सफारी एवं ग्लास ब्रिज का निर्माण कराया गया है। राजगीर से 5 धर्मों का संबंध रहा है, जिनमें हिन्दू, मुस्लिम, बुद्ध, जैन एवं सिख शामिल हैं। हमने सभी धर्मों के स्थलों का विकास कराया है। यहां कुण्ड हैं, जिसमें से गर्म पानी निकलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बौद्ध धर्म से जुड़े स्थलों वेणुवन का विस्तारीकरण एवं सौंदर्गीकरण कराया गया है तथा गृद्धकूट पर्वत जाने का रास्ता ठीक कराया गया है।

**खबर एक नजर में**

## भाजपा में असंतोष, जिला मंत्री चन्दन जायसवाल ने दिया इस्तीफा



चंदन जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला भाजपा में असंतोष दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। जिला मंत्री चन्दन जायसवाल ने अपने पद एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में श्री जायसवाल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो को लिखित सूचना भेज दिया है। प्रदेश अध्यक्ष को भेजे गये त्याग पत्र में श्री जायसवाल ने कहा है कि पार्टी के पुराने एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा, अपमान एवं पार्टी में बढ़ रहे तानाशाही रवैया तथा पार्टी के ही नेता के इशारे पर सोशल मीडिया पर शरारती तत्वों द्वारा लगातार अपमान जनक, अभद्र, भ्रामक पोस्ट के माध्यम से प्रतिष्ठा का हनन किया जा रहा है। जिस कारण समाज में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही विचारधारा का बचाव करना मुश्किल हो जा रहा है। पार्टी द्वारा मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाती है उसे पूरे मनोयोग से सफलता पूर्वक निर्वहन करते आ रहा हूं। लेकिन आज परिस्थिति विपरीत हो गई है। पार्टी का कार्य करने में स्वयं को असहज महसूस कर रहा हूं। जिस से आज मैं भारीमन से भाजपा जिला मंत्री पद के साथ-साथ प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफ़ा दे रहा हूं।

## वर्ष का अंतिम लोक अदालत 24 दिसंबर को

**पूर्णिया।** 14 दिसंबर 2024 को इस वर्ष के चौथे एवं अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय पूर्णियों के साथ-साथ तीनों अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय बनमनखी, धमदाहा एवं बायसी में भी होना है। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्णियों द्वारा होने जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन हेतु प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्णिया अतुल कुमार सिंह के निर्देश पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्णियाँ श्रीमती पल्लवी आनन्द के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी शुरू कर दी गई है। शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 को 03:00 बजे अपराह्न बैंक ऋण एवं नीलाम वाद से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु जिला नीलाम पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक पूर्णिया एवं सभी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक व सक्षम बैंक अधिकारी, के साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्रीमती पल्लवी आनन्द की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गयी।

## चांदी की अवैध खरीद-बिक्री के आरोप में चार तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**कटिहार।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के चार व्यक्तियों को कटिहार में चाँदी की अवैध खरीद-बिक्री के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से 66.194 किलोग्राम चाँदी के आभूषण बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में सानू विश्वास पिता निरंजन विश्वास, गौतम विश्वास पिता गौर चंद्र विश्वास, विजय विश्वास पिता विनय विश्वास एवं अजीत घोष पिता सुरेश घोष शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ अवैध चाँदी की खरीद-बिक्री के आरोप में मामला दर्ज कर पुलिस ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## विकास के लिए पलायन रोकना सबसे जरूरी : डॉ एमएन

**गढ़वा।** एआईएमआईएम पार्टी प्रत्याशी डॉ एमएन खान ने नामांकन दाखिल करने से पूर्व गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में नामांकन जनसभा का आयोजन किया। सभा को संबोाित करते हुए डॉ खान ने गढ़वा जिले में विकास की दिशा में कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा अगर हमें गढ़वा का विकास करना है, तो सबसे पहले पलायन को रोकना होगा। इसके लिए यहां एक फैक्ट्री स्थापित करना बहुत जरूरी है, ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके। उन्होंने शिक्षा और बुनियादी ढांचे की कमी पर भी यान आकर्षित किया।

## एआईएमआईएम से डॉ एमएन खान ने किया नामांकन

**गढ़वा।** अल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पार्टी से ड एमएन खान ने गढ़वा-रंका विधानसभा से नामांकन दाखिल किया है। नामांकन के बाद डॉ खान ने जनता की समस्याओं के समाान का वादा करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र की उपेक्षित जनता की आवाज बनना है। उन्होंने अपने मुख्य मुद्दों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही।

# सैकड़ो लोग बसपा छोड़ भाजपा में शामिल



पार्टी में शामिल लोगों के मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** शनिवार को प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से करीब सैकड़ों लोगो ने बहुजन समाज पार्टी छोड़कर विाायक भानु प्रताप शाही के प्रति निष्ठा जताते हुए भाजपा का दामन थामा।

भाजपा में शामिल होने वाले लोगों को भवनाथपुर मंडल अयक्ष सोनाकिशोर यादव ने भाजपा मंडल कार्यालय में पार्टी का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। भाजपा में शामिल हुए लोगो ने कहा कि विाायक भानु प्रताप शाही के विकास कार्यों को देखते हुए हम सभी ने उनके पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। कहा भवनाथपुर विाानसभा का सर्वांगीण विकास विाायक भानु और भाजपा के द्वारा ही संभव है। भाजपा में शामिल होने वालों में अल्ताफ राजा, सलीम अंसारी, शमी आलम, अशफाक अहमद, लल्लू राम, दिलीप पासवान, सखी भुईयां, जयराम, गीता कुंवर, अनूप यादव, कामख्या यादव, तारा देवी, फुलपति देवी, मोती भुईयां, ड. बृजनाथ आर्य, फुलेश्वरी देवी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**अररिया।** जिले के जोगबनी स्थित जेनिथ पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दीपों के पर्व दीपावली को लेकर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमे स्कूल के चारों हाउस के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और मनमोहक रंगोली की प्रस्तुति से मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आर्यभट्ट हाउस की ओर से प्रस्तुत शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा को रंगोली के माध्यम से किए गए प्रस्तुति को काफी सराहा गया।

## मतदाता जागरूकता को लेकर एईआरओ ने प्रखंड सह अंचल कर्मियों को दिलाई शपथ

**मझिआंव।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने चुनाव कर्मी एवं प्रखंड सह आंचल कर्मियों को मतदाता जागरूकता के लिए शपथ दिलाई।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश

**गढ़वा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत 23 अक्टूबर से पीठासीन पदाधिकारियों एवं अन्य मतदान पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। संबंधित पदाधिकारियों के लिए निर्धारित प्रशिक्षण तिथि में प्रशिक्षण केंद्र पर उपस्थित नहीं होने के कारण वैसे पदाधिकारियों पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने आरपी एक्ट 1961 के सुसंगत ााराओं के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही वैसे पीठासीन पदाधिकारी अथवा मतदान पदाधिकारी, जिनका प्रशिक्षण तिथि निर्धारित किया गया है, उन्हें आवश्यक रूप से प्रशिक्षण केंद्र पर आकर प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है।

# धुरकी पुलिस ने किया चार वारंटियों को गिरफ्तार



गिरफ्तार वारंटी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** विधानसभा चुनाव को लेकर एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर धुरकी पुलिस एक्शन मोड में है। पुलिस लगातार अभियान चलाकर शराब तस्करों, वारंटियों एवं अन्य पर शिकंजा कस रही है। इसी कड़ी में गुरुवार की रात्रि धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में धुरकी पुलिस ने टीम गठित कर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अभियान चलाकर फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर एसपी के निर्देशानुसार अलग-अलग टीम का गठन कर वारंटी की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया। इस क्रम में कटहर कला निवासी सुभाष गुप्ता पिता राजेंद्र गुप्ता, अजय उरांव पिता रामप्यारी उरांव, भंडार निवासी सुरेंद्र कोरवा पिता शिवपूजन कोरवा तथा शिवपूजन कोरवा पिता बिरझु कोरवा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह सख्त है। गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे किसी भी वारंटी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। छापामारी आगे भी जारी रहेगी। छापामारी दल में धुरकी थाना के सब इंस्पेक्टर सुनील राम, बिकू रजक, एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव, संजय सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## नहर से बालू निकासी करने से मना करने पर बेरहमी के साथ पिटाई

**अररिया।** फारबिसगंज में सरकारी नहर से बालू की अवैध कटाई और ढुलाई करने से मना करने पर रामपुर उत्तर वार्ड संख्या छह के रहने वाले 28 वर्षीय मुन्ना अंसारी पिता-मो.रशीद की जमकर पिटाई की गई,जिसको लेकर पीड़ित मुन्ना अंसारी ने शुक्रवार को फारबिसगंज थानाध्यक्ष को आठ नामजद के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में पीड़ित मुन्ना अंसारी ने बताया कि 24 अक्टूबर के सुबह रामपुर उत्तर पंचायत के हो मो.तैय्यब अंसारी के पुत्र उमर अंसारी,यहाय अंसारी,मो. इंजार,अशफाक अंसारी,ताहिर अंसारी के पुत्र इल्ताफ अंसारी और सद्दाम अंसारी,अल्ताफ अंसारी पिता - ईशा अंसारी,ईशा अंसारी पिता- इशहाक नहर से बालू की कटाई और लगे पांच ट्रैक्टर पर बालू को लोड कर रहा था। मना करने पर सबों के द्वारा गाली गलौज के साथ मारपीट करने की तत्काल बात आवेदन में कही गई है।उसके बाद उसी दिन अंबेडकर स्कूल से एपीछे रामपुर शिव मंदिर वार्ड संख्या दस से होकर गुजरने पर नामजद आरोपियों द्वारा लाठी डंडा से बेरहमी के साथ पिटाई करने और जेब से दस हजार रुपए और साइकिल छीन लेने का आरोप लगाया गया है। मारपीट कर दाएं पैर और सर में गहरे जख्म होने का आरोप लगाते हुए नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कांग्रेस छोड़ ढ़ाई सौ लोगों ने थामा जेवीपी की दामन



पार्टी में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** विधानसभा का चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहा है वैसे-वैसे सक्रिय कार्यकर्ता एवं मतदाता भी अपने पार्टी एवं दल बदलने लगे हैं। शुक्रवार को सोनपुरवा पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह कांग्रेसी नेता आनंद कुमार दुबे के नेतृत्व में उनके आवास आछोडीह गांव में कांग्रेस पार्टी छोड़कर लगभग ढाई सौ महिला एवं पुरुषों ने झारखंड विकास पार्टी की दामन थाम ली। विश्रामपुर विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी जागृति दुबे एवं युवा समाजसेवी रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकास दुबे ने अपनी पार्टी में सभी लोगों को माला पहनाकर एवं पार्टी का पट्टा देकर स्वागत किया। विधायक प्रत्याशी जागृति दुबे ने बताया कि यहां की जनता का रुझान देखकर ऐसा लग रहा है कि यहां की जनता बदलाव चाहती है तथा हमारी जीत नहीं बल्कि जनता की जीत होगी।

बस एक बार जनता का आशीर्वाद मिल जाए इसके बाद कभी भी कोई शिकायत का मौका नहीं मिलेगा, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास करूंगी। पार्टी अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी विकास दुबे ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को लगभग 40 वर्षों से यहां की जनता को ठगने का काम किया गया है।

# झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए गढ़वा की टीम रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता




गढ़वा की टीम के खिलाड़ी

**गढ़वा।** झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए गढ़वा की टीम धनबाद के लिए रवाना हुई। गढ़वा की टीम कप्तान आकाश दीप ऋषि के नेतृत्व में शक्तिपुंज एक्सप्रेस से धनबाद के लिए रवाना हुई। ज्ञात हो कि प्रतियोगिता चार ग्रुपों में खेला जा रहा है। गढ़वा टीम को ग्रुप बी में रखा गया है। ग्रुप बी के सभी मैच धनबाद जिला में धनबाद के सिजुआ मैदान में खेले जाएंगे। ग्रुप बी में छह टीम गढ़वा, पलामू, रामगढ़, चतरा, धनबाद और गोड्डा शामिल है। गढ़वा का मैच 26 अक्टूबर को चतरा के साथ खेला जाएगा। गढ़वा टीम में आकाश दीप ऋषि (कप्तान), निरोज लकड़ा, सीबी सिंह, मनजीत तिर्की, आकाश कुमार, रमाकांत रजक, बबलू मुर्मू, सविंद्र लकड़ा, उमंग तिर्की, विजय सिंह, अंकित सिंह, आर्यन कुजूर, अमोस, दीप रंजन बाखला, महेंद्र सिंह, मोहन सिंह शामिल हैं। टीम का कोच अमित सिंह व टीम मैनेजर कंचन कुमार को बनाया गया है। गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ने बताया कि टीम काफी संतुलित है। सभी नए खिलाड़ी हैं और विगत एक सालों में इनका परफार्मेंस काफी अच्छा रहा है। बधाई देने वालों में फुटबॉल संघ के कार्यकारी सचिव अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ राम, संरक्षक राकेश पाल, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, विजय केशरी, मनीष केशरी, पंकज केशरी, ओमप्रकाश तिवारी, सुशील तिवारी, विकास पांडेय, गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह आदि का नाम शामिल है।

## कराटे चैंपियन का खिताब जीतने रांची रवाना हुई गढ़वा कस्तूरबा की 10 छात्राएं

**गढ़वा।** गढ़वा जिला गोजू रियू कराटे संघ के 10 बालिका खिलाड़ी रांची में आयोजित ईस्ट जोन कराटे चैंपियनशिप को अपने नाम करने रांची रवाना हुईं। मुख्य कराटे प्रशिक्षक संसाई संजय गुप्ता के नेतृत्व में ये खिलाड़ी निर्मला कलेज डोरंडा रांची में 26 और 27 अक्टूबर को आयोजित कराटेकार काता इवेंट और कुमिते इवेंट प्रतियोगिता के अलग-अलग भार एवं उम्र सीमा में भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में सभी चयनित खिलाड़ी अमृता कुमारी, प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी, रानी कुमारी, संस्कृति कुमारी, अंशु कुमारी, रिंकू कुमारी, ममता कुमारी, अंकिता कुमारी, ज्योति कुमारी सीएम एक्सीलेंट कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय गढ़वा की छात्रा हैं। खेल के क्षेत्र में छात्राओं को अव्वल बनाने के साथ उन्हें आत्म रक्षार्थ प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि मौका पड़ने पर उन्हें किसी अनजान पर सुरक्षा के लिए निर्भर न रहना पड़े।

## पेज एक का शेष

### जामा से झामुमो ...

लोकसभा चुनाव के दौरान नाराजगी के बाद सीता सोरेन ने झामुमो से इस्तीफा दे दिया और भाजपा में शामिल हो गयीं। वहीं विधान सभा चुनाव में दुमका सीट से टिकट लुइस का किट काट कर भाजपा ने सुनील सोरेन को टिकट दे दिया। इससे नाराज हो कर लुईस मरांडी ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया और झामुमो में शामिल हो गयीं।

**चंपई के खिलाफ झामुमो के महली लड़ेंगे :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को के लिए झामुमो ने अपनी चौथी सूची में सरायकेला सीट से झामुमो ने गणेश महली को भाजपा के चंपई सोरेन के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं खूंटी सीट से पूर्व घोषित उम्मीदवार स्नेहलता कंडुलना की जगह रामसूर्य मुंडा को पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी ने अपने 42 सीट पर उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये।

### हिमंता-सुदेश ने...

इस मौके पर हिमंता और सुदेश महतो ने राज्य में पांच वर्षों से चल रही इस भ्रष्ट सरकार को को उखाड़ फेकने का संकल्प दोहराया। सुदेश महतो ने कहा पांच सालों से राज्य में कुशासन और और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जनता इससे निजात पाना चाहती है। राज्य की जनता एनडीए के पक्ष में है और आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अंदर टिकट बेचने की परंपरा पुरानी है। इनका इतिहास भी यही रहा है। नामांकन से पूर्व सुदेश ने बापू वाटिका से समाहरणालय भवन तक पदयात्रा की। पदयात्रा में हिमंता विश्व सरमा समेत आजसू के हजारों कार्यकर्ता शामिल थे।

**चंपई, सुदेश, विरंची, योगेंद्र साहू समेत कई ने भरे पर्चे :** गोमिया से जामुमो के योगेंद्र प्रसाद महतो, बोकारो से बीजेपी प्रत्याशी बिरंची नारायण पलामू से राधाकृष्ण, लाल सूरज, शिवपूजन, एम तौसीफ, ब्रह्मदेव, ममता और चंचला। बरही से कांग्रेस के अरुण साहू। हुसैनाबाद से सपा के कमलेश कुमार यादव, बसपा के कुशवाहा शिवपूजन मेहता, पांकी से कांग्रेस प्रत्याशी लालसूरज, देवेन्द्र सिंह ने नामांकन किया। मनोहरपुर से एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी दिनेश चंद्र बोयपाई ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

### मधु कोड़ा नहीं ...

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 18 अक्टूबर को अपने आदेश में कहा कि मधु कोड़ा निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं थे, जिन्हें सार्वजनिक पद पर रहने के दौरान अयोग्य ठहराया गया था। श्री कोड़ा ने पहले भी दोषसिद्धि के निलंबन के लिए एक आवेदन दायर किया था, जिसे वर्ष 2020 में खारिज कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने श्री नवजोत सिंह सिद्धू मामले पर भी भरोसा किया था, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2007 में कहा था कि दोषसिद्धि पर रोक लगाने की शक्ति का प्रयोग असाधारण परिस्थितियों में किया जा सकता है।

# निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई स्थान नहीं

## प्रधानमंत्री ने विदेशी निवेशकों से कहा, देश की विकास गाथा से जुड़ने का यह सही समय

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में 18वें एशिया प्रशांत जर्मन व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई स्थान नहीं है। उन्होंने विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि भारत की विकास गाथा से जुड़ने का यह सही समय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, मांग और डेटा के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ा है। प्रतिभा, प्रौद्योगिकी, नवाचार और बुनियादी ढांचा भारत के विकास के उपकरण हैं। इन सभी को आगे बढ़ाने के लिए भारत के पास आकांक्षी भारत (एआई) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दोहरी शक्ति है।



जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज का स्वागत करते पीएम मोदी।

उन्होंने कहा कि भारत भविष्य की दुनिया की जरूरतों पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विविधीकरण और जोखिम-मुक्ति का सबसे बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। भारत वैश्विक व्यापार और विनिर्माण केंद्र बन रहा है। भारत सड़कों और बंदरगाहों में रिकॉर्ड निवेश कर रहा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनिया के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में विदेशी निवेशकों के लिए भारत की विकास गाथा में भाग लेने मेक इन इंडिया पहल और मेक फॉर द वर्ल्ड में शामिल होने का यह सही समय है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब

### जर्मनी ने कुशल भारतीयों का वीजा 90 हजार किया

भारत की गतिशीलता और जर्मनी की सटीकता मिलती है, जब जर्मनी की इंजीनियरिंग और भारत का नवाचार मिलता है और जब जर्मनी की तकनीक और भारत की प्रतिभा मिलती है तब इससे इंडो-पैसिफिक सहित दुनिया का बेहतर भविष्य सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि आप सभी व्यवसाय की दुनिया से जुड़े हैं और आपकी प्राथमिकता व्यवसाय होता है लेकिन भारत आना केवल व्यवसाय नहीं है। यदि आप भारत की संस्कृति, भोजन और खरीदारी के लिए समय नहीं देते हैं तो आप कई चीजों से चूक जाएंगे। जर्मनी में कुशल भारतीय कर्मचारियों के लिए वीजा की संख्या को 20 हजार से बढ़ाकर 90 हजार करने के निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की स्किल्ड मैनपावर पर जर्मनी ने जो भरोसा जताया है, वो अद्भुत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इससे जर्मनी के विकास को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य जर्मनी की कुशल श्रमिकों की मांग को पूरा करना और भारत के साथ आर्थिक सहयोग को मजबूत करना है। इसके परिणामस्वरूप, भारतीय पेशेवरों को जर्मनी में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध मजबूत होंगे। मोदी ने कहा कि उनके मित्र चांसलर स्कोल्ज चौथी बार भारत आए हैं। उन्होंने कहा कि 12 साल के बाद भारत में एशिया-प्रशांत जर्मन व्यापार सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। एक तरफ यहां सीईओ की फोरम की बैठक हो रही है, दूसरी तरफ हमारी नौसेना साथ में अभ्यास कर रही है। अब से थोड़ी ही देर में भारत और जर्मनी के बीच सातवें अंतर सरकारी परामर्श का भी आयोजन होना है। हर स्तर पर भारत-जर्मनी संबंध मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी का 25वां वर्ष है। अब आने वाले 25 वर्ष इस साझेदारी को नई बुलंदी देने वाले हैं।25 सालों में विकसित भारत का एक रोड मैप बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि इस महत्वपूर्ण समय में जर्मन कैबिनेट ने फोकस ऑन इंडिया' दस्तावेज जारी किया है।

### भारत-जर्मनी के बीच हुए कई समझौते

भारत और जर्मनी ने भारतीय प्रतिभाओं की अधिक भागीदारी के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और स्वच्छ ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर शुक्रवार को एक अहम सहमति कायम की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज के बीच अंतर सरकारी परामर्श (आईजीसी) की बैठक में यह सहमति कायम हुई।

मोदी ने कहा कि जलवायु के विषय में हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप हमने वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए प्लेटफॉर्म बनाया है और आज ग्रीन हाइड्रजन रोडमैप भी जारी किया है।

## स्पीड न्यूज

### पुणे में 138 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई।** पुणे जिले के सहकार नगर इलाके में पुणे-सातारा रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक टेंपो से 138 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। इस मामले की छानबीन आयकर विभाग की टीम और चुनाव आयोग की टीम कर रही है। पुणे की पुलिस उपायुक्त स्मार्तना पाटिल ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस शुक्रवार को सहकार नगर इलाके में नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध टेंपो दिखने पर उसे रोक गया और टेंपो की तलाश ली गई। टेंपो की तलाश के दौरान 138 करोड़ रुपये का सोना मिला। पुलिस ने सोना को जब्त कर लिया और इसकी सूचना तत्काल चुनाव आयोग और आयकर विभाग को दी गई है। मामले की गहन छानबीन की जा रही है।

### द साबरमती रिपोर्ट का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी की आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का टीजर रिलीज हो गया है।27 फरवरी 2002 की सुबह, गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास एक भयानक घटना घटी, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया और भारत के इतिहास को बदल दिया। साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक आग लग गई, जिससे 59 तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की जान चली गई, जो अयोध्या से लौट रहे थे। इसी घटना पर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट बनायी जा रही है।

### इमरान खान की दोनों बहनों को मिली जमानत

**इस्लामाबाद।** आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) इस्लामाबाद ने शुक्रवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान की दोनों बहनों अलीमा खान और उज्मा खान को जमानत प्रदान कर दी। दोनों को इस माह की शुरुआत में राजधानी इस्लामाबाद की डी चौक में धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। डी चौक में पीटीआई के प्रदर्शन के मद्देनजर धारा 144 लगाई गई थी। पीटीआई के डी चौक पर प्रदर्शन करने के फैसले पर अडिग रहने के मद्देनजर राजधानी की कई सड़कों को बंद कर दिया गया था।

### सुकमा में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर, कई घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के बुर्कलंका इलाके में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच जारी मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया जबकि कई अन्य घायल हैं। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि मौके से हथियार और शव बरामद कर लिया गया है। उन्होंने दावा किया कि इस मुठभेड़ में कई अन्य नक्सलियों को गोली लगी है।

### सीआरपीएफ जवान ने गोली मार की आत्महत्या

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में सीआरपीएफ के एक जवान ने खुद को सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना से बटालियन मुख्यालय में हड़कंप मच गया। यह मामला भैरमगढ़ थाना क्षेत्र का है।

### सुकमा में छह नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ की जा रही लगातार कार्रवाई का असर दिख रहा है। शुक्रवार को सुकमा जिले में एक नक्सली दंपति समेत 6 नक्सलियों ने पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें नक्सल दंपति पर 10 लाख, एक महिला, एक पुरुष नक्सली पर 5-5 लाख एवं दो पुरुष नक्सली पर 2-2 लाख का इनाम घोषित था।

## डेमचोक और डेप्सांग में भारत चीन के सैनिकों की वापसी शुरू

**एलएसी पर भारतीय सैनिकों ने चीनी जवानों के साथ चाय पर की चर्चा, जय श्री राम का उद्घोष कराया**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत और चीन के बीच हुए समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख सेक्टर के दो टकराव बिंदुओं डेमचोक और डेप्सांग में डिसएंगेजमेंट की शुरूआत हो गई है।

वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय सैनिकों ने चीनी जवानों के साथ खुशनुमा माहौल में चाय पर चर्चा की और फिर उनसे जय श्री राम का उद्घोष कराया। इसके बाद दोनों देशों के सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में अपने-अपने हथियारों की वापसी शुरू कर



दी है। भारतीय सेना और चीनी सेना 28-29 अक्टूबर तक डिसइंगेजमेंट पूरा करके अपने-अपने गश्ती बिंदुओं तक पेट्रोलिंग शुरू कर देंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जाने से पहले 21 अक्टूबर को घोषणा की गई थी कि भारत और चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर एक समझौता हुआ है, जिसे पांच साल से दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद के तौर पर देखा गया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने रूस में 23 अक्टूबर को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से द्विपक्षीय वार्ता की और पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त व्यवस्था पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का स्वागत किया।

## खालिस्तानी आतंकी पन्नू की संपत्ति जब्त

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खालिस्तानी आतंकी और देश में प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू की तीन संपत्तियां कुर्क की हैं। एनआईए के मुताबिक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ विभिन्न छह मामलों की जांच चल रही है। इस संबंध में एनआईए ने चंडीगढ़ में तीन संपत्तियां कुर्क की हैं। इसके अलावा अमृतसर एवं पठानकोट में कुछ भूमि कुर्क की गई है। चंडीगढ़ में कुर्क की गई तीन संपत्तियों में एक अपार्टमेंट भी है। इसके अलावा अमृतसर में 46 कनाल और पठानकोट में 11 एवं 13 कनाल भूमि भी जब्त की गई है। एनआईए ने इस साल 15 अक्टूबर तक कुल 66 मामले दर्ज किए हैं। मूल रूप से पंजाब से ताल्लुक रखने वाले गुरपतवंत सिंह के पास वर्तमान में अमेरिका की नागरिकता है। पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई करने के बाद पन्नू विदेश चला गया था।

## तूफान से बंगाल में एक की मौत

**कोलकाता/ भुवनेश्वर।** पश्चिम बंगाल में आए चक्रवाती तूफान दाना ने तबाही मचाई है, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। प्रशासन ने अब तक 2.16 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस संकट पर नियंत्रण के लिए रातभर राज्य सचिवालय में रहकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत सामग्री प्रभावितों तक पहुंचाई जाए।ओडिशा में भीषण चक्रवाती तूफान दाना के तटीय क्षेत्र में दस्तक देने के कारण आसपास के इलाकों में पेड़ उखड़ गए, जिसके बाद एनडीआरएफ और ओडीआरएएफ की टीमों ने शुक्रवार को गिरे हुए पेड़ों को हटाना और मलबे की सफाई शुरू की। ओडिशा के उच्च शिक्षा मंत्री और भद्रक जिले के प्रभारी सूर्यवंशी सूरज ने बताया कि गंभीर चक्रवाती तूफान दाना के कारण जिले में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। एनडीआरएफ

**2.16 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया**

**ओडिशा में कोई नुकसान नहीं**



और ओडीआरएएफ की टीमें भद्रक जिले के धामरा क्षेत्र में तेज हवा और भारी बारिश के बावजूद काम कर रही हैं। केंद्रपाड़ा जिले के राजनगर के तहसीलदार अजय मोहंती ने बताया कि गंभीर चक्रवाती तूफान दाना के कारण भीतरकनिका क्षेत्र में कुछ पेड़ों के उखड़ने और कुछ कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचने के अलावा कोई बड़ी क्षति होने की खबर नहीं है। हवा की रफ्तार काफी कम होकर 80 से 90 किमी प्रति घंटा रह गई है, लेकिन क्षेत्र में बारिश जारी है।

## गाजा पट्टी में इजरायल का हमला,150 की मौत

**गाजा।** फिलिस्तीन में गाजा पट्टी के उत्तर में जबालिया पर इजरायली हमले में कम से कम 150 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। गाजा में फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा ने एक बयान में कहा कि इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा में जबालिया शरणार्थी शिविर के अल-हवाजा क्षेत्र में ब्लॉक 7 पर बमबारी की, जिससे कम से कम 150 लोगों की मौत हो गई और इतनी ही संख्या में लोग घायल हुए हैं। बयान के अनुसार नागरिक सुरक्षा और चिकित्सा सेवाओं को हमले में मारे गये लोगों और घायलों को ले जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा में उनके अभियान को बाधित कर दिया है स्थानीय निवासियों ने स्थिति को बेहद गंभीर बताया है। अचानक हुई भारी इजरायली बमबारी के बाद मारे गए लोगों के शव अभी भी

## केंद्रीय पेंशनभोगियों को 80 साल के बाद मिलेगी अतिरिक्त पेंशन

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार के 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के पेंशन भोगियों को अब सरकार अतिरिक्त पेंशन का लाभ देगी। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की एक हालिया अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार के इन पेंशन भोगियों को अनुकंपा भत्ता नामक अतिरिक्त पेंशन मिलेगी। पेंशन मंत्रालय ने 80 वर्ष की आयु वाले केंद्र सरकार के सिविल सेवा से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन को लेकर नए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। दिशा-निर्देशों का उद्देश्य इन अतिरिक्त भत्तों को वितरित करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। सीसीएस (पेंशन) नियम 2021 के नियम 44 के उप नियम 6 के प्रावधानों के अनुसार, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी द्वारा 80 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी करने के बाद नियमों के तहत पेंशन और अनुकंपा भत्ता दिया जाएगा। इसके अनुसार, 80 से 85 वर्ष की आयु वाले वरिष्ठ नागरिक मूल पेंशन के 20 प्रतिशत के लिए पात्र हैं, जबकि 85 से 90 वर्ष की आयु वाले पेंशनभोगियों को 30 प्रतिशत मिलेगा। 90 से 95 वर्ष की आयु वाले बुजुर्ग मूल पेंशन के 40 प्रतिशत के लिए पात्र होंगे और 95 से 100 वर्ष की आयु वाले लोगों को 50 प्रतिशत मिलेगा। 100 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले सुपर सीनियर मूल पेंशन के 100 प्रतिशत के लिए पात्र होंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि उदाहरण के लिए, 20 अगस्त 1942 को जन्मे पेंशनभोगी 1 अगस्त 2022 से मूल पेंशन के बीस प्रतिशत की दर से अतिरिक्त पेंशन के लिए पात्र होंगे। 1 अगस्त 1942 को जन्मे पेंशनभोगी भी 1 अगस्त 2022 से मूल पेंशन के बीस प्रतिशत की दर से अतिरिक्त पेंशन के लिए पात्र होंगे।

## पांच वर्षों में मेडिकल की 75 हजार सीटें बढ़ेंगी : जेपी नड्डा

**10 सालों में एमबीबीएस और एमडी की सीटों में 100 फीसदी हुयी वृद्धि**

एजेंसी


**नयी दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज के 53वें स्थापना दिवस समारोह और दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में एमबीबीएस और एमडी की सीटों में 100 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इसके साथ आने वाले पांच सालों में सरकार एमबीबीएस की 75 हजार सीटें और बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि बुनियादी शिक्षा हर किसी का जन्मसिद्ध अधिकार है लेकिन व्यावसायिक शिक्षा एक विशेषाधिकार है जो समाज केवल कुछ ही लोगों को प्रदान करता है। सरकार प्रत्येक एमबीबीएस छात्र के लिए 30-35 लाख रुपये खर्च करती है। उन्होंने नए डॉक्टरों से आग्रह किया कि वे अपने पेशेवर करियर को आगे बढ़ाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाएं। नड्डा ने स्वास्थ्य पेशेवरों को देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और



चिकित्सा सेवाएं सभी के लिए सुनिश्चित करने को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि आपके प्रयास से 'विकसित भारत' के हमारे राष्ट्रीय दृष्टिकोण को आकार देने पर केंद्रित होने चाहिए। केंद्र सरकार ने 2017 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में बदलाव किया, जिसने स्वास्थ्य देखभाल को केवल उपचारात्मक दृष्टिकोण से पहले एक समग्र दृष्टिकोण में बदल दिया, जो निवारक, एकीकृत और साथ ही उपचारात्मक स्वास्थ्य देखभाल को पूरा करता है।

## मुद्रा योजना के तहत अब मिलेगा 20 लाख लोन

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत लोन की मौजूदा सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया है। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में मुद्रा लोन की सीमा को दोगुना करने का ऐलान किया था। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना में कहा कि पीएमएमवाई के तहत ऋण की मौजूदा सीमा को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दी गई है। जैसा कि वित्त मंत्री ने 23 जुलाई 2024 को केंद्रीय बजट में घोषणा की थी, उसी के अनुरूप यह बढ़ोतरी की गयी है। पीएमएमवाई में यह वृद्धि मुद्रा योजना के समग्र उद्देश्य को आगे बढ़ाने की आकांक्षा रखती है। यह वृद्धि विशेष रूप से उभरते उद्यमियों के लिए फायदेमंद है, जिससे उनके विकास और विस्तार में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने बताया कि ये कदम एक मजबूत उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।



## शेयर बाजार पांचवें दिन भी हुआ धराशायी

**सेंसेक्स 662अंक गोता लगाकर 79402 पहुंचा**

**निफ्टी 218 अंक लुढ़का 24,180 पर हुआ बंद**

एजेंसी

**मुंबई ।** विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर कंपनियों के कमजोर तिमाही परिणाम के साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली से उन्नीस समूहों के लुढ़कने से शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन धराशायी हो गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 662.87 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत का गोता लगाकर नौ सप्ताह बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,402.29 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 218.60 अंक यानी 0.9 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24,180.80 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.48 प्रतिशत कमजोर होकर 45,452.83 अंक और स्मॉलकैप 2.44 प्रतिशत लुढ़ककर



52,335.66 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4021 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3100 में बिकवाली जबकि 841 में लिवाली हुई वहीं 80 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

निफ्टी की 38 कंपनियां लाल जबकि 12 हरे निशान पर बंद हुईं। बीएसई में एफएमसीजी की 0.50 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 19 समूहों में गिरावट रही। इससे कमोडिटीज 1.99, सीडी 1.85, ऊर्जा 2.66, वित्तीय सेवाएं 1.25, हेल्थकेयर 0.14, इंडस्ट्रियल्स 2.23, आईटी 0.48, दूरसंचार 2.38, यूटिलिटीज 2.53, ऑटो 2.18, बैंकिंग 0.94, कैपिटल गुड्स 2.23, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.74, धातु 2.17, तेल एवं गैस 3.09, पावर 2.07, रियल्टी 1.14, टेक 0.61 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.69 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04, जर्मनी का डैक्स 0.25, हांगकांग का हैंगसेंग 0.49 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.59 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान के निक्केई में 0.60 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 122 अंक की तेजी के साथ 80,187.34 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,253.19 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से दोपहर बाद 79,137.98 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गए। अंत में पिछले दिवस के 80,065.16 अंक मुकाबले 0.83 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,402.29 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में इंडसइंड बैंक 18.56, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.93, एलटी 3.35, एनटीपीसी 3.13, अडानी पोर्ट्स 2.79, टाटा स्टील 2.15, मारुति 2.14, टाइटन 2.00, बजाज फाइनेंस 1.89, एसबीआई 1.77, टाटा मोटर्स 1.75, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.56, बजाज फिन सर्व 1.36, पावरग्रिड 1.10, टेक महिंद्रा 1.04, रिलायंस 0.91, इंफोसिस 0.60, भारती एयरटेल 0.52, एचडीएफसी बैंक 0.43, एशियन पेंट 0.33 और अल्ट्रासिमको 0.27 प्रतिशत शामिल रही।